वर्ष- 13 अंक - 44 लखनऊ,
सोमवार, 13 अक्टूबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





महिलाओं की भागीदारी से सशक्त होगा संगठन और देश बनेगा आत्मनिर्भर : धर्मपाल सिंह 03

भारी मात्रा में आतिशबाजी के साथ एक गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज 10


## कुलदीप यादव व रवींद्र जडेजा की घातक गेंदबाजी से वेस्टइंडीज 248 रनों पर ढेर

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** कुलदीप यादव (पांच विकेट) रवींद्र जडेजा (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर भारत ने रविवार को दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन वेस्टइंडीज को 248 रन के स्कोर पर ढेर कर दिया है। इसी के साथ भारत ने पहली पारी के आधार पर 270 रनों की बढ़त हासिल कर ली और वेस्टइंडीज को फॉलोऑन दे दिया हैं।

वेस्टइंडीज ने कल के चार विकेट पर 140 रनों से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में वेस्टइंडीज ने कप्तान शाई होप (36) का विकेट मात्र 16 रन जोड़कर गंवा दिया। उन्हें कुलदीप यादव ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद टेविन इमलाक (21) और जस्टिन ग्रीव्स (17) को भी कुलदीप ने अपना शिकार बनाया। जोमेल वारिकन (एक) को मोहम्मद सिराज ने बोल्ड आउट किया।

## भाजपा व जदयू 101-101, चिराग 29 और मांझी-कुशवाहा की पार्टी 6-6 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

**बिहार है तैयार, फिर से एनडीए सरकार : धर्मेन्द्र प्रधान**

एजेंसी



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में सीट बंटवारे पर सहमति बन गई है। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बिहार प्रभारी और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर रविवार को दी।

धर्मेंद्र प्रधान ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, हम एनडीए के साथियों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में सीटों का वितरण पूर्ण किया। भाजपा-101, जदयू 101, लोजपा (आर)-29, आरएलएम-06 और हम -06 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने आगे लिखा, एनडीए के सभी दलों के कार्यकर्ता और नेता इसका हर्षपूर्वक स्वागत करते हैं। बिहार है तैयार, फिर से एनडीए सरकार। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार झा ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए कहा, भाजपा और जदयू 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।

हम एनडीए के साथियों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में सीटों का वितरण पूर्ण किया है। एनडीए के सभी दलों के नेता और कार्यकर्ता साथी इसका हर्ष के साथ स्वागत करते हैं और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को प्रचंड बहुमत के साथ फिर से मुख्यमंत्री बनाने के लिए संकल्पित एवं एकजुट हैं। उन्होंने लिखा, बिहार है तैयार, फिर से एनडीए सरकार। भाजपा और जदयू इस बार बराबर-बराबर यानी 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे, जबकि इसके पहले के सभी विधानसभा चुनावों में नीतीश कुमार की पार्टी को भाजपा से अधिक सीटें मिलती थी। केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी को मनमुताबिक सीटें नहीं मिली है। वह 15-20 सीट चाहते थे, लेकिन मात्र 6 सीटें मिलीं।

### राज्यसभा चुनाव के लिए भाजपा ने जारी की उम्मीदवारों की लिस्ट

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर से राज्यसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। रविवार को जारी सूची में तीन उम्मीदवारों के नाम हैं जिनमें गुलाम मोहम्मद मीर, राकेश महाजन और शत शर्मा शामिल हैं। शत शर्मा वर्तमान में जम्मू-कश्मीर में भाजपा की राज्य इकाई के प्रमुख हैं। वे तीसरी अधिसूचना के तहत राज्यसभा चुनाव लड़ेंगे, जहाँ भाजपा को नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के सत्तारूढ़ गठबंधन पर संख्यात्मक रूप से बढ़त हासिल है। जिस सीट से शर्मा चुनाव लड़ेंगे, उस पर भाजपा के पास 28 वोट हैं, जबकि नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन के पास 24 वोट हैं। 24 अक्टूबर को इन सीटों पर चुनाव होने हैं ।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| | | |
|---|---|---|
| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
| 24 कैरेट | = | 1,24,410/ |
| 22 कैरेट | = | 1,14 050/ |
| 18 कैरेट | = | 93,340/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,77,000/ |



# पीलीभीत से गाजीपुर तक प्रवाहित गोमती जीवनधारा की प्रतीक : योगी

**सीएम योगी ने की गोमती नदी पुनर्जीवन मिशन की घोषणा**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने 'स्वच्छ, अविरल और निर्मल गोमती' के संकल्प को साकार करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल करते हुए 'गोमती नदी पुनर्जीवन मिशन' की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीलीभीत से गाजीपुर तक प्रवाहित गोमती केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक विरासत और जीवनधारा की प्रतीक है। गोमती का पुनर्जीवन केवल जल शुद्धिकरण का नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और पर्यावरण के पुनर्संवर्धन का व्यापक अभियान है। यह मिशन पर्यावरणीय उत्तरदायित्व और भावी पीढ़ियों के प्रति हमारी साझा प्रतिज्ञा का प्रतीक बनेगा।

मुख्यमंत्री रविवार को अपने सरकारी आवास पर गोमती तट की स्वच्छता के सम्बन्ध में टेरिटोरियल आर्मी के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक कर रहे थे।



### गोमती की स्वच्छता यूपी की नैतिक जिम्मेदारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोमती का जल जीवन का आधार है, और इसे स्वच्छ, अविरल तथा निर्मल बनाए रखना उत्तर प्रदेश की नैतिक और सांस्कृतिक जिम्मेदारी है। टास्क फोर्स की मासिक बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएं। त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी जाए और प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता व जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोमती पुनर्जीवन मिशन के लिए आवश्यक संसाधनों जैसे ट्रैक बोट, फ्लोटिंग बैरियर, एक्सकेवेटर और अन्य उपकरण की उपलब्धता में सरकार किसी प्रकार की कमी नहीं होने देगी। यह मिशन केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता की सहभागिता से संचालित एक संकल्प यात्रा बनेगा।

बैठक में मुख्यमंत्री ने मिशन की विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह केवल एक प्रशासनिक परियोजना नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता से चलने वाली एक जन-आंदोलनात्मक पहल होगी। गोमती में एक बूंद सीवरेज न गिरे, इसके लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक रणनीति तैयार की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर सख्ती से प्रतिबन्ध लागू किया जाएगा, क्योंकि सीवर सिस्टम को चोक करने और प्रदूषण बढ़ाने में इसकी बड़ी भूमिका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के अन्तर्गत इसी वर्ष जनवरी में गठित गोमती टास्क फोर्स में राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के परियोजना निदेशक, सिंचाई विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जल निगम, लखनऊ नगर निगम, लखनऊ विकास प्राधिकरण तथा अन्य संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ विशेषज्ञों को भी सम्मिलित किया गया है। इनमें बीबीएयू लखनऊ के प्रो. (डॉ0) वेंकटेश दत्ता और अतुल्य गंगा ट्रस्ट के सह-संस्थापक ले0 कर्नल देवेन्द्र चौधरी (सेवानिवृत्त) प्रमुख रूप से सम्मिलित हैं। यह टास्क फोर्स शासन और समाज के बीच एक सशक्त सेतु के रूप में कार्य कर रही है।

### अवैध बस्तियों में घुसपैठियों की पहचान कर करें कार्रवाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि नदी किनारे बसीं अवैध बस्तियों में घुसपैठियों की पहचान कर विधिसम्मत कार्यवाही की जाए, ताकि गोमती के तटों पर स्वच्छता और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। मिशन का दायरा पीलीभीत से गाजीपुर तक गोमती नदी के सम्पूर्ण प्रवाह क्षेत्र को कवर करेगा, जिससे गोमती अपने पूरे विस्तार में स्वच्छ, अविरल और निर्मल रूप पुनः प्राप्त कर सके। मुख्यमंत्री ने मिशन के अन्तर्गत नगरीय सीवेज का 95 प्रतिशत से अधिक अवरोधन, नदी प्रदूषण को न्यूनतम स्तर तक लाना और नदी तटीय पारिस्थितिकी के पुनरुद्धार का लक्ष्य निर्धारित किया।

### इकाना वेटलैंड व साजन झील जैसे नए वेटलैंड होंगे विकसित

बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि गोमती में गिरने वाले 39 प्रमुख नालों में से 13 अब भी बिना उपचारित हैं। वर्तमान में 06 एसटीपी 605 एमएलडी की कुल क्षमता के साथ संचालित हैं। इन्हें पूर्ण रूप से प्रभावी बनाने हेतु नालों को एसटीपी तक मोड़ने, नए संयंत्र स्थापित करने और पुराने संयंत्रों के उन्नयन की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मिशन केवल प्रदूषण नियंत्रण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि नदी के जैविक, सांस्कृतिक और सौंदर्यात्मक पुनर्जीवन का माध्यम बनेगा। कार्ययोजना के अन्तर्गत लखनऊ में इकाना वेटलैंड और साजन झील जैसे नए वेटलैंड विकसित किए जाएंगे। नदी किनारे के अवैध अतिक्रमणों को हटाने, घाटों के सौंदर्यीकरण, और तटीय हरियाली बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे।

## 59 केंद्रों पर हुई पीसीएस-प्री की परीक्षा, एआई से की गई निगरानी



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 59 केंद्रों पर पीसीएस-प्री का पेपर हुआ। इन सेंटर्स पर 27456 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। सभी सेंटर्स पर बड़ी चेकिंग के बाद ही अंदर जाने दिया गया। एआई से भी परीक्षा पर नजर रखी गई। नेशनल पीजी कॉलेज में पुलिस अधिकारी भी ड्यूटी पर रहे।

पहली शिफ्ट में आशियाना के महाराजा बिजली पासी पीजी कॉलेज के गेट 8.45 बजे गेट बंद कर दिए गए। इसके बाद पहुंचे अभ्यर्थियों को अंदर नहीं जाने दिया गया। सी-एसएटी का ये स्क्रीनिंग पेपर है। 2 घंटे में 100 सवाल करने थे। 1/3 की नेगेटिव मार्किंग थी। क्वालीफाई करने के लिए 33 सवाल सही होने चाहिए। मेरिट में इसके नंबर नहीं जुड़ेंगे। पेपर 9.30 बजे से शुरू होगा। लखनऊ के सेंटर पर तय समय 8.45 बजे गेट बंद कर दिए गए। इसके बाद पहुंचे किसी भी अभ्यर्थी को अंदर नहीं जाने दिया गया। प्रयागराज से एक अभ्यर्थी आशियाना स्थित महाराजा बिजली पासी पीजी कॉलेज के गेट पर 8.50 बजे पहुंचा। उसे गेट से लौटा दिया गया। उन्नाव से बड़ी बहन को पेपर दिलाने लाए अर्पित पांडेय ने बताया कि सही तरीके से चेकिंग हुई है। परेशान करने वाली चेकिंग नहीं हुई। परीक्षा केंद्र में कोई असुविधा नहीं है। पहली पाली की परीक्षा के बाद दूसरी पाली की परीक्षा ढाई बजे से शुरू होगी। उन्नाव से आए मोहम्मद अतीक ने बताया कि बहन को पीसीएस का एग्जाम दिलाने लाए हैं। पहले भी ये एग्जाम दिया था। इस बार ऑनलाइन लाइन क्लास और टेस्ट सीरीज के साथ तैयारी की है। उम्मीद है कि बेहतर रिजल्ट रहेगा। परीक्षा केंद्र पर कोई समस्या नहीं हुई।

### संक्षिप्त समाचार

**काठमांडू जेल से फरार पाक महिला त्रिपुरा से गिरफ्तार**

**अगरतला।** नेपाल में अशांति के दौरान काठमांडू जेल से भागी पाकिस्तानी महिला को दक्षिण त्रिपुरा के सबरूम रेलवे स्टेशन पर गिरफ्तार किया गया। जेल से भागी पाकिस्तानी महिला ने अपना नाम 50 वर्षीय साहिना परवीन बताया, लेकिन उसका असली नाम लुई निघत अख्तर बानो है। उसे मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में दोषी ठहराया गया था। राज्य पुलिस मुख्यालय के एक शीर्ष आधिकारिक सूत्र के अनुसार, महिला शनिवार रात कंचनजंगा एक्सप्रेस से सबरूम रेलवे स्टेशन पहुंची। जीआरपी कर्मियों को उसके व्यवहार पर शक हुआ। उन्होंने उससे पूछताछ की। जब उसकी बातचीत में विरोधाभास पाया गया, तो जीआरपी जवानों ने उसे हिरासत में ले लिया और पुलिस स्टेशन ले गए।

**तीन उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार व गोला-बारूद बरामद**

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस एवं सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए अलग-अलग अभियानों में विभिन्न उग्रवादी संगठनों के तीन कैडरों को पिछले 24 घंटों के दौरान गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से एवं अन्य एक अभियान में भारी मात्रा में हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किया गया है। मणिपुर पुलिस मुख्यालय द्वारा आज जारी एक बयान में बताया गया है कि सुरक्षा बलों ने थौबल जिले के याइरीपोक थानांतर्गत याइरीपोक बाजार से केसीपी के एक सक्रिय कैडर को गिरफ्तार किया है।

**मेघालय के उम्सनिंग बाजार में आईईडी बरामद, निष्क्रिय**

**शिलांग।** मेघालय में री-भोई जिले के उम्सनिंग बाजार में एक आईईडी बरामद किया गया और उसे सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एसपी विवेकानंद सिंह ने बताया कि शनिवार शाम को बाजार में मेघालय ग्रामीण बैंक के सामने स्थित एक परिसर में संदिग्ध रूप से विस्फोटकों से भरा एक लावारिस बैग मिला।

### मजिस्ट्रेट लिखी गाड़ी की टक्कर से एक की मौत दो गंभीर रूप से घायल

**पुवायां, शाहजहांपुर।** रिश्तेदारी से अंतिम संस्कार कराकर वापस घर लौट रहे थे, भांजे की सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि मामा गोकुल व अजीत की हालत गम्भीर होने के कारण उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रविवार को गांव जड़ौली निवासी 56 वर्षीय दलजीत पुत्र सुमेर अपने मामा गांव इमलिया निवासी गोकुल व अपने नाती अजीत के साथ बाइक से रुआ थाना बंडा में अंतिम संस्कार कराने बाइक से गये थे। मोहन बुक डिपो के सामने पुवायां-शाहजहांपुर रोड पर तेज रफ्तार से आ रही मजिस्ट्रेट लिखी गाड़ी ने बाइक में टक्कर मार दी।

## राजद के दो विधायक विभा व प्रकाशवीर ने बिहार विधानसभा से दिया इस्तीफा

एजेंसी



**नवादा।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) को एक बड़ा राजनीतिक झटका लगा है और पार्टी के दो विधायकों, नवादा सीट से विभा देवी और रजौली विधानसभा क्षेत्र से प्रकाशवीर ने विधानसभा में अपनी सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इन दोनों नेताओं ने बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव के समक्ष अपना इस्तीफा सौंप दिया।

विधायक विभा देवी नवादा विधानसभा क्षेत्र से पूर्व मंत्री और प्रभावशाली राजद नेता राजबल्लभ यादव की पत्नी हैं। रजौली से विधायक प्रकाशवीर भी नंद किशोर यादव के नजदीकी माने जाते हैं और लंबे समय से उनके राजनीतिक संपर्क में रहे हैं। विधायक विभा देवी ने अपने त्यागपत्र में कहा कि वह अपनी इच्छा से विधायक पद से इस्तीफा दे रही हैं और उन्होंने अध्यक्ष से अपना इस्तीफा स्वीकार करने का अनुरोध किया। इसी तरह प्रकाशवीर ने भी अपने पत्र में उल्लेख किया कि वह भी बिहार विधानसभा की सदस्यता छोड़ रहे हैं।

### ओडिशा की मेडिकल छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म में तीन गिरफ्तार, एक हिरासत में

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में ओडिशा की मेडिकल छात्रा से हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। एक अन्य संदिग्ध को हिरासत में लिया है। पुलिस ने सबूत जुटाने के लिए आरोपियों के मोबाइल फोन जब्त किए हैं। पीड़िता अस्पताल में इलाजरत है और उसकी हालत अब स्थिर है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार तीनों आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। मोबाइल फोन की कॉल डिटेल्स और टावर लोकेशन के आधार पर आरोपितों तक पहुंचा गया। पुलिस ने घटना स्थल - परनागंज कालीबाड़ी श्मशान घाट के पास स्थित जंगल - को घेरकर तलाशी अभियान चलाया।

## जि. न्यायालय कर्मचारी भी नेशनल इंक्रीमेंट के हकदार

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक आदेश में कहा कि राज्य सरकार के कर्मचारियों की तरह जनपद न्यायालय के कर्मचारी भी एक वेतन वृद्धि को पाने के हकदार हैं। यह आदेश न्यायमूर्ति विकास बुधवार ने विनोद कुमार सक्सेना व सुधीर कुमार अग्रवाल की याचिका पर दिया है।

इसी के साथ कोर्ट ने याचियों के सम्बंध में जनपद न्यायालय मुजफ्फरनगर की शिकायत निवारण समिति का आदेश निरस्त करते हुए यूनियन ऑफ इंडिया व अन्य बनाम पी अयप्पापेरूमल के मामले में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और प्रदेश सरकार के 12 जून 2024 के शासनादेश के अनुसार याचियों के मामले में दो महीने के अंदर निर्णय लेने का निर्देश दिया है। अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि विनोद कुमार सक्सेना जनपद न्यायालय मुजफ्फरनगर में स्टेनो और सुधीर कुमार अग्रवाल सदर मुंसरिम के पद से 30 जून 2019 को सेवानिवृत्त हुए थे। उन्होंने जिला जज मुजफ्फरनगर को प्रार्थना पत्र देकर एक जुलाई 2018 से 30 जून 2019 के बीच एक वेतन वृद्धि सहित पेंशनरी बेनिफिट्स की मांग की। उनके प्रार्थना पत्रों को चार सदस्यीय शिकायत निवारण समिति के पास भेजा गया, समिति ने वरिष्ठ कोषाधिकारी मुजफ्फरनगर से इस सम्बंध में आख्या मांगी तो आख्या में कहा गया कि ऐसा कोई शासनादेश नहीं है कि 30 जून को सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी को एक वेतन वृद्धि दी जाए। इस पर शिकायत निवारण समिति ने पांच अगस्त 2019 को याचियों के प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिए।

## संवैधानिक सुरक्षा उपायों ने सम्मान और समान अवसर किए सुनिश्चित : सीजेआई

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि न्याय का सच्चा अर्थ, सबसे कमजोर व्यक्ति की रक्षा में है। कानून का शासन निष्पक्षता, गरिमा और समानता के साधन के रूप में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनका जीवन समानता की परिवर्तनकारी ताकत को दिखाता है।

हाशिए पर पड़े समुदाय में जन्म लेने के बाद कैसे संवैधानिक सुरक्षा उपायों ने न केवल सुरक्षा बल्कि सम्मान, अवसर और मान्यता सुनिश्चित किए। हनोई में शनिवार को आयोजित ला एशिया सम्मेलन में विविधता और समावेशन को बढ़ावा देने में वकीलों और अदालतों की भूमिका विषयक सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने न्यायिक व्यवस्था में विविधता और समावेश को बढ़ावा देने के लिए कड़े प्रयास का आह्वान किया। बार एंड बेंच में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि मेरे लिए, एक निम्न-जाति के परिवार में जन्मे होने का मतलब था कि मैं अछूत पैदा नहीं हुआ था। संविधान ने मेरी गरिमा को किसी भी दूसरे नागरिक के समान मानते हुए न केवल सुरक्षा बल्कि सम्मान, अवसर और मान्यता भी सुनिश्चित की है।

संबोधन

### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा में विभिन्न कार्यक्रमों में हुए सम्मिलित

# खेती को लाभ में बदलने के लिए उन्नत तकनीकी जरूरी

एजेंसी

**भोपाल।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि खेती का पैटर्न बदलकर कैसे लाभ में परिवर्तित करें, इसके लिए अच्छे खाद, बीज के साथ-साथ उन्नत तकनीकी जरूरी है। उन्होंने किसानों से आव्हान किया कि मिट्टी परीक्षण जरूर कराएं, ताकि अनावश्यक खाद से खेती जमीन को बचाया जा सकें।

केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान रविवार को विदिशा जिले के ग्राम बामनखेडा में आयोजित धान कृषकों से आयोजित संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आईआईआर दिल्ली से पहली बार बासमती धान की किस्म पीबी 1885 व 1886 को प्रायोगिक तौर पर लगाई गई है। पहले मैं स्वयं प्रयोग करुंगा, इसके पश्चात किसानों को अभिप्रेरित करूंगा। उन्होंने बताया कि इस किस्म में दवा डालने की जरूरत नहीं पड़ती है। भारतीय कृषि अनुसंधान के द्वारा प्रमाणित बासमती के इस बीज का उत्पादन अन्य बीजो की तुलना में अधिक उत्पादन देता है और पानी भी कम लगता है। उन्होंने कहा कि एकीकृत कृषि यूनिट का मकसद है कि हम खेती के साथ-साथ अन्य उत्पाद जैसे फल सब्जी और गौपालन से खेती को मुनाफे में परिवर्तित करें।

ग्राम वामनखेडा में धान फसल पर आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम को कृषि वैज्ञानिकों, कृषि विभाग के अधिकारियों तथा प्रगतिशील कृषक प्रीतम सिंह, कुलविन्दर सिंह तथा श्योपुर जिले के कृषक गुरूप्रताप सिंह, गुरविन्दर सिंह, त्रिलोक सिंह, जसपाल सिंह ने कृषि क्षेत्र में नवाचारों के माध्यम से कम लागत पर अधिक उत्पादन पर गहन प्रकाश डाला और किसानों की जिज्ञासाओं का भी समाधान मौके पर किया गया।

केन्द्रीय मंत्री चौहान रविवार को विदिशा जिले के प्रवास के दौरान विविध कार्यक्रमों में शामिल हुए। सबसे पहले विठ्ठल नगर में स्थित अपना घर आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद उन्होंने नवीन व्यापार आध्या इंटरप्राइजेस के उद्घाटन कार्यक्रम में शिरकत की। चौहान ने विदिशा जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान भी किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों की गाथा त्याग, तपस्या और बलिदान की कहानी है।

### विकसित कृषि संकल्प के तहत किए नवाचार रेखांकित

केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों के छोटे-छोटे ग्रुपों में इस प्रकार के आयोजन कर उन्हें सुगमता से जानकारी देना और प्रश्नोत्तरी संवाद के माध्यम से उनकी कृषि संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान करना है। कार्यक्रम को हरियाणा पानीपत के कृषक प्रीतम सिंह ने विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किए गए नवाचारो को रेखांकित किया। उन्होंने कृषि की भाषा सीखने के लिए सदोउदाहरण प्रस्तुत किए। ग्राम बामनखेडा के प्रगतिशील कृषक बृजेश दुबे ने बासमती धान की नई किस्म पीबी 1885 एवं 1886 अपने खेतों में लगाई गई है, केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान ने उन खेतों में पहुंचकर धान का जायजा लिया। इस दौरान मौजूद प्रगतिशील कृषक प्रीतम सिंह ने धान वैरायटी के अंतरों पर भी गहन प्रकाश डाला।



## खबरें एक नजर में

### नमाज़ी पर विस्फोटक हमला, बाल-बाल बचे बुजुर्ग, इलाके में फैली दहशत



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** शहर के मोहल्ला हफीज़पुर में रविवार सुबह नमाज अदा कर लौट रहे एक बुजुर्ग पर अज्ञात युवकों ने विस्फोटक जैसी वस्तु फेंककर सनसनी फैला दी। धमाका इतना तेज़ था कि आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। गनीमत रही कि बुजुर्ग रहीफुल खां इस हमले में बाल-बाल बच गए। मोहल्ला हफीज़पुर निवासी रहीफुल खां रोज की तरह सुबह करीब छह बजे नमाज पढ़कर घर लौट रहे थे। जैसे ही वे अपने दरवाजे पर पहुंचे, तभी स्कूटी सवार तीन अज्ञात युवकों ने उन पर विस्फोटक जैसी वस्तु फेंक दी। वस्तु नाली की दीवार से टकराते ही जोरदार धमाका हुआ, जिससे चिंगारी और कीचड़ दीवारों पर फैल गया। धमाके की आवाज सुनते ही आसपास के लोग दहशत में घरों से बाहर निकल आए। मौके पर हड़कंप मच गया। सूचना पाकर 112 पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। रहीफुल खां ने बताया कि हमलावर काले रंग की स्कूटी पर सवार थे और लाल कंबल ओढ़े हुए थे। उन्होंने किसी व्यक्तिगत रंजिश से इनकार किया है। कोतवाली पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके।

### पलिया पुलिस की एक और बड़ी कार्रवाई, अवैध पटाखों के बड़े जखीरे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार




**पलिया कलां खीरी।** त्यौहारों से पहले पलिया पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए अवैध पटाखों का बड़ा जखीरा पकड़ा और एक अभियुक्त को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई से संभावित बड़ी घटना होने से टल गई। पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के निर्देश पर चल रहे अभियान के तहत थाना पलिया की पुलिस टीम ने 11 अक्तूबर 2025 को सफीक पुत्र छोटकऊ निवासी मोहल्ला माहीगिरान कस्बा पलिया (उम्र 52 वर्ष) को भारी मात्रा में अवैध पटाखों के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त के खिलाफ थाना पलिया में विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई है। गिरफ्तारी के दौरान बड़ी मात्रा में अवैध आतिशबाजी सामग्री बरामद की गई है। पुलिस के ताबड़तोड़ एक्शन से अवैध पटाखा दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र यादव ने स्पष्ट किया है कि त्यौहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि,भंडारण या परिवहन पर आगे भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी करने के दौरान पुलिस टीम में थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी,उ.नि. प्रेमनारायण सरोज, हे.का. जितेन्द्र सिंह,कांस्टेबल परीक्षित सैनी,कांस्टेबल संदीप चौधरी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### उड़ान हौसलों की, कार्यक्रम में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा फोटो मंच पर अभिनय करते बच्चे



**मितौली खीरी।** पिपरझला क्षेत्र में जय शिव दानी बाबा मंदिर पर हो रहे दशहरा मेले में उड़ान हौसलों की, कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आठ विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। ,राधा रमण सोना देवी सरस्वती विद्या मंदिर कस्ता, पवन सुत इंटर कालेज गुलरिया,,सेठ नत्थू लाल सरस्वती विद्या मंदिर पकरिया,, सरस्वती विद्या मंदिर मुरई ताजपुर, फकीरा गाज़ी जामिया आधुनिक मदरसा कस्ता , आर डी सी एस ग्लोबल स्कूल सडिलवा, मिश्री लाल हाईस्कूल मढ़िया बाजार आदि स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग कर अपना अभिनय प्रस्तुत किया जिसमें प्रथम स्थान सरस्वती विद्या मंदिर मुरई ताजपुर, द्वितीय स्थान राधा रमण सोना देवी, सरस्वती विद्या मंदिर कस्ता, तृतीय स्थान पवन सुत इंटर कॉलेज गुलरिया सीतापुर का रहा। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। क्षेत्र के लोगों ने बच्चों का हौसला बढ़ाया बच्चों के साथ स्कूलों के प्रधानाचार्य शिक्षक का भी सम्मान जय शिव दानी बाबा मंदिर सेवा संस्थान के संचालक दिलीप सिंह, प्रधान, मदन शुक्ला प्रधान सरैया, रामदास वर्मा ठेकेदार ने सभी को माला पहनाकर स्वागत किया ।

### मां भगवती के दसवें विशाल जागरण में गूंजे भक्ति के स्वर, मीनाक्षी अग्रवाल ने की आरती



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** भूतनाथ रोड पर मां भगवती के दसवें विशाल जागरण का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने मां भगवती के चरणों में पूजा-अर्चना और आरती कर लोकमंगल की कामना की। मीनाक्षी अग्रवाल ने मां के भजन प्रस्तुत करते हुए प्रार्थना की कि मां भगवती सभी भक्तों को सुख, समृद्धि, वैभव और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें। उनके मधुर भजन सुनकर पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए और वातावरण भक्तिमय हो उठा। जागरण आयोजन समिति की ओर से मुख्य अतिथि मीनाक्षी अग्रवाल का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रवीण कश्यप, महंत सावन भारद्वाज, रितेश गुप्ता, लालू गुप्ता, सोनू गुप्ता, हरिओम मिश्रा, वीर गुप्ता, राजेश गुप्ता, अनुपम मिश्रा, प्रशांत गुप्ता, किशन गुप्ता, अरविंद पांडे, आलोक तिवारी, सुनील शुक्ला, शिवम सिंह, राजीव गुप्ता, रामू वर्मा, उत्कर्ष वाजपेयी, सुमित पांडे, अरुण कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति और भक्तगण उपस्थित रहे।

### बांकेगंज खंड में संघ शताब्दी वर्ष पर स्वयंसेवकों का उत्साहपूर्ण एकत्रीकरण- 100 वर्षों के स्वर्णिम इतिहास पर प्रकाश



**बाँकेगंज खीरी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष की पावन बेला में गोला जिले के बांकेगंज खंड क्षेत्र में स्वयंसेवकों का एक विशाल एकत्रीकरण आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम न केवल संघ की सदी भर की साधना का उत्सव था, बल्कि राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और हिंदू जागरण के संकल्प का प्रतीक भी बना। कार्यक्रम का संयोजन सह खंड कार्यवाह कपिल मिश्र द्वारा किया गया, जबकि सह जिला संघचालक कुलवंत सिंह चीमा जी, खंड संघचालक राजकुमार शंखवार जी की उपस्थिति में मुख्य अतिथि गोपाल बिहारी सिन्हा जी के नेतृत्व में आयोजन संपन्न हुआ। सह जिला कार्यवाह श्री विवेक वर्मा जी के उद्बोधन ने स्वयंसेवकों में नई ऊर्जा का संचार किया। इस अवसर पर संघ के 100 वर्षों के स्वर्णिम इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला गया, जो स्वयंसेवकों को प्रेरित करने वाला सिद्ध हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जी द्वारा नागपुर में की गई थी। आजादी के आंदोलन से लेकर स्वतंत्र भारत के पुनर्निर्माण तक संघ ने हिंदू समाज को संगठित करने, सेवा कार्यों को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय चेतना जगाने में अग्रणी भूमिका निभाई है। 2025 को शताब्दी वर्ष के रूप में चिह्नित करते हुए संघ ने पंच परिवर्तन—व्यक्ति निर्माण, परिवार जागरण, समाज उत्थान, राष्ट्रीय पुनर्जागरण और विश्व बंधुत्व—पर विशेष जोर दिया है।

### स्मार्ट मीटर बना जनता की परेशानी का कारण, विभाग की कार्यशैली पर उठे सवाल उतरौला

**(बलरामपुर)।** जिस स्मार्ट मीटर को बिजली उपभोक्ताओं के हित में सुविधा बताकर लगाया गया था, अब वही मीटर लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। उतरौला नगर समेत आसपास के गांवों में इन मीटरों से जुड़ी शिकायतें तेजी से बढ़ रही हैं। उपभोक्ता जहां एक ओर अधिक बिल आने से परेशान हैं, वहीं विभागीय अधिकारी समस्या को नजरअंदाज कर रहे हैं।पटेल नगर निवासी अली अहमद ने बताया कि वे हर महीने ऑनलाइन माध्यम से समय पर बिल भुगतान करते हैं। इसके बावजूद उनके दो माह का बिल रु.14,333 आया, जबकि सामान्यतः यह राशि रु.1,200 से रु.1,500 तक होती है। इतना ही नहीं, नगर के स्व. ताज मोहम्मद के घर में लगा स्मार्ट मीटर अचानक जल गया। इसी तरह की शिकायतें नगर के अनेक मोहल्लों और गांवों से सामने आ रही हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह तकनीकी गड़बड़ी नहीं, बल्कि विभाग की बड़ी लापरवाही और अनियमितता का परिणाम है। कई मामलों में जब उपभोक्ताओं ने अधिक बिल को लेकर आपत्ति जताई, तो विभाग ने उसे घटाकर कम रकम में निस्तारित कर दिया। यह स्वयं इस बात का प्रमाण है कि बिजली विभाग का बिलिंग सिस्टम पारदर्शी नहीं है।

## डॉ. लोहिया और मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि

# श्रद्धांजलि सभा, समाजवादियों ने लिया उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प

▸ सांसद उत्कर्ष वर्मा समेत सैकड़ों कार्यकर्ता रहे मौजूद



**निघासन (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

समाजवादी विचारधारा के पुरोधा डॉ. राम मनोहर लोहिया और समाजवाद के मसीहा, पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को निघासन के कुर्मिनपुरवा स्थित पूर्व जिलाध्यक्ष के आवास पर श्रद्धांजलि गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाजवादी कार्यकर्ता, पदाधिकारी और समर्थक शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दोनों महान नेताओं के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। गोष्ठी की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल सिंह ने की, जबकि संचालन महासचिव माजिद अली ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि डॉ. लोहिया और नेता जी मुलायम सिंह यादव ने अपने जीवन में सदैव समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की चिंता की। उन्होंने गरीब, किसान, मजदूर, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। वक्ताओं ने कहा कि आज जब समाज में वैचारिक भ्रम और सामाजिक असमानता बढ़ रही है, तब डॉ. लोहिया और नेताजी के सिद्धांतों पर चलना पहले से कहीं अधिक जरूरी हो गया है। उनकी विचारधारा समाज में समानता, न्याय और भाईचारे का संदेश देती है। कार्यक्रम में सांसद उत्कर्ष वर्मा, जिला अध्यक्ष रामपाल यादव, चौधरी हिमांशु पटेल, जिला उपाध्यक्ष अशोक कश्यप, प्रदेश सचिव गुरप्रीत जार्जी, विधानसभा अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह उर्फ भंडारी यादव, मो. सलीम, राजेश चतुर्वेदी सहित कई वरिष्ठ समाजवादी नेताओं ने दोनों महान नेताओं के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि नेताजी का पूरा जीवन संघर्ष और समर्पण का उदाहरण रहा। उन्होंने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया और समाज के हर वर्ग को जोड़ने का काम किया। इस अवसर पर युवा कार्यकर्ताओं ने भी समाजवादी आंदोलन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। उपस्थित लोगों ने कहा कि आज के युवाओं को लोहिया और मुलायम सिंह यादव जैसे नेताओं से प्रेरणा लेकर समाज में समरसता और समानता का वातावरण बनाना चाहिए। कार्यक्रम स्थल पर सैकड़ों की संख्या में समाजवादी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति से परिसर गूंज उठा। श्रद्धांजलि सभा में क्षेत्र के कोने-कोने से आए कार्यकर्ताओं ने नेताजी अमर रहें, लोहिया जी अमर रहें के नारों से वातावरण को गूंजायमान कर दिया। अंत में दो मिनट का मौन रखकर दोनों दिवंगत नेताओं की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। गोष्ठी में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से यह संकल्प लिया कि समाजवादी आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने और उनके सिद्धांतों को जीवंत बनाए रखने के लिए वे निरंतर संघर्षरत रहेंगे।

## करंटयुक्त तार की चपेट में आने से सियार और गाय की मौत, किसान बाल-बाल बचा

**सिंगाही (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



बेलरायां रेंज के अंतर्गत भेडौरी गांव के पास शिकारियों द्वारा लगाए गए करंटयुक्त तार की चपेट में आने से एक सियार और एक गाय की मौत हो गई। वहीं खेत पर काम करने गया एक किसान हादसे से बाल-बाल बच गया। मिली जानकारी के अनुसार, भेडौरी गांव के पश्चिम दिशा में जंगल के किनारे से महाराज नगर की ओर जाने वाली 11 हजार वोल्ट की लाइन से शिकारियों ने एक पतली लोहे की तार बांस की डंडियों के सहारे खेतों तक बिछा रखी थी। शनिवार सुबह किसान सतीश कुमार ट्रैक्टर लेकर खेत जोतने पहुंचे तो उन्हें खेत के किनारे एक सियार मरा हुआ मिला। थोड़ी दूरी पर एक गाय भी मृत पड़ी थी। किसान ने पहले किसी जंगली जानवर के हमले की आशंका जताई, लेकिन जब वह ट्रैक्टर लेकर खेत में पहुंचे तो ट्रैक्टर का टायर जलने लगा। उन्होंने तुरंत ट्रैक्टर से कूदकर अपनी जान बचाई और 112 नंबर पर फोन कर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस, वन विभाग और बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन दरोगा हरीलाल ने मौके से तार और मृत सियार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि घटना में शिकारियों की भूमिका संदिग्ध है, मामले की जांच की जा रही है। इस दौरान चौकी इंचार्ज अभिषेक कुमार, वन कर्मी दीपेंद्र सिंह, वन रक्षक नसीम अहमद, वीट प्रभारी महेश चंद्र, एसटीएफ के अतुल सक्सेना, लाइनमैन जयप्रकाश वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि ध्रुव कुमार वर्मा, किसान लल्लू, सदलू सहित कई ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे। ग्रामीणों ने क्षेत्र में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने और शिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## अनाथ हुए तीन मासूम, सोशल मीडिया से जागा प्रशासन

▸ मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से जोड़े जाएंगे बच्चे, भोजन व देखभाल की हुई व्यवस्था

**बिजुआ (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**





ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र के बेचेपुरवा गांव में मानवीय संवेदनाओं को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। पांच वर्षों के भीतर माता-पिता दोनों को खो चुके तीन मासूम बच्चों की दुर्दशा की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से प्रशासन तक पहुंची। जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल ने तत्काल संज्ञान लेते हुए बच्चों के भोजन, सुरक्षा और पालन-पोषण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गांव निवासी दिवंगत दंपति के तीन बच्चे-14 वर्षीय प्रियंका, 10 वर्षीय शिवानी और 8 वर्षीय अमित अब पूरी तरह बेसहारा हो चुके हैं। पिता की मौत करीब पांच वर्ष पूर्व करंट लगने से हुई थी, जबकि मां का हाल ही में बीमारी के चलते निधन हो गया। मां के गुजरने के बाद बच्चों ने दो दिनों तक भोजन तक नहीं किया। पड़ोसियों और परिजनों ने उन्हें समझाकर भोजन कराया। अब बड़ी बहन प्रियंका पर छोटे भाई-बहनों की परवरिश की जिम्मेदारी आन पड़ी है। परिवार के पास पिता के नाम पर मात्र दो बीघा भूमि है, जो शारदा नदी कटाव की चपेट में आने के खतरे में है। घर में पर्याप्त कपड़े और राशन की भी भारी कमी है। राशन कार्ड न होने से वे अब तक सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासनिक उदासीनता पर पहले चिंता जताई थी। ग्राम प्रधानपति भगौती प्रसाद ने बताया कि परिवार के पास पूर्व से इंदिरा आवास है। वहीं कोटेदार शियाराम ने बताया कि ग्राम पंचायत के 53 राशन कार्ड आवेदनों में इन तीनों बच्चों के कागजात भी भेजे जा चुके हैं। केवाईसी पूर्ण होते ही उनका राशन कार्ड जारी होगा। सोशल मीडिया पर मामला आने के बाद जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल ने एसडीएम गोला युगांतर त्रिपाठी के नेतृत्व में टीम भेजी। टीम ने तत्काल भोजन और देखभाल की व्यवस्था कराई। प्रशासन ने बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सहित अन्य लाभकारी योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि बच्चों के भरण-पोषण, शिक्षा और सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम तेजी से उठाए जा रहे हैं।

## युवा नेता अंशुल दीक्षित ने युवाओं को खेलों के प्रति किया प्रेरित



**निघासन खीरी।** ग्राम सभा सिंगाह कलां स्थित डिग्री कॉलेज के मैदान में आयोजित चार दिवसीय दौड़ प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को हुआ। समापन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता सीए अंशुल दीक्षित मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में पहुंचने पर आयोजकों ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर अंशुल दीक्षित ने प्रतिभागी युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है। खेलों में भाग लेने से जहां शरीर स्वस्थ रहता है, वहीं मानसिक संतुलन भी मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को पढ़ाई के साथ खेलों में भी आगे आना चाहिए, क्योंकि खेल से आत्मविश्वास और अनुशासन दोनों बढ़ते हैं। मुख्य अतिथि ने विभिन्न वर्गों की दौड़ प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और स्कूली छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए आयोजक मंडल की सराहना की गई। कार्यक्रम में कई स्थानीय गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

## पलिया में फर्जी स्कूलों का बोलबाला, नोटिस के बाद भी नहीं थमी दबंगई

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



शिक्षा विभाग की सख्ती और नोटिस जारी होने के बावजूद पलिया कलां क्षेत्र में फर्जी और डमी स्कूल खुलेआम संचालित हो रहे हैं। शिक्षा माफियाओं की दबंगई के आगे प्रशासन की कार्रवाई बेअसर साबित हो रही है। 31 जुलाई 2025 को 17 अवैध स्कूलों को एक लाख रु स्थाई जुर्माना और दस हजार रुपए प्रतिदिन के हिसाब से नोटिस जारी की गई थी। बावजूद इसके न तो स्कूल बंद हुए और न ही जुर्माना वसूला जा सका।लगभग 73 दिन गुजर चुके हैं पर कार्रवाई के नाम पर सिर्फ नोटिसों की खानापूर्ति ही हुई। शिक्षा माफियाओं के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि 'कम टू माय स्कूल' नामक संस्था ने इलाके में 4 से 6 शाखाएं बेखौफ तरीके से खोल रखी हैं और अभिभावकों से मनमाना शुल्क भी वसूला जा रहा है। नोटिस जारी होने के बाद से अब तक 73 कार्य दिवस बीत चुके हैं। ऐसे में कुल बारह करोड़ से भी अधिक का बकाया जुर्माना बनता है लेकिन प्रशासन अभी तक एक रुपये की वसूली भी नहीं कर पाया है और न ही किसी स्कूल को सील या बंद किया गया,जिसका सीधा असर सरकारी स्कूलों पर पड़ रहा है,ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या घटी है जिससे शिक्षकों की नौकरियां तक प्रभावित हो रही हैं। यदि फर्जी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को सरकारी स्कूलों में स्थानांतरित किया जाए तो सरकारी शिक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और अभिभावकों की लूट भी रुकेगी। जिन स्कूलों को भेजी गई थी नोटिस उनमें क्रमशः एपीजे अब्दुल कलाम स्कूल मझगई, शिवाजी शिक्षण संस्थान त्रिकौलिया, लॉर्ड कृष्णा स्कूल बाज़ारपुरवा त्रिलोकपुर, सतगुरु एकेडमी त्रिलोकपुर, एसबीएस शिक्षा निकेतन बिसेनपुरी, शारदा बाल विद्या मंदिर श्रीनगर, स्वामी दयानंद बाल विद्या मंदिर मझगई, हैदर अली शिक्षा निकेतन मझगई, नवयुग मॉन्टेसरी स्कूल बाजारपुरवा त्रिलोकपुर, डॉ. भीमराव अंबेडकर मॉन्टेसरी स्कूल नौगवां, डायमंड पब्लिक स्कूल खानका सुभाष नगर पलिया, कैंब्रिज पब्लिक स्कूल निझौटा, कैमुना शिक्षण संस्थान विशेनपुरी, विष्णुदेव शिक्षण संस्थान बलुआ, फ्लोरेंस नाइटिंगेल एकेडमी बिशनपुरी और कम टू माय स्कूल (4-6 अवैध शाखाएं) व एक अन्य डमी स्कूल विशेनपुरी। इनके अतिरिक्त विशेनपुरी और अन्य क्षेत्रों में दो और डमी स्कूलों को भी नोटिस जारी हुई है।

> फर्जी स्कूलों को नोटिस जारी कर जुर्माना वसूली की प्रक्रिया चल रही है। कई संस्थान अभी भी मनमाने ढंग से स्कूल चला रहे हैं। कार्य दिवसों में कार्रवाई की जाएगी। मान्यता प्राप्त संस्थान ही संचालित रहेंगे, बाकी को हर हाल में बंद कराया जाएगा।
>
> -रमन सिंह
> खंड शिक्षा अधिकारी

## एटीएस लखनऊ की कार्रवाई उतरौला निवासी मो. अफसर खान से होगी पूछताछ

**बी पी त्रिपाठी**



**उतरौला (बलरामपुर)।** उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) एवं स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) मुख्यालय, लखनऊ ने बलरामपुर जिले के थाना कोतवाली उतरौला क्षेत्र निवासी मोहम्मद अफसर खान पुत्र मोहम्मद इसरार खान को पूछताछ के लिए तलब किया है। एटीएस द्वारा यह कार्रवाई थाना एटीएस उत्तरी लखनऊ में दर्ज प्रकरण संख्या 08/2024 के तहत की जा रही है, जिसमें कई गंभीर धाराएँ दर्ज हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुकदमे में भारतीय दंड संहिता की धाराएँ 121-आईपीसी (राजद्रोह संबंधी अपराध), 153ए (धर्म के आधार पर वैमनस्य फैलाना), 417 (धोखाधड़ी), 420 (धोखाधड़ी द्वारा संपत्ति प्राप्त करना), 120बी (आपराधिक षड्यंत्र), 354 (महिला से छेड़छाड़), 376ध (बलात्कार), 5(1), 5(2), 5(3), 8(1) उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन निषेध अधिनियम 2021, एवं 3(1)(×), 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट जैसी गंभीर धाराएँ शामिल हैं। पत्र के अनुसार, एटीएस को जांच के दौरान यह जानकारी मिली है कि उक्त व्यक्ति मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र एवं अन्य राज्यों में लगभग 16 करोड़ रुपये के जमीन सौदों में संदिग्ध रूप से शामिल रहा है। इस आधार पर एटीएस ने संबंधित व्यक्ति को पूछताछ के लिए बुलाया है ताकि तथ्यों की गहन जांच की जा सके। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि मोहम्मद अफसर खान को दिनांक 13 अक्टूबर 2025 को एटीएस मुख्यालय, अमेठी (लखनऊ) में उपस्थित होकर अपनी जानकारी दर्ज करानी है। ऐसा न करने पर उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा सकती है। यह आदेश संजय कुमार सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक (विशेष जांच), एटीएस मुख्यालय, लखनऊ द्वारा जारी किया गया है।

## सादुल्लानगर में बेटी-बहू सम्मेलन आयोजित, महिलाओं को किया जागरूक



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** थाना सादुल्लानगर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के पंचम चरण के अंतर्गत रविवार को ग्राम मद्दौ घाट में बेटी-बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय व क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेंद्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ।इस दौरान एंटी रोमियो टीम व मिशन शक्ति टीम द्वारा अविवाहित, तलाकशुदा लड़कियों, आशा बहुओं, ग्राम प्रधानों और क्षेत्र की संभ्रांत महिलाओं को समाज में बढ़ रही लड़कियों के भागने की घटनाओं और उससे जुड़ी चुनौतियों के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम में उप निरीक्षक राममिलन सिंह, कांस्टेबल उमेश पासवान, कांस्टेबल अनिल नायक, महिला आरक्षी पूजा चौधरी, महिला आरक्षी सीता गुप्ता व महिला आरक्षी शिवांगी भार्गव मौजूद रहीं। टीम द्वारा उपस्थित महिलाओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

## मिशन शक्ति फेज-5: ग्राम जल्हवा बनगवां में बहू-बेटी सम्मेलन आयोजित



**उतरौला (बलरामपुर)।** महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के पंचम चरण के तहत कोतवाली उतरौला की एंटी रोमियो टीम द्वारा ग्राम जल्हवा बनगवां में बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अगुवाई प्रभारी निरीक्षक अवधेशराज सिंह के नेतृत्व में की गई। कार्यक्रम के दौरान महिला पुलिस कर्मियों ने ग्रामीण महिलाओं और किशोरियों से संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं। एंटी रोमियो टीम प्रभारी शालिनी सिंह एवं महिला रिपोर्टिंग चौकी प्रभारी रिंकी गुप्ता ने उपस्थित महिलाओं को घरेलू हिंसा से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी तथा ऐसी स्थिति में किस प्रकार से पुलिस और प्रशासनिक मदद प्राप्त की जा सकती है, यह भी विस्तार से बताया। सम्मेलन में बाल विवाह निषेध कानून के विषय में भी चर्चा की गई। टीम ने बताया कि नाबालिग लड़कियों की शादी न केवल कानूनन अपराध है बल्कि उनके स्वास्थ्य और भविष्य पर भी गहरा असर डालता है। कार्यक्रम में साइबर अपराधों जैसे OTP शेयरिंग, फर्जी लकी ड्रॉ, स्मार्ट एडिटिंग वीडियो कॉल, बैंकिंग फ्रॉड आदि से बचने के उपायों पर भी विस्तार से जागरूक किया गया। टीम ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना आदि के लाभों के बारे में भी बताया और पात्र महिलाओं से इन योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर महिला आरक्षी दल की सदस्याएँ भी उपस्थित रहीं जिन्होंने महिलाओं को आत्मरक्षा के मूलभूत उपाय सिखाते हुए कहा कि सशक्त महिला ही सुरक्षित समाज की नींव होती है।

## विवाहिता बच्चे सहित प्रेमी संग फरार

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** ग्राम सराय खास पूरे प्रधान डीह निवासी अभिलाख पुत्र भवानी प्रसाद वर्मा ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी पत्नी को गुलाम मोहम्मद पुत्र फतेह मोहम्मद निवासी ग्राम इटई अब्दुल्ला थाना सादुल्लानगर दिनांक 21 सितंबर 2025 को उसके एक वर्षीय पुत्र अनुराग समेत भगा ले गया। पीड़ित अभिलाख का आरोप है कि आरोपी गुलाम मोहम्मद उसकी पत्नी का धर्म परिवर्तन कराकर मुस्लिम बनाने की कोशिश कर रहा है। अभिलाख ने बताया कि पत्नी अपने साथ नकदी, जेवरात और बैंक पासबुक भी ले गई है, जिसमें जमा रकम निकालकर वह अब खर्च कर रही है। पीड़ित ने बताया कि वह थाना से लेकर उच्च अधिकारियों तक न्याय के लिए दौड़-दौड़ कर थक चुका है, लेकिन अब तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई है।

## तीन दशक बाद भी अधूरा पड़ा डूडा का मैरिज हाल

▸ कबाड़घर में तब्दील हुआ सरकारी भवन

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



नगर के मोहल्ला पटेल नगर में डूडा (नगर विकास अभिकरण) द्वारा तीन दशक पूर्व निर्मित कराया गया मैरिज हाल आज भी अधूरा पड़ा हुआ है। वर्षों से उपेक्षा का शिकार यह भवन अब खंडहर में बदल चुका है। निर्माण कार्य पूरा न होने के कारण इसे आज तक नगर पालिका परिषद उतरौला को हस्तांतरित नहीं किया गया। नतीजतन, सरकारी योजना के तहत गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोगों को सस्ते दर पर विवाह स्थल उपलब्ध कराने की मंशा आज भी अधूरी है। मैरिज हाल का निर्माण मायावती के शासनकाल में नगर की आवासीय कालोनी के सामने कराया गया था। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी डूडा द्वारा एक निर्माण संस्था को दी गई थी, परंतु ठेकेदार संस्था ने कार्य अधूरा छोड़ दिया। नतीजतन, आज यह भवन पूरी तरह जीर्ण-शीर्ण स्थिति में पहुंच गया है। भवन की दीवारों का प्लास्टर झड़ चुका है, दरवाजे-खिड़कियां टूट चुकी हैं और चारों ओर गंदगी का अंबार लगा है। बिजली की वायरिंग अधूरी पड़ी है और नाले का गंदा पानी भवन के चारों ओर बहता है, जिससे लोगों का अंदर जाना तक मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस हाल की दुर्दशा का फायदा उठाकर कुछ अराजक तत्वों ने इसे कबाड़घर बना रखा है। लोहे का स्क्रैप और टूटे सामान यहां खुलेआम रखे जाते हैं। प्रशासन और नगर पालिका की उदासीनता के चलते यह भवन जर्जरता की कगार पर पहुंच गया है। सरकार की मंशा थी कि इस मैरिज हाल का निर्माण पूरा होने के बाद इसे नगर पालिका परिषद उतरौला को हस्तांतरित किया जाए, जिससे नगर और आवासीय कालोनी के लोगों को विवाह समारोहों के लिए सस्ती सुविधा मिल सके। नगर में वर्तमान समय में कोई भी सार्वजनिक मैरिज हाल संचालित नहीं है। निजी मैरिज हालों में एक शादी की बुकिंग का खर्च पचास हजार से डेढ़ लाख रुपये तक पहुंच जाता है, जो गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए वहन करना कठिन है। नगर पालिका परिषद उतरौला के अधिशासी अधिकारी राजमणि वर्मा ने बताया कि डूडा के माध्यम से निर्मित भवन का हस्तांतरण नगर पालिका को नहीं किया गया है। हस्तांतरण न होने के कारण परिषद न तो इसकी देखरेख कर पा रही है, न ही बुकिंग व्यवस्था प्रारंभ हो पा रही है। नगर के नागरिकों ने शासन एवं जिला प्रशासन से मांग की है कि डूडा द्वारा अधूरा छोड़े गए इस मैरिज हाल का शीघ्र निर्माण कार्य पूरा कराकर इसे नगर पालिका परिषद को सौंपा जाए।

# योगी सरकार ने लिखा डिजिटल विकास का नया अध्याय

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** कुछ साल पहले तक उत्तर प्रदेश का नाम सुनते ही लोग कृषि और पारंपरिक उद्योगों की बात करते थे। लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदृष्टि और सशक्त नीतियों ने अब यह धारणा बदल दी। आज लखनऊ, कानपुर और नोएडा जैसे शहरों में आईटी पार्क्स की जगमगाहट नई कहानी कह रही है। यूपी अब सिर्फ भारत का हृदय नहीं, बल्कि डिजिटल भारत का मस्तिष्क भी बनने की ओर अग्रसर है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि सूचना प्रौद्योगिकी केवल तकनीक नहीं, यह परिवर्तन की शक्ति है। सीएम योगी के इसी सूत्रवाक्य को आगे बढ़ते हुए प्रदेश के आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने हर युवा को अवसर देने और उत्तर प्रदेश को भारत का सबसे बड़ा आईटी हब बनाने की दिशा में ठोस प्रयास प्रारंभ किए हैं।

2015 में जहां प्रदेश का आईटी निर्यात केवल ?15,000 करोड़ था, वहीं आज यह आंकड़ा ?75,000 करोड़ से अधिक पहुंच चुका है। यह केवल एक आर्थिक उपलब्धि नहीं, बल्कि उन हजारों युवाओं की मेहनत और योगी सरकार के तकनीकी विजन की सफलता का प्रतीक है। योगी सरकार की सूचना प्रौद्योगिकी नीति 2017-2022 ने निवेशकों के लिए दरवाज़े खोले हैं। माइक्रोसॉफ्ट इंडिया, पेटीएम, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, मैक इंडिया जैसी दिग्गज कंपनियों ने प्रदेश में निवेश कर भरोसे की नई मिसाल कायम की। परिणामस्वरूप 5,584 करोड़ का निवेश और 53,000 रोजगार अवसर सृजित हुए। नई आईटी एवं आईटी जनित सेवा नीति-2022 के तहत दो नई परियोजनाओं को लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किया गया है, जिनसे 900 युवाओं को रोजगार मिलेगा। वहीं 48 करोड़ से अधिक निवेश वाली तीन परियोजनाएं मंजूरी के इंतज़ार में हैं।

### आईटी को मिला उद्योग का दर्जा, बदला निवेश का माहौल

योगी सरकार ने आईटी और आईटीईएस क्षेत्र को उद्योग का दर्जा देकर इतिहास रच दिया। अब आईटी कंपनियों को औद्योगिक श्रेणी की भूमि औद्योगिक दरों पर मिल रही है। इस फैसले से निवेशक आत्मविश्वास के साथ उत्तर प्रदेश को अपना ठिकाना बना रहे हैं। सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया के सहयोग से नोएडा, मेरठ, लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज और आगरा में आईटी पार्क्स और एसटीपीआई केंद्र संचालित हो रहे हैं। अब यही रौशनी वाराणसी, बरेली और गोरखपुर की ओर बढ़ रही है, जहां नए केंद्र बन रहे हैं। इससे न केवल रोजगार बढ़ेगा, बल्कि छोटे शहर भी डिजिटल अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा में शामिल होंगे।

### युवा यूपी का नया चेहरा

कानपुर की दीप्ति हो या गोरखपुर के आर्यन — इन युवाओं ने कभी सोचा भी नहीं था कि अपने ही शहर में बड़ी आईटी कंपनियों के साथ काम करने का मौका मिलेगा। योगी सरकार की नीति ने उनकी यह इच्छा पूरी की है। आज ये युवा अपनी प्रतिभा से न सिर्फ अपनी पहचान बना रहे हैं, बल्कि प्रदेश को नई पहचान भी दे रहे हैं। प्रदेश सरकार ने आईटी और आईटीईएस परियोजनाओं के लिए एक डेडीकेटेड ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया है, जिससे आवेदन, स्वीकृति और प्रोत्साहन की प्रक्रिया अब पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी हो गई है।

# बसपा प्रमुख मायावती ने लखनऊ में सामूहिक दुष्कर्म की घटना के मामले में सरकार को घेरा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र में घटित सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने दुख जताया है। उन्होंने सरकार से इस घटना का संज्ञान लेकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

बसपा प्रमुख मायावती ने रविवार को सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि राजधानी लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र में किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना अति-दुखद व शर्मनाक है। उत्तर प्रदेश समेत देश के विभिन्न राज्यों में महिला उत्पीड़न के साथ-साथ दुष्कर्म व हत्या आदि की घटनायें रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। सरकार को इसकी रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने की सख्त जरूरत है। महिला सम्मान तो दूर महिलाओं की सुरक्षा पहले व अत्यन्त ज़रूरी है। उल्लेखनीय है कि बंथरा थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर को अपनी बहन से मिलने के लिए दोस्त संग घर से निकली किशोरी को रास्ते में युवकों ने पकड़ लिया। युवकों ने साथी दोस्त को मार पीटकर भगा दिया और युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात अंजाम दी गई। मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए देर रात को आरोपित ?वलित को मुठभेड़ में और उसके साथी मेराज को दूसरे इलाके से गिरफ्तार किया गया। आरोप है कि इस घटना में उसके साथ विशाल गुप्ता, राजेंद्र कश्यप और शिव कश्यप शामिल थे। पुलिस ने लड़की का मेडिकल कराकर अन्य आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।

## खबरें एक नजर में

### संदिग्ध हालत में मिला राजगीर का शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बंथरा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक राजगीर मिस्त्री का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। मृतक की पहचान जतिन (27) के रूप में हुई है, जिसके सिर पर गंभीर चोटों के निशान थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जतिन मूल रूप से बंथरा के रहीम नगर पड़ियाना स्थित बिल्लौच गढ़ी का रहने वाला था। वह पिछले लगभग चार महीने से अपनी पत्नी रागनी के साथ उन्नाव जिले के अचलगंज थाना अंतर्गत बलऊ खेड़ा में रह रहा था। जतिन की शादी करीब एक साल पहले हुई थी और 15 दिन पहले ही उसकी पत्नी रागनी ने एक बच्चे को जन्म दिया था। रविवार सुबह करीब 6 बजे बंथरा स्थित जतिन के पैतृक घर से लगभग 500 मीटर दूर सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। राहगीरों ने शव देखकर ग्रामीणों को बताया, जिसके बाद भीड़ जमा हो गई। जतिन की मां मंजू देवी ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान अपने बेटे जतिन के रूप में की। पुलिस के अनुसार, शुरुआती जांच में जतिन की मौत सड़क दुर्घटना में होने की आशंका है। हालांकि, गांव में यह चर्चा है कि जतिन की हत्या कर शव यहां फेंका गया है। मृतक की पत्नी रागनी ने बताया कि जतिन शनिवार सुबह करीब 9 बजे मजदूरी करने जाने की बात कहकर घर से निकला था। मंजू देवी ने पुलिस को दी शिकायत में भी किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से जतिन की मौत होने का संदेह जताया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की विस्तृत जांच पड़ताल जारी है।

### कार की टक्कर से युवक की मौत, शव रखकर प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधनी लखनऊ में कार की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। वह प्राइवेट कैंटीन में ड्यूटी के बाद बाइक से घर लौट रहा था। घर पहुंचने से पहले गांव के बाहर ही कार सवार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। परिजनों ने उसे गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया जहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना नगराम थाना क्षेत्र के समेसी गांव की है। मृतक की पहचान सत्यदेव शुक्ला के बेटे अतुल कुमार शुक्ला (35) के रूप में हुई। अतुल मोहनलालगंज में एक प्राइवेट कैंटीन में काम करता था। वह शनिवार शाम करीब 6 बजे ड्यूटी के बाद घर आ रहा था। गांव के बाहर गांव के ही सतगुरु ने उसे कार से टक्कर मार दी। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया। उसके बाद रविवार दोपहर जैसे अतुल का शव गांव पहुंचा लोगों ने जाम लगा दिया। परिजन नारेबाजी करते हुए ड्राइवर को सख्त से सख्त सजा दिलाने और मुआवजे की मांग करने लगे। मौके पर थाने से पुलिस पहुंची। एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने परिजनों को मनाने की कोशिश की।

### वैदिक सेना का कन्हैया कुमार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ रविवार को हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा पर वैदिक सेना ने विरोध प्रदर्शन किया। वैदिक सेना के प्रमुख श्याम नारायण भार्गव के नेतृत्व में कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार के खिलाफनारेबाजी हुई। प्रदशनकारियों ने कहा कि कन्हैया कुमार ने अछूत शब्द का इस्तेमाल करके ब्राह्मण समाज का अपमान किया है। श्याम नारायण भार्गव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके नेता लगातार ब्राह्मण समाज का अपमान कर रहे हैं। कन्हैया कुमार ने जिस प्रकार अछूत शब्द का इस्तेमाल करते हुए समाज पर टिप्पणी की है यह बेहद शर्मनाक है। ब्राह्मण के एक वर्ग पर इस प्रकार की टिप्पणी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्याम भार्गव ने कहा कि कांग्रेस प्रवक्ता कन्हैया कुमार ने महाब्राह्मण (महापात्र) को सार्वजनिक मंच से अछूत शब्द से संबोधित कर अपमानित किया है। इससे महाब्राह्मण समाज सामाजिक रूप से आहत हुआ है।

### पटाखा बाजारों में चेकिंग, पुलिस और बीडीडीएस टीम ने जांच की

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** दीपावली की आहट के साथ ही राजधानी में पटाखों की दुकानों ने रंग जमाना शुरू कर दिया है, लेकिन प्रशासन अब पूरी तरह सतर्क हो गया है। प्रदेश के कई जिलों में हाल में हुए पटाखा हादसों के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। बिना लाइसेंस, असुरक्षित या अवैध रूप से संचालित किसी भी पटाखा बाजार को बख्शा नहीं जाएगा। इसी निर्देश के तहत रविवार को लखनऊ के दुबग्गा इलाके में पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने औचक छापा मारा। टीम में बीडीडीएस (बम निरोधक दस्ते) के सदस्य भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने दुकानों और गोदामों की एक-एक करके जांच की। इस दौरान वहां मौजूद फायर इक्विपमेंट, निकास व्यवस्था और सुरक्षा मानकों की भी गहन पड़ताल की गई। टीम ने दुकानदारों से उनके लाइसेंस और स्टॉक विवरण की जांच की। जिन दुकानों में सुरक्षा उपकरण नदारद मिले, वहां अधिकारियों ने मौके पर ही चेतावनी दी। बताया गया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अवैध भंडारण पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मॉकड्रिल भी हुआ।

### निजीकरण के विरोध में 16 को सभी जनपदों में सभा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उप्र राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ के तत्वावधान में लखनऊ में आयोजित चिन्तन मंथन शिविर - संदर्भ निजीकरण में अभियंताओं ने पॉवर कारपोरेशन द्वारा दिए गए निजीकरण के विकल्प को एक स्वर में खारिज कर दिया और संकल्प लिया कि निजीकरण के विरोध में आन्दोलन और तेज किया जायेगा तथा निजीकरण के विरोध में संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक निजीकरण का निर्णय वापस नहीं लिया जाता। अभियंता संघ के चिन्तन मंथन शिविर में निर्णय लिया गया कि दीपावली पर्व पर रिकॉर्ड बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु बिजली अभियन्ता अतिरिक्त प्रयास कर उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे। अभियन्ता संघ के निर्देश पर दीपावली के पहले 16 अक्टूबर को सभी जनपदों में इस हेतु अभियन्ता संघ की सभा होगी जिसमें दीपावली पर्व के दौरान रिकॉर्ड बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु योजना बनाई जायेगी और इसे क्रियान्वित किया जायेगा।

**भारत रत्न, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन**

# 26 नवंबर तक किया जाएगा सरदार @150 यूनिटी मार्च

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** भारत रत्न, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर प्रदेश भर में 31 अक्टूबर को रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। सरकार और भारतीय जनता पार्टी मिलकर इसे भव्य-दिव्य बनाएगी। वहीं 31 अक्टूबर से 26 नवंबर के बीच सरदार @150 यूनिटी मार्च आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रेसवार्ता में पत्रकारों को दी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि यूनिटी मार्च का हिस्सा प्रदेश के हर जनपद के खिलाड़ी, कलाकार समेत पांच-पांच युवा बनेंगे। ये सभी युवा लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म भूमि से लेकर केवड़िया गुजरात तक की 150 किलोमीटर की यात्रा से जुड़ेंगे। इन सभी को चार प्रमुख केंद्र होते हुए सरदार साहब की पावन जन्मभूमि तक बस द्वारा पहुंचाया जाएगा। इसके बाद यहां से सभी 150 किलोमीटर की पद यात्रा में शामिल होंगे। इस राष्ट्रीय पद यात्रा में सरदार साहब की जन्मभूमि करमसद से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी केवड़िया तक की यात्रा गुजरात में आयोजित होगी। यह राष्ट्रीय पद यात्रा होगी, जिसमें हजारों युवा अभियान का हिस्सा बनेंगे। सभी युवा जन जागरण अभियान के विभिन्न कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएंगे।

### स्थानीय स्तर पर आयोजित किये जाएंगे विभिन्न कार्यक्रम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि प्रदेश की हर लोकसभा क्षेत्र में तीन दिवसीय 8 से 10 किलोमीटर की पदयात्रा निकाली जाएगी, जो सभी विधानसभा से होकर गुजरेगी। पद यात्रा से पहले स्थानीय स्तर पर आम जनमानस में जागरूकता पैदा करने के लिए कई कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे। इसमें भारत की एकता और अखंडता में सरदार साहब के योगदान पर निबंध, वाद-विवाद प्रतियोगिता, सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन पर आधारित संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक आदि होंगे। इसके अलावा युवाओं के लिए नशा मुक्त भारत शपथ ग्रहण कार्यक्रम, विभिन्न क्षेत्रों में वोकल फॉर लोकल और लोकल फॉर ग्लोबल अभियान का आयोजन होगा। योग और स्वास्थ्य से संबंधित शिविर भी लगेगा। पूरे प्रदेश में विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा। इसके अलावा पद यात्रा के दौरान स्थानीय कमेटियों, विभिन्न समाजसेवी संगठनों, सांस्कृतिक संगठनों द्वारा सरदार साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण-श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

### पटेल के सामने नहीं चली जूनागढ़ नवाब व हैदराबाद के निजाम की

योगी आदित्यनाथ ने बताया कि देश के अंदर सैकड़ों रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाने और फिर भारत के वर्तमान स्वरूप को उन्होंने उस समय जिस दूरदर्शिता और सूझ-बूझ के साथ लागू किया था, आज वह भारत हम सबको देखने को मिलता है। हर व्यक्ति जानता है कि उस समय कुछ रियासतें ऐसी भी थीं, जिसमें (जूनागढ़ का नवाब और हैदराबाद का निजाम) आदि मनमानापन करना चाहते थे, लेकिन लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के सामने उनकी एक न चली। अंततः लौह पुरुष के दृढ़ निश्चय के सामने उन्हें भारत छोड़ना पड़ा। ये दोनों रियासतें भी भारत का हिस्सा बनीं।

### बलरामपुर के वार्ड ब्वाय ने जांच अधिकारी पर दबाव बनाने का लगाया आरोप

**लखनऊ।** बलरामपुर अस्पताल में संविदा कर्मचारी से नौकरी के नाम पर वसूली का मामला थमता नहीं दिख रहा है। अब इस मामले में जांच अधिकारी पर पीड़ित शिकायतकर्ता पर धमकाने और शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने का आरोप लगा है। भयभीत पीड़ित का वीडियो वॉयरल हो रहा है। वॉयरल वीडियो की समाचार पुष्टि नहीं करता है। पीड़ित की मांग है कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर 40 हजार रुपए वापस करवाते हुए उसे न्याय दिलाया जाए। बलरामपुर अस्पताल में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को वसूली के लिए परेशान किया जा रहा है। वार्ड ब्वॉय पद पर तैनात प्रमोद कुमार वाजपेयी कर्मचारियों को सुरक्षाकर्मी बनाने की धमकी देकर 40 हजार रुपए वसूलने का मामला प्रकाश में आया।

## स्मार्ट प्रीपेड मीटर थोपना असंवैधानिक बड़े पैमाने में उपभोक्ता अधिकारों का हनन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अब तक लगभग 43 लाख 44703 स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए गए हैं। इनमें बिना उपभोक्ताओं की सहमत लिए ही लगभग 2069740 उपभोक्ताओं के स्मार्ट प्रीपेड को प्रीपेड में कन्वर्ट कर दिया गया जो उपभोक्ता अधिकार का उल्लंघन है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल 2025 में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47(5), जो उपभोक्ताओं को प्रीपेड या पोस्टपेड मीटर का विकल्प चुनने का अधिकार देती है, में कहीं भी कोई संशोधन प्रस्तावित नहीं किया गया है। जबकि बिजली कंपनियां वह अनेकों राज्यों के ऊर्जा प्रमुख इस बात पर उपभोक्ताओं को लगातार कन्वेंस कर रहे थे कि इस धारा में जब भी कभी विद्युत अधिनियम में संशोधन होगा तो इसमें भी संशोधन प्रस्तावित हो जाएगा। इसलिए सभी लोगों को स्मार्ट प्रीपेड मीटर अनिवार्य रूप से लगवाना चाहिए लेकिन अब जब संशोधन का प्रस्ताव सामने आ गया है या सिद्ध हो गया है कि उपभोक्ताओं का यह अधिकार सुरक्षित है।

### सेंट्रल बार एसोसिएशन पदाधिकारियों के चैंबर तोड़े, वकीलों में गुस्सा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के सिविल कोर्ट परिसर में रविवार को तब तनाव फैल गया जब सेंट्रल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं के चौंबर प्रशासनिक कार्रवाई के तहत तोड़ दिए गए। बिना किसी पूर्व सूचना या नोटिस के हुई इस कार्रवाई से वकीलों में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला। अधिवक्ताओं ने इसे मनमानी व गैरकानूनी कार्रवाई करार देते हुए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई और क्षतिग्रस्त चैंबरों के पुनर्निर्माण की मांग की है। रविवार सुबह करीब 10 बजे के आसपास न्यायालय परिसर के उस हिस्से में प्रशासनिक टीम पहुंची, जहां चैंबर बने थे। टीम ने कुछ चैंबरों को अवैध निर्माण बताकर गिरा दिया।




गांव के प्रत्येक घर तक बैंकिंग सुविधाओं को पहुंचाएं : बृजेश पाठक

## सरकार महिलाओं, दलितों और आम नागरिकों को सुरक्षा देने में भाजपा पूरी तरह नाकाम : अखिलेश

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को भाजपा सरकार पर महिलाओं की सुरक्षा में विफलता को लेकर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं, दलितों और आम नागरिकों को सुरक्षा देने में पूरी तरह नाकाम रही है।

अखिलेश यादव ने यह बयान एनसीआरबी (राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो) की रिपोर्ट के हवाले से दिया, जिसमें महिलाओं के खिलाफ अपराधों में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। लखनऊ में मीडिया से बातचीत करते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा सरकार के नौ सालों में अपराध, भ्रष्टाचार और अन्याय का ग्राफ लगातार बढ़ा है। उन्होंने कहा, भाजपा अपनी विफलता को छिपाने के लिए आंकड़ों का खेल खेल रही है, लेकिन सच्चाई यह है कि महिलाएं और दलित सबसे ज्यादा असुरक्षित हैं। उन्होंने हाल ही में रायबरेली में हुई दलित युवक की हत्या का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार पूरी तरह मौन है। अखिलेश ने आरोप लगाया कि भाजपा के जीरो टॉलरेंस के दावे झूठे और दिखावटी हैं। उन्होंने कहा यह सरकार जीरो टॉलरेंस नहीं बल्कि जीरो काम वाली सरकार है। पुलिस व्यवस्था पूरी तरह राजनीति के दबाव में है, झूठे मुकदमे और मनमानी कार्रवाई ही भाजपा शासन की पहचान बन गई है। अखिलेश यादव ने आगे कहा कि भ्रष्टाचार हर विभाग में गहराई तक फैला है, एक लेखपाल के पास 100 करोड़ की संपत्ति होना इस सरकार की असलियत उजागर करता है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार आरक्षण छीन रही है, विदेशी कंपनियों को बाजार सौंप रही है और स्वदेशी का केवल नारा लगा रही है।

### खनन पट्टों व स्टोन क्रेशर इकाइयों की स्थलीय जांच

**लखनऊ।** सचिव भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग माला श्रीवास्तव के नेतृत्व में विभागीय अधिकारियों की चार सदस्यीय टीम द्वारा मीरजापुर की तहसील सदर, चुनार एवं मड़िहान क्षेत्रों में स्वीकृत संचालित ईमारती पत्थर सैण्डस्टोन के खनन पट्टों, कटर प्लांटों एवं स्टोन क्रेशरों का स्थलीय एवं अभिलेखीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण कार्य में क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय प्रवर्तन अधिकारी ज्येष्ठ खान अधिकारी, सोनभद्र तथा अधिकारियों की अलग-अलग टीमों ने भाग लिया। निरीक्षण के दौरान खनन पट्टाधारकों को निर्देशित किया गया कि विभागीय पोर्टल पर खनन एवं परिवहन हेतु जिस उपखनिज की आईडी जनित है, उसी उपखनिज का खनन एवं परिवहन किया जाये।

## एसटीएफ ने 50 हजार के इनामी को पकड़ा, पॉक्सो में फरार था

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी एसटीएफ ने रविवार को लखनऊ के इंदिरानगर इलाके से गोंडा के करनैलगंज थाने में दर्ज मामले के 50 हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया। पकड़ा गया आरोपी सूरज पुत्र झब्बू निवासी ग्राम छतोंगुर, थाना तम्बौर, जनपद सीतापुर का रहने वाला है।

एसटीएफने बताया कि सूरज को सिद्धि इंटरप्राइजेज के पास इंदिरानगर थाना क्षेत्र से सुबह करीब 10 बजे गिरफ्तार किया गया। आरोपी की तलाश में पुलिस लंबे समय से जुटी थी। पूछताछ में सूरज ने बताया कि वह बीते 3 साल से गन्ना कटाई के सीजन में गोंडा के करनैलगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में जाता था। इस दौरान उसकी वहां की एक नाबालिग लड़की से जान पहचान हुई। मई 2025 में वह लड़की को शादी का झांसा देकर सीतापुर ले गया। कुछ दिन बाद लड़की घर लौट गई। इस मामले में करनैलगंज थाने में पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज होने के बाद वह फरार हो गया। कुछ समय राजस्थान फिर लखनऊ में छिपकर रहने लगा। एसटीएफ के अनुसार, सूरज के खिलाफ पहले भी गंभीर मामले दर्ज हैं। इसके खिलाफ थाना तम्बौर सीतापुर में साल 2023 में रेप का मुकदमा दर्ज हुआ था। उसमें वह जेल भी जा चुका है। आरोपी को करनैलगंज पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। आगे की विधिक कार्रवाई स्थानीय पुलिस कर रही है।

# महिलाओं की भागीदारी से सशक्त होगा संगठन और देश बनेगा आत्मनिर्भर : धर्मपाल सिंह

समृद्धि न्यूज

**पीएम के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से प्रशस्त हुआ महिलाओं को समुचित नेतृत्व मिलने का मार्ग**

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी से ही संगठन सशक्त होगा और देश आत्मनिर्भर बनेगा। मातृशक्ति की राष्ट्र नवनिर्माण में भागीदारी से ही अन्त्योदय की अवधारणा मूर्त रूप लेगी। महिलाएं घर की नींव भी हैं और राष्ट्र की धुरी भी हैं।

धर्मपाल सिंह प्रयागराज में काशी क्षेत्र की महिला मोर्चा पदाधिकारियों तथा महिला जनप्रतिनिधियों की बैठक में संवाद कर रहे थे। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को समुचित नेतृत्व मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। संगठन में भी महिलाओं की भागीदारी और जिम्मेदारी बढे, बड़ी संख्या में महिला नेतृत्व विकसित करना होगा। संगठन में महिलाओं का नेतृत्व बढ़ने से देश की आधी आबादी तक मोदी सरकार एवं योगी सरकार की योजनाएं तथा संगठन की विचारधारा, कार्यक्रम व अभियान पहुंचाने का माध्यम महिलाएं स्वयं बनेगी। प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला,शौचालय, हर घर नल से जल, मुद्रा योजना, जनधन जैसी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन को सुगम, सुरक्षित तथा आत्मनिर्भर बनाया है। महिलाओं के बीच महिलाओं की बात महिलाओं से करने की संवाद शैली संगठन को सशक्त करेगी। समाज व राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाएगी। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सेआत्मनिर्भर भारत का संकल्प जन आन्दोलन बनेगा और भारत स्वदेशी के मंत्र से स्वाबलम्बी, स्वाभिमानी व आत्मनिर्भर होकर विश्व नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ेगा। मातृशक्ति को अपने सामर्थ्य से राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभानी होगी। संगठन स्तर पर महिलाओं की भूमिका को और व्यापक तथा प्रभावी बनाना आवश्यक है।

**निरीक्षण** | **चार सदस्यीय अधिकारियों की टीम ने सैण्डस्टोन के खनन पट्टों व स्टोन केशरों की अभिलेखीय जांच की**

# नियमों व शर्तों का अनुपालन न करने पर होगी कार्रवाई

समृद्धि न्यूज





**लखनऊ।** सचिव/निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, उ.प्र. शासन, लखनऊ की अध्यक्षता में रविवार को निदेशालय के 04 सदस्यीय अधिकारियों की टीम व क्षेत्रीय अधिकारी एवं क्षेत्रीय प्रवर्तन ज्येष्ठ खनन अधिकारी, सोनभद्र एवं जनपदीय अधिकारियों की अलग-अलग टीम बनाकर जनपद मीरजापुर की तहसील सदर, चुनार एवं मड़िहान में स्वीकृत/संचालित ईमारती पत्थर सैण्डस्टोन के खनन पट्टों एवं कटर प्लांट व स्टोन केशरों की स्थलीय/अभिलेखीय जांच की गयी।

निरीक्षण के दौरान खनन पट्टाधारकों को निर्देशित किया गया कि विभागीय पोर्टल पर खनन/परिवहन हेतु जिस उपखनिज की आईडी जनित है उसी उपखनिज का खनन/परिवहन किया जाये। साथ ही जनपदीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया खनन क्षेत्रों में जांच कर यह सुनिश्चित करें कि यदि गिट्टी/बोल्डर की आईडी बनी हुई है तथा पटिया/ब्लॉक का खनन/परिवहन किया जाना पाया जाता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करते हुए राजस्व क्षति की वसूली की जाये। सचिव के निर्देशन में जनपद में अवैध खनन/परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण रखने के उद्देश्य से सतत् निगरानी की गयी एवं उपखनिज का परिवहन करने वाले वाहनों का विभागीय पोर्टल vtsdgm.up.in पर पंजीयन होने की जाँच की गयी। अधिकारियों की टीम द्वारा जनपद में स्वीकृत/संचालित खनन पट्टों, स्टोन केशर भण्डारण के स्वामियों को नियम एवं शर्तों के अधीन खनन/परिवहन कार्य करने एवं उपखनिज का परिवहन करने वाले वाहनों का विभागीय पोर्टल visdgm.up.in में पंजीयन कराने के निर्देश देते हुए बताया गया कि यदि उक्त पोर्टल पर वाहनों का पंजीयन नहीं कराया जायेगा तो उन पर ई अभिवहन पास निर्गत नही होगा। अधिकारियों द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि नियमों एवं शर्तों का अनुपालन न करने की दशा में सम्बन्धित खनन पट्टाधारक/भण्डाणकर्ता/परिवहनकर्ता के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी।

# एनडीए कैडेट का पार्थिव शरीर पहुंचा पैतृक गांव

## अंतिम दर्शन के लिए उमड़ा लोगों का हुजूम, गमगीन माहौल में दी अंतिम विदाई

▸ हॉस्टल में लटका मिला था शव, घरवाले शव से लिपटकर बिलखते रहे।

समृद्धि न्यूज़





**बहराइच ।** बहराइच के लाल एनडीए कैडेट अंतरिक्ष सिंह का पार्थिव शरीर रविवार की सुबह 9.30 बजे गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया। उनके अंतिम दर्शन को लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। लोग संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत पर विश्वास नहीं कर पा रहे हैं। घरवाले शव से लिपटकर बिलखते रहे। गमगीन माहौल में उन्हें अंतिम विदाई दी गई।

रुपईडीहा थाना क्षेत्र के नरैनापुर गांव निवासी अंतरिक्ष कुमार सिंह (18) की पुणे स्थित एनडीए (राष्ट्रीय रक्षा अकादमी) में शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। अंतरिक्ष एयरफोर्स में सेकंड लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित हुए थे। वह 3 जुलाई 2025 से प्रथम वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। माता-पिता और मामा रविवार की सुबह पुणे से उनका शव लेकर घर पहुंचे तो घर में चीत्कार मच गई।

सुबह करीब 9.30 बजे पार्थिव शरीर लेकर एंबुलेंस गांव पहुंची तो पूरा गांव शोक में डूब गया। मां सीमा सिंह का रो-रोकर बुरा हाल था। पिता रवि प्रताप सिंह जो वर्तमान में असम में सेना में सूबेदार के पद पर तैनात हैं। शरीर लाड़ले बेटे का शव देखकर जैसे सुन्न पड़ गए। सैन्य सम्मान के साथ सेना के जवानों ने सलामी देकर पार्थिव शरीर घर के द्वार पर रखा। फैजाबाद से डोगरा रेजिमेंट के सैनिकों की टुकड़ी गार्ड ऑफ ऑनर देने के लिए गांव पहुंची थी।

हर आंख नम थी, हर जुबां पर सिर्फ एक ही शब्द था अंतरिक्ष तुम कहां चले गए। एनडीए प्रशासन के मुताबिक, शुक्रवार सुबह साथियों ने देखा कि अंतरिक्ष के हॉस्टल का



कमरा अंदर से बंद है। काफी देर तक कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर अधिकारियों को सूचना दी गई। वरिष्ठ अधिकारियों ने कमरे का दरवाजा खुलवाया तो अंतरिक्ष मृत अवस्था में मिले।

फिलहाल जांच की प्रक्रिया जारी है। गांव में एक ओर जहां सेना का अनुशासन और सम्मान दिखा। वहीं दूसरी ओर हर दिल में गहरा दुख था। लोग कह रहे थे, जिसने आसमान छूने की ठानी थी, वो आज इतनी कम उम्र में सदा के लिए सितारा बन गया। गमगीन माहौल में अंतरिक्ष को अंतिम विदाई दी गई।

# एडीएम ने राज्य व प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के निर्देश

समृद्धि न्यूज़

**बहराइच।** उ.प्र. लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा जनपद के 11 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होने वाली सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा तथा सहायक वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा-2025 दो पालियों में सम्पन्न हुई।

प्रथम पाली में सम्पन्न होने वाली परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी अमित कुमार ने परीक्षा केन्द्रों महिला पी.जी. कालेज एवं स्वर्गीय ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय तथा पं. वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कॉलेज का निरीक्षण कर संचालित हो रही परीक्षा का जायजा लिया तथा मौके पर मौजूद केन्द्र व्यस्थापकों तथा स्टैटिक मजिस्ट्रेट को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। एडीएम ने परीक्षा केन्द्रों पर स्थापित कन्ट्रोल का निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता का



भी जायज़ा लिया। जनपद में परीक्षा के लिए निर्धारित 11 परीक्षा केन्द्रों पर प्रथम पाली में सम्पन्न परीक्षा में परीक्षा केन्द्र राजकीय इण्टर कालेज पर 199, महाराज सिंह इण्टर कालेज पर 201, आज़ाद इण्टर कालेज 199, पं. वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज 198, किसान डिग्री कालेज ब्लाक-ए पर 191, राजकीय बालिका इण्टर कालेज पर 218, राजकीय पॉलीटेक्निक आसाम चैराहा पर 230, किसान डिग्री कालेज ब्लाक-बी पर 191, राजकीय पॉलीटेक्निक, मोहम्मदपुर, नानपारा रोड बहराइच पर 201, महाराजा सुहेल देव स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय बहराइच पर 193 तथा महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय पर 252 परिक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार कुल 4320 परीक्षार्थियों के सापेक्ष कुल 2273 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

इसी प्रकार द्वितीय पाली में सम्पन्न परीक्षा में परीक्षा केन्द्र राजकीय इण्टर कालेज पर 199, महाराज सिंह इण्टर कालेज पर 201, आज़ाद इण्टर कालेज 199, पं. वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज 199, किसान डिग्री कालेज ब्लाक-ए पर 192, राजकीय बालिका इण्टर कालेज पर 221, राजकीय पॉलीटेक्निक आसाम चैराहा पर 230, किसान डिग्री कालेज ब्लाक-बी पर 191, राजकीय पॉलीटेक्निक, मोहम्मदपुर, नानपारा रोड बहराइच पर 201, महाराजा सुहेल देव स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय बहराइच पर 194 तथा महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय पर 254 परिक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार कुल 4320 परीक्षार्थियों के सापेक्ष कुल 2281 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### 24 घंटे में बरामद हुई अपहृता, मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**विशेश्वरगंज,बहराइच, समृद्धि न्यूज़ ।** थाना विशेश्वरगंज पुलिस ने अपहरण के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए सिर्फ 24 घंटे के भीतर अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामला थाना क्षेत्र के महेश्वरीपुरवा दा0 बनजरिया गांव का है। वादी निर्मल कुमार पुत्र दान सिंह ने 11 अक्टूबर 2025 को थाना विशेश्वरगंज में तहरीर दी थी कि उसकी नाबालिग पुत्री को राकेश कुमार उर्फ महेश पुत्र पदारथ निवासी गड़रहवा दा0 मझवा बनकट थाना विशेश्वरगंज अपने सहयोगियों मीना देवी पत्नी फुलगोभी, फुलगोभी पुत्र पदारथ, निवासीगण गड़रहवा दा0 मझवा बनकट थाना विशेश्वरगंज दुरविजय पुत्र हरिश चन्द्र, हरिश चन्द्र पुत्र मुन्नीलाल निवासीगण महेश्वरीपुरवा दा0 हरदाही थाना विशेश्वरगंज की मदद से बहला–फुसलाकर भगा ले गया था। थानाध्यक्ष ने घटना को गम्भीरता से लेते हुए तत्काल मुकदमा दर्ज किया और विवेचना उपनिरीक्षक राधेश्याम यादव को सुपुर्द की। उन्होंने टीम बनाकर हेड कॉन्स्टेबल अभिषेक गौड़ और महिला कॉन्स्टेबल प्रिंयका यादव के साथ लगातार दबिश देते हुए 24 घंटे के भीतर अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया। मुख्य आरोपी राकेश कुमार उर्फ महेश पुत्र पदारथ को गिरफ्तार कर अगली कार्यवाही की जा रही है।

दलजीत पुरवा में रसल वाइपर निकलने से हड़कंप

### वन विभाग ने जहरीले सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ा



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** दलजीत पुरवा गांव में रविवार दोपहर एक घर के पास बंगले में जहरीला रसल वाइपर सांप निकलने से हड़कंप मच गया। हनुमान प्रसाद के घर के आगे यह सांप देखा गया, जिसके बाद ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। गांव के रोजगार सेवक जलालुद्दीन ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। जानकारी मिलते ही कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के मोतीपुर वन रेंज के वन दरोगा शाहिद अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वन विभाग की टीम ने काफी देर तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। कड़ी मशक्कत के बाद रसल वाइपर सांप को पकड़कर एक बोरे में सुरक्षित कैद कर लिया गया। वन दरोगा शाहिद ने बताया कि पकड़े गए सांप को जंगल में छोड़ दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि रसल वाइपर एक अत्यंत जहरीला सांप होता है।

### ई रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

**झझरी/गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के सिसउर अंदू पुर ग्राम के निवासी शिवम कोरी अपने पत्नी 22 वर्षीय कुसुम के साथ शनिवार की देर शाम को गोंडा बाजार आया था। सामान की खरीद दारी कर के वापस घर जा रहा था। जाते समय रात्रि करीब 8 बजे धाने पुर मार्ग स्थित साल पुर बाजार के आसपास ई रिक्शा से बाइक की आमने सामने टक्कर हो गई। टक्कर होने की वजह से पल्सर बाइक पर सवार पीछे बैठी कुसुम गिर गई। बेहोशी हालत में उस को मेडिकल कालेज लाया गया। चिकित्सक ने देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया। पति शिवम को इलाज के बाद छोड़ दिया गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है।

### राकेश टिकैत ने मायावती पर साधा निशाना



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के अध्यक्ष राकेश टिकैत का आज बहराइच में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। वह पड़ोसी जनपद श्रावस्ती में आयोजित किसान पंचायत में शामिल होने जा रहे थे। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बसपा सुप्रीमो मायावती पर निशाना साधा। टिकैत ने कहा कि मायावती विपक्ष में होकर भी विपक्ष से ही लड़ रही हैं। उन्हें सरकार से मुकाबला करना चाहिए, न कि विपक्षी दलों से। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल पर राकेश टिकैत ने कहा कि यदि चुनाव बेईमानी से हुए तो बेईमानों और पूंजीपतियों की सरकार बनेगी। वहीं, अगर चुनाव ईमानदारी से हुए तो ईमानदारों की सरकार आएगी और मौजूदा सत्ताधारी दल को हार का सामना करना पड़ेगा। इस कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# शूटरों ने आदमखोर भेड़िए पर की फायरिंग, घायल होकर भागा

▸ एक महिला समेत पांच पर हमला किया, बच्ची की हालत गंभीर

समृद्धि न्यूज़

**बहराइच ।** भेड़िए ने शनिवार को 5 लोगों पर हमला कर दिया। हमले में एक महिला सहित 4 बच्चे घायल हो गए। भेड़िए ने घर के बाहर खेल रही एक बच्ची के गले को मुंह में दबोच लिया। बच्ची की चीख सुन आस-पास के लोगो दौड़े। इसके बाद भेड़िया बच्ची को छोड़कर भाग गया। बच्ची खून से लथपथ हो गई। मां ने उसे गोद में उठाया तुरंत अस्पताल ले गई। जहां डॉक्टर ने गंभीर स्थिति देख लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

सूचना वन विभाग की टीम गांव में पहुंची। देर रात एक भेड़िए को गोली मार दी। लेकिन घायल भेड़िया भाग निकला। जिसका ड्रोन वीडियो सामने आया है। जिसमे भेड़िया लंगड़ाते हुए भागता दिख रहा है। कुछ दिन पहले सीएम योगी ने भेड़िए को मारने के लिए आदेश दिया था। पूरा मामला कैसरगंज तहसील क्षेत्र के केलहा पुरवा, मंझारा तौकली का है।ड़िए का आतंक जारी है। भेड़िए ने शनिवार को मंझारा तौकली के अलग-अलग मंझरे में पांच लोगों पर हमला कर दिया। भेड़िए ने शनिवार सुबह बलराजपुरवा में लालजी की पत्नी दुर्गावती (40) घर में सोते समय हमला कर दिया। उनके हाथ में भेड़िए के दांत के निशान मिले। जिनका इलाज कराया गया। थोड़ी देर बाद भेड़िए ने बहराइचनपुरवा में हेमराज की बेटी मेनका (4), श्यामदेवपुरवा में रामकिशन की बेटी मीना कुमारी (13) को घायल कर दिया। खैरी लोनिया में चंद्रसेन (4) के पीठ पर हमला कर दिया। सभी का कैसरगंजमें इलाज कराया गया।



**बेटी के चीखने की आवाज सुनकर दौड़ी**

केलहा पुरवा की रहने वाली शिवकुमारी ने बताया कि मेरी बेटी पुष्पा (7) घर के बाहर खेल रही थी। मेरे पति बाहर गए थे। मैं घर का काम कर ही थी। तभी बेटी के चीखने की आवाज आई। मैं भागकर बाहर आई तो देखा भेड़िए ने बेटी का गला दबोच रखा है। मैं शोर मचाने लगी। इतने में गाव के लोग भी आ गए। भीड़ देख भेड़िया खेत की तरफ भाग गया। मैं बेटी के पास गई। तुरंत उसे गोंद में उठा लिया। थोड़ी ही देर में उसका पूरा शरीर खून से लथपथ हो गया। मैं ग्रामीणों के साथ उसे कैसरगंज सीएचसी लेकर गई। जहां डॉक्टर ने उसकी हालत गंभीर देख लखनऊ रेफर कर दिया। परिजन बच्ची को लेकर लखनऊ गए। जहां उसका इलाज चर रहा है। बच्ची अभी कुछ बोल नहीं रही है। उसके गले में भेड़िए के दांत घुस गए थे। बहुत खून बह रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि हमले की सूचना वन विभाग को दी गई। शनिवार शाम टीम गांव में पहुंची। देर रात वन विभाग की टीम ने मंझारा तौकली क्षेत्र में एक भेड़िए पर गोली चलाई, जो घायल होकर भाग निकला। ड्रोन कैमरे में वह लंगड़ाते हुए कैद हुआ है। अब तक भेड़िए के हमलों में चार मासूमों समेत छह लोगों की जान जा चुकी है। जबकि 25 से अधिक लोग घायल हो चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी प्रभावित इलाकों का दौरा कर भेड़िए को पकड़ने या शूट करने के निर्देश दिए थे, इसके बावजूद हमले जारी हैं।

**टीम भेड़िए को मारी गोली**

डीएफ़ओ राम सिंह यादव ने बताया कि मझरा तौकली के मजरा कोनिया में भेड़िए की मौजूदगी की सूचना पर टीम पहुंची थी। उसी दौरान एक भेड़िया भागता दिखाई दिया, जिस पर शूटर ने फायरिंग की। गोली उसके पैर में लगी, लेकिन वह भागने में सफल रहा। भेड़िए की पहचान ड्रोन कैमरे से हो चुकी है और उसे पकड़ने के लिए वन विभाग की 20 से अधिक टीमें लगातार कांबिंग कर रही हैं। इस अभियान में भोपाल और बंगाल से बुलाए गए विशेषज्ञ भी शामिल हैं, जो स्थानीय टीमों के साथ मिलकर इस आदमखोर भेड़िए को पकड़ने या मार गिराने की रणनीति पर काम कर रहे हैं।

# घर से बाहर जा रही महिला पर तेंदुए ने किया हमला, गंभीर रूप से घायल

समृद्धि न्यूज़

**बहराइच ।** रविवार सुबह घर से बाहर निकली एक महिला पर तेंदुए ने हमला कर दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रेफर किया गया है। यह घटना कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के निशानगाड़ा रेंज के रमपुरवा मटेही गांव में हुई। सुबह करीब 6 बजे सोनवारसा पत्नी राम बहादुर अपने घर के बाहर जा रही थीं, तभी तेंदुए ने उन पर घात लगाकर हमला कर दिया।

महिला के चिल्लाने पर परिजन मौके पर पहुंचे, जिसके बाद तेंदुआ गन्ने के खेत में भाग गया। ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलने पर वन दरोगा आदर्श कुमार और मुंशी कौशल कुमार सिंह सहित कई वनकर्मी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। क्षेत्रीय ग्रामीणों के अनुसार, गांव के आसपास तेंदुए का आतंक लगातार बढ़ रहा है, जिससे ग्रामीण दहशत में हैं।



कांबिंग में जुटी विभाग की टीम

बीते दिनों भी तेंदुए ने एक साइकिल सवार पर हमला कर उसे घायल कर दिया था। वन विभाग के मुताबिक, नवीनपुरवा गांव में टीम मौजूद है और लगातार कॉम्बिंग की जा रही है। विभाग ने पास के गांव में 2 तारीख को एक पिंजड़ा भी लगाया था, लेकिन तेंदुआ उसके आसपास नहीं आ रहा है, जिससे उसे पकड़ने में चुनौती आ रही है।

# जब उचित दर विक्रेता हो दबंग तो उपभोक्ता को कैसे मिले पूरा राशन

प्रकरण ग्राम सभा पिलखवा विकासखंड पड़री कृपाल का जहां के उचित दर विक्रेता सुखराम तिवारी नहीं देते हैं अंत्योदय कार्ड धारकों को पूरा राशन

नरेंद्र लाल गुप्ता

**गोंडा।** वैसे तो गोंडा में इस समय अधिकतर उचित दर विक्रेता मनबढ़ हो चुके हैं लेकिन कुछ इतनी ज्यादा मनबढ़ हो गए हैं कि उनका कहना है कि चाहे लिखो चाहे पढ़ो हम अपने आदत में सुधार नहीं लाने वाले हैं भारत सरकार हो या उत्तर प्रदेश सरकार हो जहां गरीबों को मुफ्त में राशन मुहैया कराने की कोशिश कर रही है।

वहीं यह जो उचित दर विक्रेता है उनके मुंह का निवाला छीनने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं हम आपको बताते चलें कि जिले के विकासखंड पड़री कृपाल के ग्राम सभा पिलखावा में उचित दर विक्रेता सुखराम तिवारी है जिन्होंने रविवार को राशन वितरण का कार्य शुरू किया किंतु यहां हम उपभोक्ता का नाम कुछ कारणों से नहीं



लिख रहे हैं उसके द्वारा बताया गया मेरा अंत्योदय कार्ड है जिस पर मुझे मात्र 20 किलो राशन जिसमें 10 किलो चावल और 10 किलो गेहूं दिया जाता है इस पर जब उसको बताया गया कि आपको 35 किलो राशन मिलना चाहिए तो उसके द्वारा बताया गया जो कोटेदार देते हैं हम तो उनकी कृपा पर जी रहे हैं इसी प्रकार एक दूसरे कार्ड धारक ने बताया मेरा राशन कार्ड पात्र गृहस्थी का है और दो यूनिट का है किंतु मुझे मात्र 8 किलो राशन मिलता है ऐसे में बहुत ही विचित्र प्रश्न यह है कि जब सरकार राशन देने के लिए प्रतिबद्ध है तो उचित दर्द विक्रेता इस पर दबंगई क्यों करते हैं ?

### बैनामे के नाम पर हड़प लिया पांच लाख रुपया प्राथमिकी दर्ज

**गोंडा।** नगर कोतवाली क्षेत्र में बैनामे की नाम पर पांच लाख रुपए हड़प लिए। पीड़ित ने तहरीर देकर धोखाधड़ी का दो लोगो के खिलाफ में प्राथमिकी दर्ज कराया है। नगर कोतवाली क्षेत्र के पथवलिया बनकटा चार निवासी जगत राम यादव ने तहरीर दिया कि 5 जनवरी 2020 को शहजाद अली और बद्री उस के घर पर आए और कहा कि छ लाख रूपए में माधव गंज में जमीन दिला देंगे। इस पर उस ने कहा कि मेरे पास एक लाख पचास हजार रुपए है और रूपए नहीं है। इस पर उसने कहा कि रिश्तेदार से कुछ पैसा ले कर दे दो। इस पर मैने अपने रिश्तेदार से एक लाख पचास हजार रुपए ले कर कुल तीन लाख रुपए 6 जनवरी 2020 को दिया। बाद में दो लाख 85 हजार रुपए दिया। बाकी 14 हजार रुपए जमीन जब बैनामा कराने के दौरान देने को कहा था। जब जमीन बैनामा कराने 28 अक्टूबर 2020 को गवाह लेकर आया तो कागज में लिपिकीय त्रुटिवश जमीन का बैनामा नहीं हो पाया। बाद में सही होने पर करने को कहा था। बाद में जमीन का बैनामा नहीं किया।

# मिठाई की दुकानों पर खाद्य विभाग का ताबड़तोड़ छापा जारी, मचा हड़कंप

समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** दीपावली त्योहार को देखते हुए आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उ.प्र. द्वारा निर्गत आदेश एवं ज़िलाधिकारी महोदया के निर्देश पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में खाद्य टीम द्वारा पंत नगर, पथवलिया, स्थित अवध डेरी नामक खाद्य प्रतिष्ठान पर छापा मार कार्रवाई कर खोया, घी व बूंदी के जाँच हेतु नमूने संकलित किये गये ।मौक़े पर मौजूद ख़राब हो चुके 50 कि.ग्रा.खोया तथा 30 कि.ग्राम. मिठाई का विनष्टीकरण करवाया गया तथा 40 कि.ग्रा. बूंदी सीज की गई ।

मौके पर मौजूद उपरोक्त खाद्य प्रतिष्ठान के मालिक जमुना राम मिश्र ने उक्त प्रतिष्ठान का खाद्य लाइसेंस प्रस्तुत किया । जिसके अवलोकन से स्पष्ट हुआ कि उक्त लाइसेंस खाद्य पदार्थों के थोक विक्रय, वितरण एवं



आपूर्ति मात्र हेतु प्रदान किया गया है ।जबकि उपरोक्त खाद्य प्रतिष्ठान में खोया, घी व मिठाइयों का विनिर्माण होते हुए पाया गया। जो कि खाद्य लाइसेंस की शर्तों व सम्बंधित नियमों का उल्लंघन है।

मौके पर ही उपरोक्त प्रतिष्ठान पर खाद्य पदार्थों के विनिर्माण कार्य को बंद कराते हुए प्रतिष्ठान मालिक को स्पष्ट व सख़्त निर्देश दिया कि जब तक कि उपरोक्त प्रतिष्ठान को नियमानुसार खाद्य पदार्थ विनिर्माण की अनुमति प्राप्त नहीं होगी तब तक उपरोक्त प्रतिष्ठान पर खाद्य पदार्थ विनिर्माण कार्य बंद रहेगा। उल्लंघन किये जाने पर संबंधित के विरुद्ध क़ानूनी कार्रवाई की जायेगी। जिस समय खाद्य टीम में संजय कुमार सिंह, अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी व डॉ संजय सिंह मौजूद रहे।

# पारदर्शी ढंग से परीक्षा कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से रहा मुस्तैद

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2025 का आयोजन दिनांक 12 अक्टूबर रविवार को 02 पालियों ( प्रथम पाली 09.30 से 11.30 पूर्वाहन, द्वितीय पाली अपराहन 2.30 बजे से 4.30 बजे तक) जनपद गोण्डा में भी किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षा के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी ढंग से सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद एवं सजग है। इसी क्रम में 12 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा जनपद मुख्यालय स्थित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापन, सुरक्षा प्रबंध, प्रवेश/निकास व्यवस्था, महिला अभ्यर्थियों की तलाशी हेतु महिला पुलिस बल की व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, मजिस्ट्रेट/पुलिस



अधिकारियों की तैनाती एवं बल वितरण की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि सभी परीक्षा केन्द्रों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में राजपत्रित अधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, निरीक्षक/उप निरीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारी, हेड कांस्टेबल, कांस्टेबल, महिला कांस्टेबल तैनात किए गए हैं। परीक्षा केन्द्रों के चारों ओर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। महोदय द्वारा कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्र में पड़ने वाले परीक्षा केन्द्रों पर लगातार भ्रमणशील रहें और किसी भी परिस्थिति में कानून-व्यवस्था प्रभावित न हो। परीक्षा केन्द्रों पर लगे कैमरों की रियल टाइम निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

### खाते दार को पता नहीं, लोन होकर हैकर के माध्यम से निकल गया पैसा

**गोंडा।** एचडीएफसी बैंक का गजब कारनामा समाने आया।बैंक के खाता धारक को पता ही नहीं चला कि कब उस के खाते पर लोन हुआ और पैसा भी निकल गया। बैंक ने जब फोन कर पैसा जमा करने की बात कही तब उस को पता चला कि उस के खाते पर लोन हुआ था। एस पी के आदेश पर एच डी एफ सी बैंक के अधिकारी और प्रबंधक बड़गांव शाखा के खिलाफ में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। नगर कोतवाली क्षेत्र के जानकी नगर कालोनी निवासी दुर्गेश नंदिनी पत्नी प्रेम श्रीवास्तव का खाता बड़गांव शाखा एच डी एफ सी बैंक में है। उस ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत किया कि एच डी एफ सी बैंक के प्रबंधक पंकज कुमार और अधिकारी का उस के पति के मोबाइल पर फोन आया तो उस के पति प्रेम श्रीवास्तव और उन का दोस्त दीपू, सागर भी साथ में गए। बैंक का लोन जमा कराने की बात कहने लगे तो इस पर उस के पति ने कहा कि उनकी पत्नी ने कोई लोन नहीं लिया है।

अपील

वित्त विहीन प्रबंधक फाउंडेशन की बैठक सम्पन्न,सदस्यों ने रखे विचार

# ब्लॉक में 11 प्रबंधकों की कमेटी बनाकर संख्या बल बढ़ाने की जरूरत

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** मनकापुर स्थित वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधक फाउंडेशन की पूर्व निर्धारित कार्यक्रम द्वारा महत्वपूर्ण बैठक मॉडर्न पब्लिक स्कूल मनकापुर, जिला संयोजक, नीलम प्रकाश पाठक के संयोजन में संपन्न हुई। बैठक में वित्त विहीन विद्यालय प्रबंधक फाउंडेशन में विद्यालय संचालन में आने वाली विभिन्न समस्याओं से प्रबंधकों द्वारा अवगत कराया गया। जिला संयोजक, नीलम प्रकाश पाठक ने कहा कि गोंडा जनपद में 16 ब्लॉक हैं। हर ब्लॉक में ग्यारह प्रबंधकों की कमेटी बनाकर संगठन में संख्या बल बढ़ाया जाना चाहिए और उन्होंने प्रबंधक, सदस्यों को बढ़ाने की अपील किया।

आने वाले समय में विद्यालय चलाना पूंजी पत्तियों का सपना होगा। सरकार द्वारा मानक बढ़ाए जाने से



निचले व मध्यम वर्ग के स्कूल आने वाले समय में मानक के अभाव में बंद हो जाएंगे। सरकार मानक के अभाव में बंद करने का प्रयास कर रही है, ऐसे में आप सभी प्रबंधक साथियों से अपील है। कि आप सभी एक जुट होकर इस प्रबंधक फाउंडेशन का सहयोग दीजिए और संगठन के माध्यम से आपके विद्यालय संचालन में आ रही कठिनाइयों के माध्यम से निराकरण कराया जाएगा।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष नवीन कुमार मिश्रा ने कहा कि हमारा प्रबंधक छोटे-छोटे कस्बे में विद्यालय संचालन कर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में अस्सी प्रतिशत योगदान है और साक्षरतादर बढ़ा कर सामाजिक और नेक कार्य कर रहा है। इसमें सरकार और शिक्षा विभाग को स्कूल चलाने वाले हम प्रबंधक साथियों को सम्मानित करना चाहिए। जिला उपाध्यक्ष, खेमचंद जी ने कहा कि प्रत्येक माह ब्लॉक की बैठक की जाए। जिला महामंत्री ऐश्वर्य प्रियदर्शी गुप्त ने कहा कि जिले के 16 ब्लॉक से हमें 4 जिला उपाध्यक्ष नियुक्त करने हैं। जिससे प्रबंधक संघ को विस्तार और मजबूती मिलेगी।

प्रबंधक फाउंडेशन की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश संयोजक, एसपी गुप्त ने सभी विद्यालय संचालकों की समस्याओं को सुनकर उनका शिक्षा अधिकारियों और प्रदेश शासन के माध्यम से निराकरण करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला सहसंयोजक, अनुराग अग्निहोत्री, जिला सलाहकार डॉ अशोक शुक्ला,नगर संरक्षक हनुमान प्रसाद जोशी, संजय पाल, अश्विनी पाठक, और अभिषेक जायसवाल, सहित कई विद्यालयों के प्रबंधक गण उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**महराजगंज, रायबरेली।** तहसील क्षेत्र में रविवार को एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक पिकअप के ऊपर बैठा था, जिसे असनी चौराहे पर गाड़ी के अंदर अचेत अवस्था में पाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, पिकअप चालक चाय पीने के लिए असनी चौराहे पर रुका था। जब उसने गाड़ी के अंदर देखा, तो युवक अचेत और घायल पड़ा था। युवक की मौत की सूचना मिलते ही चौराहे पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए।घटना की सूचना 112 पर दी गई। सूचना मिलते ही सीओ प्रदीप कुमार और कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पिकअप गाड़ी को भी अपने कब्जे में ले लिया है। मामले की जांच पड़ताल जारी है। मृतक की पहचान सलेथू थाना महराजगंज निवासी निजामुद्दीन पुत्र महबूब (लगभग 37 वर्ष) के रूप में हुई है। निजामुद्दीन के तीन बेटे और तीन बेटियां हैं, जिनमें से तीन बेटों और दो बेटियों की शादी हो चुकी है। एक छोटी बेटी की शादी अभी नहीं हुई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।स्थानीय लोगों द्वारा यह कयास लगाया जा रहा है कि पिकअप में कुछ सामान लदा हुआ था और वह शारदा सहायक पटरी से आ रही थी। आशंका है कि बड़े वाहनों के लिए लगे बैरियर से टक्कर लगने के कारण युवक की मौत हुई होगी। हालांकि, पुलिस जांच के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### नाली और रास्ते के विवाद को लेकर, दो पक्षों में चले लाठी और डंडे दो घायल

**बछरावां, रायबरेली।** नाली और रास्ते के निकलने को लेकर दो पक्षों में मामूली कहासुनी के बाद लाठी डंडों से मारपीट हो गई। जिसमें दोनों पक्षों से दो लोग घायल हुए हैं। जिनका इलाज अस्पताल में किया गया है। बीते शनिवार देर रात्रि 9:00 बजे के आसपास थाना क्षेत्र के ग्राम खैरहनी में एक मारपीट की घटना सामने आई। जिसमें दोनों पक्षों से दो लोग घायल हुए हैं। जहाँ उपचार के पश्चात एक व्यक्ति की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मारपीट की घटना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। स्थानीय गांव निवासी उमेश मिश्रा उर्फ बच्चा मिश्रा पुत्र स्वर्गीय अशोक कुमार उम्र 40 वर्ष बगल में ही रहने वाले कौशलेंद्र मिश्र पुत्र मुकेश मिश्रा उम्र लगभग 18 वर्ष दोनों परिवारों के बीच रास्ते में निकलने और एक नाली का विवाद पूर्व से चला आ रहा है। जिसमें कई बार गाली गलौज तथा कहासुनी भी हो चुकी है। जानकारी प्राप्त हुई की शनिवार शाम से ही दोनों के बीच विवाद चल रहा था। और एकाएक दोनों पक्ष मारपीट आमादा हो गए लाठी डंडे तथा पत्थरों से मारपीट होने लगी। जिसमें उमेश मिश्रा प्रथम पक्ष से तथा कौशलेंद्र मिश्र दूसरे पक्ष से दोनों लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को एंबुलेंस की सहायता से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत उमेश मिश्रा की हालत गंभीर देखते हुए उन्हे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### डॉ. प्रियंका मौर्या का जनपद भ्रमण 14 को



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ प्रियंका मौर्या का एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम 14 अक्टूबर को प्रस्तावित है। उक्त निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूर्वाह्न 11 बजे तहसील गौरीगंज परिसर में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा आयोजित पोषण पंचायत कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी। तदोपरांत दोपहर 2:30 बजे से 6 बजे तक जनसुनवाई, निरीक्षण करेंगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि पोषण पंचायत कार्यक्रम में पोषण प्रदर्शनी एवं मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन कराया जाएगा।

### विवाहिता ने करवाचौथ के दिन लिखा अनोखा अध्याय

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद के थाना क्षेत्र जामो के अंतर्गत टीकरा मयास गांव निवासिनी एक विवाहिता ने करवाचौथ के दिन अपनी जिंदगी का एक नया अध्याय लिखा है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरा गांव निवासी अमरजीत कनौजिया की पत्नी आरती ने अपने चचेरे जेठ राजन के नाम करवा चौथ का व्रत रखा था, जिसका मोबाइल के जरिए राज खुल गया। आरती का जेठ के साथ लगभग 3 वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। अमरजीत रोजी रोटी के चक्कर में परदेश में रहता था। मामला थाने पहुंचने पर पति अमरजीत ने पत्नी की जिद के आगे विवश होकर राजन के साथ जाने पर सहमत होना पड़ा। अमरजीत की शादी करीब 4 वर्ष पहले सुल्तानपुर जनपद के बल्दीराय थाना क्षेत्र के लोहरिया मजरे डेहरिया गांव की आरती के साथ हुई थी। शादी के एक वर्ष बाद ही आरती का झुकाव अपने ससुराल में पारिवारिक जेठ राजन कनौजिया की ओर हो गया था। धीरे-धीरे दोनों के बीच नज़दीकियां बढ़ती गईं और रिश्ता प्रेम में बदल गया। विवाहिता के पति अमरजीत ने कई बार पत्नी को समझाने की कोशिश की। वह आरती को शहर ले गया ताकि दोनों के बीच दूरी आ सके, लेकिन कुछ दिनों बाद आरती वहां से भागकर गांव लौट आई और राजन से संपर्क बनाए रखा। अंत में पत्नी की खुशी में ही पति को संतुष्ट होना पड़ा।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद सम्मान यात्रा का विधायक ने किया शुभारंभ

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद मुख्यालय गौरीगंज की पवित्र भूमि से रविवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, शहीद सम्मान यात्रा का ऐतिहासिक शुभारंभ गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह के द्वारा बड़े हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में किया गया। इस यात्रा का उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और वीर शहीदों के अमर बलिदान को नमन करना, उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाना एवं राष्ट्र के लिए अपने अस्तित्व और सम्मान की रक्षा के संकल्प को पुनः दृढ़ करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक राकेश प्रताप सिंह द्वारा राष्ट्रीय ध्वज भेंट कर एवं चंद्रभान यादव का माल्यार्पण कर किया गया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में आरंभ हुई यह यात्रा पूरे प्रदेश में भ्रमण कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों, युवाओं एवं नागरिकों को एक सूत्र में जोड़ने का कार्य करेगी। यह अभियान न केवल इतिहास के वीरों को याद करने का अवसर है, बल्कि समाज में एकता, देशभक्ति और कर्तव्यबोध की भावना को भी सशक्त करेगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से श्रीचंद्र तिवारी जिला संयोजक, अब्दुल अनीश तहसील अध्यक्ष, श्याम सुंदर गुप्ता जिला कोषाध्यक्ष, मथुरा प्रसाद कोरी, तुलसीराम मौर्या, भगीरथ सिंह, जीतेन्द्र यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता एवं युवा उपस्थित रहे। यह यात्रा पूरे प्रदेश में शौर्य, बलिदान और राष्ट्रीय एकता का संदेश लेकर आगे बढ़ेगी।

### जनपद में पीसीएस प्री. परीक्षा नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा तथा सहायक वन रक्षक क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा प्रारंभिक परीक्षा जनपद में जिलाधिकारी संजय चौहान के मार्गदर्शन में नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। जनपद में कुल 15 परीक्षा केंद्रों का निर्धारित परीक्षा दो पालियों में आयोजित हुई। पहली पाली में कुल 6202 अभ्यर्थियों में से 2878 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। दूसरी पाली में 2868 अभ्यर्थी उपस्थित तथा 3334 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा की निष्पक्षता और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने हेतु प्रशासन की ओर से सख्त निगरानी हेतु जनपद में कुल 15 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 15 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे इसके अतिरिक्त वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दोनों पालियों के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों का लगातार निरीक्षण किया गया ताकि परीक्षा नकलमुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके, साथ ही जनपद स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम के माध्यम से लगातार सभी परीक्षा केंद्रों की मॉनिटरिंग की गई।

### न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में अध्यापक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया



**महराजगंज, रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल मे अध्यापक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अधिक संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। अभिभावकों ने अपने पाल्यों के क्रियाकलापों व प्रगति पर कक्षा-अध्यापक और विषय- अध्यापकों से चर्चा करते हुए परिणामों की समीक्षा की। शिक्षा को बेहतर बनाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव भी साझा किए। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विज्ञान प्रदर्शनी लगाई जिनमें विभिन्न विषयों पर मॉडल व प्रोजेक्ट प्रस्तुत किये साथ ही शिल्प कला प्रदर्शनी के माध्यम से स्वनिर्मित वस्तुओं की प्रस्तुती की गई तथा इनके बारे में अभिभावकों को अवगत भी कराया गया व रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य बच्चे की शैक्षणिक प्रगति और विकास पर चर्चा करना है। यह एक महत्वपूर्ण अवसर है जब माता पिता और शिक्षक मिलकर बच्चे के बारे में जानकारी साझा करते है। छात्रों के अनुशासन व प्रगति में माता पिता की महती भूमिका होती है। अगर समय समय पर शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बैठक आयोजित कर व सामंजस्य स्थापित कर बच्चों के सर्वांगीण विकास पर चर्चा की जाएगी तो निश्चित तौर पर बच्चे प्रगति के पथ पर अग्रसर होंगे।

# दोनों पालियों में पीसीएस (प्री) परीक्षा-2025 सकुशल संपन्न

**कुल पंजीकृत 9216 अभ्यर्थी के सापेक्ष प्रथम पाली में 4611 व द्वितीय पाली में 4578 अभ्यर्थी रहे उपस्थित**

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने बताया कि उप्र लोक सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस (प्रारंभिक) परीक्षा-2025 हेतु जनपद में बनाए गए 22 परीक्षा केंद्रों पर दोनों पालियों में परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि जनपद में परीक्षा देने हेतु कुल पंजीकृत 9216 अभ्यर्थी के सापेक्ष प्रथम पाली में 4611 अभ्यर्थी उपस्थित रहें तथा 4605 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। द्वितीय पाली 4578 अभ्यर्थी उपस्थित रहे व 4638 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। जिन अभ्यर्थियों द्वारा प्रथम पाली में परीक्षा दी गई थी, उन्हीं अभ्यर्थियों को द्वितीय पाली की परीक्षा देनी थी। उन्होंने बताया कि परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया था, कंट्रोल रूम से जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी कैमरा द्वारा निगरानी की जा रही थी। कंट्रोल रूम में शिफ्टवार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी तथा उनका पर्यवेक्षण करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई थी। अपर जिलाधिकारी ने आयोजित परीक्षा के दौरान बनाए गए विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। निरीक्षण के समय अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

### पीसीएस परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न



**महराजगंज, रायबरेली।** कस्बे में स्थित राजा चन्द्र चूड़ सिंह विधापीठ इंटर कॉलेज में आज पी.सी.एस. परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो रही है। परीक्षा केंद्र पर व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के लिए उप जिलाधिकारी गौतम सिंह और क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार स्वयं पहुंचे। उन्होंने परीक्षा केंद्र की सुरक्षा, परीक्षार्थियों की सुविधा और परीक्षा की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। प्रशासनिक अधिकारियों की सतर्कता से परीक्षा का आयोजन निर्बाध रूप से जारी है, जिससे परीक्षार्थियों में भी संतोष देखा गया।

## चलते हुए ट्रक के केबिन में लगी अचानक आग, ड्राइवर ने कूद कर बचाई जान

**हरचंदपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित डिडौली गांव के पास एक चलते हुए ट्रक के केबिन में अचानक आग लग गई। इस घटना से राष्ट्रीय राजमार्ग पर अफरा- तफरी मच गई और यातायात कुछ देर के लिए बाधित हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक प्रयागराज से लखनऊ की ओर जा रहा था, तभी चलते वक्त अचानक उसके केबिन से धुआं उठने लगा और कुछ ही पलों में आग ने भीषण रूप ले लिया। सतर्कता दिखाते हुए ट्रक ड्राइवर ने तुरंत वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक ट्रक का केविन पूरी तरह जलकर कर राख हो चुका था, दमकल विभाग की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू



पाया जा सका। फिलहाल, आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है, लेकिन पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई है। गनीमत यह रही कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। फिलहाल पुलिस प्रशासन के द्वारा ट्रक को हाईवे से किनारे हटवा कर आवागमन पुनः शुरू करा दिया गया है।

## रामलीला, रावण दहन एवं शोभा यात्रा के साथ पुनः दशहरे मेले का हुआ आगाज

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

शरद पूर्णिमा के दिन लगने वाला विशाल दशहरा मेला इंद्रदेव की नाराजगी के चलते भारी वर्षा की भेंट चढ़ गया था। जिससे दशहरा मेला कमेटी को आपातकालीन बैठक बुलाकर मेले की तारीख को आगे बढ़ाना पड़ा, जिसके परिणाम स्वरूप यह तय हुआ की 11 अक्टूबर को रावण दहन होगा और 12 अक्टूबर को विराट दंगल के साथ-साथ देर शाम ड्रामा मंचन खेला जाएगा और 13 अक्टूबर को देर शाम नौटंकी का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी के चलते बदले हुए कार्यक्रम के अनुसार आज 11 अक्टूबर दिन शनिवार को कस्बे के मुख्य चौराहे पर स्थित किदवई पार्क रामलीला के मैदान



में पूरे दिन राम रावण का जबरदस्त युद्ध हुआ। जिसमें देर शाम असत्य पर सत्य की जीत हुई और रावण मारा गया। रावण की मृत्यु के बाद विशालकाय पुतले को भी आग की भेंट में चढ़ा दिया गया है। कस्बे के इंडोर स्टेडियम में दशहरा मेला बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया, जिसमें 50 फूटा रावण मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। जिसे रामलीला मंचन के बाद राम रावण युद्ध समाप्त होते ही देर शाम जला दिया गया। धू-धू कर जलते रावण में जमकर हुई आतिशबाजी का लोगों ने खूब मजा लिया, समूचा प्रांगण जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। मेले में आए नन्हे मुन्ने बच्चों ने खरीदारी करते हुए झूलो का भी खूब मजा लिया। इस बीच भीड़ को काबू करने के लिए प्रशासन को नाको चने चबाने पड़े हजारों की संख्या में मेला देखने आए लोगों ने निकल रही राम बारात में शामिल होकर पूरे कस्बे का भ्रमण करते हुए वापस रामलीला मैदान में आकर सभी लोगों ने बारी बारी से प्रभु श्री राम की आरती करते हुए जय श्री राम का उद्घोष किया। इसके पश्चात देर रात तक स्थानीय कलाकारों द्वारा नाटक को दर्शाया गया जिसका दर्शकों ने जमकर लुत्फ उठाया।

### पति ने पत्नी को खोलते हुए तेल से जलाया, गंभीर रूप से झुलसी

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत हनुमंत नगर मे ऐसा मामला सामने आया जब दहेज की मांग पूरा न होने पर पति ने पत्नी को खोलते हुए तेल में जला दिया। जिससे पत्नी गंभीर रूप से झुलसकर घायल हो गई। जिसकी चीख पुकार सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए और उसकी जान बचाई तथा गंभीर रूप से झुलसी हुई पीड़िता को पड़ोसियों के द्वारा इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां भी पहुंचाया गया। वहीं पड़ोसियों ने घटना की सूचना पीड़िता के मायके वालों को भी फोन करके दी है। घायल पीड़िता आरती सोनी पत्नी संदीप निवासी हनुमंत नगर कस्बा थाना बछरावां ने स्थानीय थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया की प्रार्थना का विवाह 6 वर्ष पूर्व संदीप के साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार हुआ था। विवाह के बाद से ही विपक्षीगण दहेज के लिए लगातार मांग करते थे और आए दिन पीड़िता को गंदी गंदी गालियां देते हुए मारते व पीटते भी रहते थे। साथ ही साथ मानसिक रूप से भी प्रताड़ित करते थे। पीड़िता के द्वारा यह भी बताया गया की बीते दिवस 12:00 के आसपास उसके पति संदीप ने देवर कुलदीप पुत्र महावीर, सास कमलेशा पत्नी महावीर, ससुर महावीर पुत्र अज्ञात के कहने पर उसके ऊपर खौलता हुआ गरम तेल डाल दिया। जिससे पीड़िता का चेहरा जल गया। पीड़िता के साथ घटित हुई घटना की जानकारी होने पर दिनांक 12 अक्टूबर 2025 को सुबह 10:30 बजे पीड़िता के मायके वाले आए तो संदीप के द्वारा उनके सामने फिर से मुझे मारा गया और मेरे मायके वालों को भी गंदी-गंदी गालियां भी दी गई व वह मारपीट फौजदारी पर आमादा हो गए। विपक्षीगणों ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी है। जिसके बाद स्थानीय पुलिस के द्वारा पीड़िता का मेडिकल व इलाज अस्पताल में कराया गया है। इस बाबत थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर प्राप्त हुई है जांच पड़ताल कर तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### अनियंत्रित होकर खेत में पलटा चीनी भरा ट्रक

**बिसवां (सीतापुर)।** बिसवां कोतवाली क्षेत्र के पुरैनी पुल के पास बीती रात एक चीनी से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया। हादसे में ट्रक के हेल्पर की मौत हो गई, जबकि चालक फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, ट्रक बहराइच से गोरखपुर जा रहा था। ट्रक में 410 कुंतल चीनी की 820 बोरियां लदी थीं। हादसे में मृतक हेल्पर की पहचान मनु उर्फ दीपक (22 वर्ष) पुत्र दया शाह, निवासी ग्राम टुंम्मा, थाना रोहताशपुर, जिला रोहतास, बिहार के रूप में हुई है। चालक भी इसी स्थान का रहने वाला बताया जा रहा है। घटना की सूचना पर उप निरीक्षक महेश प्रसाद गंगवार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से घायल हेल्पर को बाहर निकाला। उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फरार चालक की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

## जब होगी बेटी सुरक्षित, तभी बनेगा देश विकसित

**महिला चौपालों में पुलिस पाठशाला**

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**




पुलिस क्षेत्राधिकारीगणो के नेतृत्व में थाना सदरपुर नंदईपुरवा, थाना खैराबाद ग्राम मीनापुर व ग्राम बद्रीपुर, थाना संदना ग्राम भेलावा, थाना सिधौली बस स्टैंड, थाना इमलिया सुल्तानपुर के गंगापुर, थाना नैमिषारण्य के ग्राम कनवाखेड़ा, थाना महमूदाबाद के राधा कृष्ण मंदिर कस्बा पैंतेपुर व गांधी पड़ाव महमूदाबाद, थाना सकरन के ग्राम नकेला, थाना कोतवाली देहात के टेडवा चिलौला, थाना रामपुर मथुरा के ग्राम तुलसीपुर बंजर, थाना मछरेहटा के धरहटी, थाना थानगांव ग्राम सीपतपुर, थाना रामपुर कलां के ग्राम पंचायत रेवा ग्राम एवम् शेष अन्य समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा महिला को सशक्त एवम् जागरुक बनाने के उद्देश्य से ग्राम/कस्बों में महिला चौपालों में उपस्थित महिलाओं से संवाद किया और उन्हें महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनी प्रावधानों, सहायता सेवाओं और हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जानकारी देते हुए महिला सुरक्षा हेतु संचालित हेल्पलाइन नंबर- 1090 (वूमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा) तथा 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) की जानकारी देकर किसी भी प्रकार की छेड़खानी, उत्पीड़न या अशोभनीय आचरण की तत्काल सूचना देने हेतु प्रोत्साहित किया। साथ ही मानव तस्करी/बच्चों की तस्करी के संबंध में भी पुलिस टीम द्वारा विस्तार से जानकारी दी गयी तथा संबंधित को बताया गया कि बच्चियों को इस तरह की अवैध गतिविधियों से कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है। साथ ही समझाने का प्रयास किया कि सुरक्षा के प्रति सजग रहना ही आत्मरक्षा का पहला कदम है।

## दीपक विश्वास बने सांस्कृतिक व कला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्रीय सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी ने अपनी कार्यकारणी का विस्तार करते हुए हुए रंगकर्मी दीपक विश्वास उर्फ वोलटू को सांस्कृतिक व कला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पर मनोनीत किया। मनोनयन राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय व राष्ट्रीय महासचिव शिव बालक त्रिवेदी के निर्देश पर की गई है। बैठक के दौरान जिला उप सचिव डॉ. विकाश जैन ने मनोनयन प्रस्ताव को सभा में पढ़ कर सुनाया, सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी, महासचिव विजय कुमार शुक्ला एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष



अशोक प्रजापति ने नव मनोनीत पदाधिकारी श्री विश्वास को मनोनयन पत्र देकर शुभकामनाए दी। पद ग्रहण करने के बाद दीपक ने अपने दायित्व का निर्वाहन सक्रियता से करने का आस्वाशन दिया। बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी, महासचिव विजय कुमार शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक प्रजापति,उप सचिव डॉ विकाश जैन, जिला प्रवक्ता लक्ष्मीकांत बाजपेयी, कोषाध्यक्ष अम्ब्रीश दीक्षित, जिला मंत्री संजय पाण्डेय, जिला सलाहकार राजीव मिश्रा, डॉ. वीरेन्द्र कुमार आर्या, शेखर कश्यप, सीमा बाजपेयी व आमंत्रित सदस्य में राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय राष्ट्रीय महासचिव शिव बालक त्रिवेदी आदि रहे।

### पूर्व विधायक ने सुनी लोगों की समस्याएं

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व सांसद दीदी स्मृति ईरानी की प्रेरणा से पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी के द्वारा चल रहा जीवन जनहित में समर्पित कार्यक्रम प्रत्येक रविवार की तरह इस रविवार को भी सदस्य प्रदेश परिषद पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश मिश्र मटियारी ने मटियारी भवन जूठीपुर पर समस्याओं को सुना। आमजन के जीवन को सहज बनाने के लिए तत्काल और न्यायपूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर पिछली बार आए मामलों का शत प्रतिशत निस्तारण किया गया। मटियारी जी का कहना है कि जनता की हर समस्या का समाधान ही है मेरी प्राथमिकता है। गौरीगंज की जनता मेरे लिए देवतुल्य है जिसका शोषण एवं प्रताड़ना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गौरीगंज की जनता के लिए सदैव समर्पित रहूंगा।

## डीएम एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारम्भिक) तथा सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा प्रारम्भिक परीक्षा-2025 को सकुशल, सुचितापूर्ण, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने परीक्षा के दौरान विभिन्न परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने राजकीय इंटर कॉलेज, राजा रघुवर दयाल इंटर कालेज, म्युनिसिपल इंटर कालेज, उजागर लाल इंटर कॉलेज, आरएमपी इंटर कालेज, आरएमपी स्नातकोत्तर महाविद्यालय आदि परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं एवं आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि लोक सेवा आयोग द्वारा जारी निर्देशों का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित करते हुए समस्त प्रक्रियाएं संपादित की जाय। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने पुलिस अधिकारियों को परीक्षा के दौरान सुरक्षा मानकों, निर्देशों एवं प्रतिबंधों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराए जाने के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए।

## गोली मारकर हत्या करने वाले दो वांछित अपराधी तमंचों के साथ गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के नेतृत्व में थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर वांछित मोटरसाइकिल सवार 2 अभियुक्त सत्यम उर्फ रंगा पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम पूरे ढखान मजरे गरथोलिया व आशीष पुत्र सिद्धनाथ निवासी ग्राम पूरे कन्धई कुटीवा मजरे नोहरेपुर थाना मुंशीगंज को गिरफ्तार किया गया है। पल्सर मोटरसाइकिल के कागज मांगने पर दिखा न सके। तलाशी से सत्यम उर्फ रंगा के कब्जे से एक तमंचा, एक कारतूस व एक खोखा कारतूस 12 बोर एवं आशीष के कब्जे से एक तमंचा, एक कारतूस व एक खोखा 12 बोर बरामद हुआ है। पुलिस द्वारा पूछताछ में सत्यम उर्फ रंगा ने बताया कि उसके भाई के करीब 10 वर्ष बाद लड़की पैदा हुई थी जिसका बीते 6 अक्टूबर को पूरे ढखान मजरे गरथोलिया में निकासन था जिसमें वह अपने दोस्त देव को फोन करके दिल्ली से बुलाया था। कार्यक्रम में डीजे पर अपने-अपने पसन्द के गाने लगाने की बात को लेकर सत्यम उर्फ रंगा व आशीष का विवाद देव से हो गया था। विवाद ज्यादा बढ़ने पर उन दोनों ने एक राय होकर देव को अपने-अपने तमंचे से गोली मार दिया था जिससे देव गिर पड़ा अस्पताल ले जाने पर मृत्यु हो गयी थी। बरामदगी व गिरफ्तारी के संबंध में थाना प्रभारी मुंशीगंज शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### युवती ने लगाया बुजुर्ग पर अशोभनीय हरकत का आरोप

**अमेठी।** कोतवाली क्षेत्र अमेठी के एक गाँव में उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवती ने गाँव के ही एक बुज़ुर्ग व्यक्ति पर छेड़छाड़ और अशोभनीय हरकतों के गंभीर आरोप लगाए। मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता ने कोतवाली पहुँचकर इस संबंध में तहरीर दी, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि आरोपी बुज़ुर्ग व्यक्ति लंबे समय से उसके साथ अशोभनीय हरकतें कर रहा था। कई बार मना करने और चेतावनी देने के बावजूद वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। घटना बीते 2 अक्टूबर दोपहर की बताई जा रही है। तहरीर के मुताबिक,आरोपी ने मोबाइल बनाने के बहाने युवती को घर बुलाया और जब वह घर आई तो आरोपी ने जबरन उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर बुज़ुर्ग ने उसे जान से मारने की धमकी दी और अश्लील हरकतें कीं।

## अवैध पटाखा बनाने व बेचने वाले पांच अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

तहसील तिलोई के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में आगामी त्यौहार दीपावली के दृष्टिगत अवैध पटाखों के निर्माण, भण्डारण, बिक्री एवं परिवहन के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में मोहनगंज पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग हेतु क्षेत्र में मौजूद थी तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम शंकरगंज में तालाब के पास कुछ लोग पटाखों का भण्डारण किये हुए हैं तथा निर्माण करके बेचते भी हैं। सूचना पर तत्काल मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर अवैध रूप से पटाखा निर्माण कर रहे व भण्डारण किये हुए 5 लोगों को जिनमें



निजामुद्दीन पुत्र स्व मो इस्माइल, असगर अली पुत्र मो अकबर, सद्दाम पुत्र मो अकबर, मो इरफान पुत्र अकबर व राजा पुत्र समुद्दीन निवासीगण ग्राम शंकरगंज को 30 किग्रा बारूद, 1500 सुतली बम, 250 अर्धनिर्मित सुतली बम, 3000 अनार पटाखा, 2000 मस्ताभ, 1000 अर्धनिर्मित मस्ताभ, 1500 बाती पटाखा, 3 बंडल सुतली धागा, 2 बोरी रद्दी पेपर, एक बंडल स्टीकर, एक पटाखा चटाई, 500 पीस चटाई बम, 10 किग्रा कोयला, 5 किग्रा गंधक व पटाखा निर्माण में प्रयुक्त अन्य सामग्री के साथ गिरफ्तार किया है। पटाखा निर्माण व बिक्री करने का लाइसेंस मांगने पर दिखा न सके। मोहनगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## बिहार में चुनाव दिल्ली में खलबली

बिहार चुनाव को लेकर पूरे देश में हलचल है। जिस तरह टिकट बटवारे को लेकर घमासान मचा है उसके कारण दिल्ली तक खलबली मची हुई है। चुनाव की दस्तक के साथ ही देश की राजनीति के साथ ही बिहार की राजनीति फ्रि से उबाल पर है। एनडीए और इंडिया गठबंधन दोनों ही खेमों में टिकट बंटवारे को लेकर जबरदस्त खींचतान और बीच में सुराजपार्टी की दस्तक ने बिहार चुनाव को दिलचस्प बना दिया है। सत्ता की इस जंग में विचारधारा, गठबंधन धर्म और सीटों का गणित सब एक बार फिर से परखे जा रहे हैं। एनडीए में भाजपॉ जदयू और एलजेपी (रामविलास) के बीच तालमेल बनाने के लिए हर आसन लगाए जा रहे है। मुख्यमंत्री नीतीश और भाजपा केंद्रीय नेतृत्व सीटों के वितरण अभी भी असंमजस बना हुआ है। चिराग पासवान की पार्टी भी बहुत ही खास सीटों पर दावा ठोंक रही है। ऐसे में गठबंधन के भीतर सामंजस्य बनाए रखना भाजपा के लिए बड़ी चुनौती है। जदयू की अपनी चिंता यह है कि एनडीए में उसका प्रभाव कम हो रहा है। इंडिया गठबंधन में भी सब कुछ ठीक नहीं है। राजद कांग्रेस और वाम दलों के बीच सीटों को लेकर विवाद दिख रहा है। राजद अपने वोट बैंक और बड़े जनाधार के बल पर अधिक सीटें चाहती है। जबकि कांग्रेस और वाम दल अपने कद के अनुरूप सीटें मांग रहे है। गठबंधन की एकता का दावे में सीटों को लेकर अंदरूनी असहमति साफझलक रही है। यही वजह है कि कई पत्राने नेता अब पाला बदलने की तैयारी में हैं। राजनीतिक अवसरवाद से मतदाताओं निराशा भी पैदा कर रहा है। मतदाता अब मुद्दो से ज्यादा नेताओं की आपसी खींचतान देखने को मजबूर हैं। बिहार की जनता जातिपाति, क्षेत्र और परिवार वाद से उठकर अब विकास रोजगार और शिक्षा जैसे मुद्दो पर जवाब चाहती है। ऐसे में बिहार चुनाव में इस बार प्रशांत किशोर की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। 2025 के 18 वीं बिहार विधानसभा चत्तनाव के लिए बिहार में राजनीतिक दलों के बीच सरगर्मी तेज हो चुकी है। बिहार में विधानसभा की कत्तल 243 सीटे हैं। इनमें 38 सीटें अनुसूचित जाति और 2 अनूसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। बिहार में चुनाव का जिक्र हो और जाति की चर्चा ना हो ऐसा हो नहीं सकता। यही कारण है कि चुनाव में सभी राजनीतिक दल व्यक्ति से ज्यादा जाति को महत्व देकर टिकट बांटते हैं। टिकट वितरण के पैमाने में जाति निर्णायक भूमिका अदा करती है। ब्रह्मण, राजपूत, भूमिहार, कायस्थ, यादव, कोयरी, कुर्मी, पासी, धानुकॉर, पासवान, डोम व मल्लाह आदि जातियों से राजनीतिक दल चुनाव में उम्मीदवार खड़े करते हैं। राजद का वोट बैंक मुस्लिम और यादव समीकरण से मजबूत हैं लेकिन पिछले चुनाव में ओवैसी की एआईएमआईएम से पांच विधायक जीत कर आये तो यह चर्चा होने लगी की राजद का मुस्लिम वोट बैंक अब राजद से दूर जा रहा है, लेकिन राजद ने ओवैसी के चार मुस्लिम विधायकों को अपने पाले में कर लिया। दूसरी तरफएनडीए में भाजपा का सवर्ण, जदयू का पिछड़ा वर्ग, चिराग पासवान का दलित, जीतनराम मांझी का महादलित वोट मिलकर गठबंधन को मजबूत करता है। चरम की स्थिति में बढ़ते बिहार में तेजस्वी यादव जहां एंटी इनकंबेसी फैक्टर को भुनाने की कोशिश कर रहे हैं और राहुल गांधी के साथ वोट चोरी का मुद्दा उठा रहे हैं। नीतिश कुमार ने वोटरों को साधने की कोशिश में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत बिहार की एक करोड़ 21 लाख महिलाओं के खाते में दस हजार रूपये दिये।

# घुसपैठ का गहराता संकट, ग्वालियर की घटना से सबक लेने की जरूरत

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**



**पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के रानीनगर और एलागुला इलाकों से आठ बांग्लादेशी नागरिक पकड़े गए, जो अवैध रूप से भारत में दाखिल हुए थे। त्रिपुरा में भी पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने संयुक्त कार्रवाई में 16 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया। ये सभी लोग मनोपुर और सेपाहीजाला क्षेत्रों में पकड़े गए। इन घटनाओं से स्पष्ट है कि बांग्लादेशी घुसपैठ अब असम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल जैसे पारंपरिक प्रवेश मार्गों से आगे बढ़कर देश के औद्योगिक और शहरी इलाकों तक पहुंच चुकी है। गुजरात, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश दक्षिण भारत के राज्यों में इनकी मौजूदगी ने यह संकेत दिया है कि आर्थिक अवसरों और ढीली प्रशासनिक निगरानी ने इस अवैध प्रवासन को और बढ़ावा दिया है।**

मध्यप्रदेश के ग्वालियर से हाल ही में सामने आया बांग्लादेशी नागरिकों का मामला एक पुलिस कार्रवाई भर नहीं है; यह भारत की आंतरिक सुरक्षा, जनसंख्या संतुलन और प्रशासनिक चौकसी पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। महाराजपुरा एयरबेस जैसे संवेदनशील क्षेत्र के पास बिना वैध दस्तावेजों के बारह वर्षों तक आठ बांग्लादेशी नागरिकों का रहना इस ओर संकेत करता है कि अवैध विदेशी घुसपैठ सीमावर्ती इलाकों तक सीमित नहीं रही, अब यह देश के भीतर गहराई तक फैल चुकी है।

गुजरात में सबसे बड़ी कार्रवाई अप्रैल 2025 में हुई, जब सूरत और अहमदाबाद से हजारों संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने पाया कि ये लोग वर्षों से फर्जी पहचान पत्रों और किरायेदारी के आधार पर रह रहे थे। हरियाणा के गुरुग्राम में भी सैकड़ों अवैध घुसपैठियों को पकड़ा गया, जिनमें बड़ी संख्या में बांग्लादेशी नागरिक शामिल थे। दिल्ली में भी स्थिति कम चिंताजनक नहीं है। उत्तर-पश्चिम दिल्ली, वजीरपुर और दिल्ली कैंट इलाकों में पुलिस ने कई बांग्लादेशी परिवारों को पकड़ा, जो एक दशक से अधिक समय से बिना वैध दस्तावेजों के रह रहे थे। इनसे बरामद मोबाइल डेटा और पहचान पत्रों ने जांच एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में 90 बांग्लादेशी नागरिक पकड़े गए, जिनमें 22 बच्चे शामिल थे। ये सभी ईंट भट्ठों पर मजदूरी कर रहे थे और फर्जी नामों से स्थानीय ठेकेदारों के अधीन कार्यरत थे। वहीं, असम के करीमगंज जिले में पुलिस ने छह बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार कर वापस सीमा पार भेजा।

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के रानीनगर और एलागुला इलाकों से आठ बांग्लादेशी नागरिक पकड़े गए, जो अवैध रूप से भारत में दाखिल हुए थे। त्रिपुरा में भी पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने संयुक्त कार्रवाई में 16 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया। ये सभी लोग मनोपुर और सेपाहीजाला क्षेत्रों में पकड़े गए। इन घटनाओं से स्पष्ट है कि बांग्लादेशी घुसपैठ अब असम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल जैसे पारंपरिक प्रवेश मार्गों से आगे बढ़कर देश के औद्योगिक और शहरी इलाकों तक पहुंच चुकी है। गुजरात, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश दक्षिण भारत के राज्यों में इनकी मौजूदगी ने यह संकेत दिया है कि आर्थिक अवसरों और ढीली प्रशासनिक निगरानी ने इस अवैध प्रवासन को और बढ़ावा दिया है।

हरियाणा पुलिस की सूचना पर ग्वालियर में हुई कार्रवाई बताती है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों का नेटवर्क पूर्वोत्तर राज्यों के साथ हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र, दक्षिण भारत के राज्?य और अब मध्यप्रदेश तक पहुंच चुका है। पानीपत में गिरफ्तार कुछ बांग्लादेशी नागरिकों की निशानदेही पर जब पुलिस ग्वालियर पहुँची, तो महाराजपुरा क्षेत्र से आठ लोगों को पकड़ा गया। जांच में खुलासा हुआ कि सभी बांग्लादेश के निवासी हैं, जो वर्षों से मजदूरी के बहाने भारत में रह रहे थे। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

वस्तुतः देखा जाए तो यह मामला कानून तोड़ने तक सीमित नहीं है; यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। एयरबेस जैसे सामरिक महत्व के क्षेत्र में विदेशी नागरिकों का रहना किसी भी दृष्टि से स्वीकार्य नहीं कहा जा सकता। पुलिस को इनके मोबाइल फोन से कई संदिग्ध संपर्क मिले हैं, जिनकी जांच एटीएस और आईबी जैसी एजेंसियां कर रही हैं। यह आशंका निराधार नहीं कि ऐसे लोग स्थानीय सूचनाएं जुटाकर विदेशी नेटवर्क तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हों। सबसे गंभीर प्रश्न यह है कि इतने वर्षों तक किसी एजेंसी को इसकी भनक क्यों नहीं लगी? स्थानीय लोगों का कहना है कि ये परिवार मजदूरी करते थे, किराए पर रहते थे और किसी को शक नहीं हुआ। यह दर्शाता है कि किरायेदारी सत्यापन प्रणाली और स्थानीय पुलिस निगरानी व्यवस्था कमजोर है। देश के अधिकांश शहरों में हजारों लोग बिना किसी दस्तावेज या पहचान पत्र जांच के किराए पर रह रहे हैं। यह स्थिति ग्वालियर तक सीमित नहीं है, आज ये एक राष्ट्रीय समस्या बन चुकी है।

गृहमंत्री अमित शाह ने कुछ समय पहले कहा था कि विदेशी इस्लामी घुसपैठ भारत की जनसंख्या में असंतुलन पैदा कर रही है। ग्वालियर की घटना इस कथन को और प्रासंगिक बनाती है। भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले बांग्लादेशी, म्यांमार और पाकिस्तान मूल के नागरिकों की संख्या को लेकर वर्षों से विवाद बना हुआ है। सरकारी और स्वतंत्र अध्ययनों में आंकड़े भिन्न हैं, 2001 की जनगणना के अनुसार भारत में लगभग 30 लाख बांग्लादेशी मूल के लोग पाए गए थे, जबकि बाद के वर्षों में कुछ रिपोर्टों ने यह संख्या एक से दो करोड़ तक बताई। भारत-बांग्लादेश सीमा लगभग 4,100 किलोमीटर लंबी है, जो विश्व की सबसे लंबी खुली सीमाओं में गिनी जाती है। यह सीमा नदियों, दलदली इलाकों और जनजातीय क्षेत्रों से होकर गुजरती है, जिससे निगरानी कठिन हो जाती है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के प्रयासों के बावजूद हर वर्ष हजारों लोग अवैध रूप से सीमा पार करते हैं। गृह मंत्रालय के हालिया आंकड़े बताते हैं कि पिछले तीन वर्षों में लगभग पाँच हजार बांग्लादेशी नागरिकों के घुसपैठ प्रयासों को रोका गया है, परंतु जितने पकड़े जाते हैं, उनसे कहीं अधिक लोग अंदर पहुंच जाते हैं। समस्या यह है कि वर्षों तक रहकर ये अदृश्य नागरिक बन जाते हैं। पहचान पाना कठिन हो जाता है कि कौन वास्तविक भारतीय है और कौन अवैध प्रवासी। असम में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) की प्रक्रिया के दौरान यह चुनौती स्पष्ट रूप से सामने आई। हजारों घुसपैठिए उसमें शामिल पाए गए। जिसे लेकर अब तक विवाद बना हुआ है। कुल मिलाकर अवैध प्रवासन देश की जनसंख्या, रोजगार और संसाधनों पर गहरा दबाव डाल रहा है। सीमावर्ती राज्यों जैसे असम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल में पिछले चार दशकों में जनसांख्यिकीय संतुलन में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है। कई स्थानों पर इससे सामाजिक असंतोष, आंदोलन और हिंसा तक की स्थिति बनी। यह सांख्यिकीय नहीं, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक स्थिरता का प्रश्न बन चुका है।

## महामारी का सबब बन सकते हैं बर्फ से निकलते 'दैत्य'

ग्लेशियरों में मौजूद बैक्टीरिया या वायरस जीवन के चिन्ह माने जाते हैं लेकिन इनसे बीमारियां-महामारियां पैदा करने का जोखिम भी जुड़ा है। जलवायु परिवर्तन या मानवीय हस्तक्षेप से यदि बर्फ पिघले तो अनुकूल वातावरण पाकर ये सूक्ष्मजीव पुनरू सक्रिय या जीवित हो सकते हैं। वैज्ञानिक चेतावनी दे चुके हैं कि वे मनुष्यों को संक्रमित कर सकते हैं। एक शोध के दौरान अलास्का की हजारों साल पुरानी बर्फ पिघलाने के बाद वायरस जीवित हुए भी। तेजी से ध्रुवों पर बर्फपिघल रही है जिसमें पड़े संक्रामक सूक्ष्मजीवों का सक्रिय होना संकटकारी है।

इस दिशा में अनदेखी से हजारों साल पुरानी महामारियों के वापस आने की आशंका है जो इंसानी जीवन के लिए तबाही का सबब बन सकती है। अभी हमें नहीं मालूम कि हमारी पृथ्वी से परे इस ब्रह्मांड में कहीं और जीवन है या नहीं। लेकिन तमाम उपग्रहों, अंतरिक्ष वेधशालाओं और रेडियो संकेतों की छानबीन के बाद विज्ञानियों का मत है कि मंगल ग्रह या कहीं और धरती से परे जीवन की कोई संभावना सूक्ष्मजीवों (बैक्टीरिया या वायरस) आदि के रूप में हो सकती है। मुमकिन है कि जिन ग्रहों-उपग्रहों पर बर्फ और पानी का तनिक भी अस्तित्व हो, वहां ऐसे सूक्ष्मजीव मिल सकते हैं जो जीवन पनपा सकें। नमी, गर्म मौसम और वायुमंडल में ऑक्सीजन सरीखी गैसें- जिंदगी पैदा करने के लिए यही सब कुछ तो चाहिए। जरूरत इतनी सी है कि इन सूक्ष्मजीवों को (अगर वे पृथ्वी से बाहर कहीं हैं, तो) किसी तरह सक्रिय यानी जीवित किया जा सके। पर हमारी पृथ्वी को जीवन के स्पंदन से भरने वाले बैक्टीरिया या वायरस की शक्ल वाले इन सूक्ष्मजीवों (माइक्रोऑर्गेनिज्म) की एक भूमिका और भी है। इनका दूसरा पहलू असंख्य बीमारियों और महामारियों को पैदा करने से जुड़ा है। पानी, हवा और जमीन के दृश्यमान माहौल से अलग पृथ्वी की अतल गहराइयों, बर्फ की कंदराओं और चट्टानी दरारों तक में मौजूद सूक्ष्मजीवों को अगर मौका मिले तो शायद वे पूरी कायनात को ही पलट कर रख दें। कोविड महामारी के दौर से ही ऐसी आशंकाएं सिर उठा रही हैं। इधर अमेरिका के कोलोराडो बोल्डर विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने अलास्का (आर्कटिक) की 40 हजार साल पुरानी बर्फ (पर्माफ्रॉस्ट- मिट्टी, बर्फ और चट्टानों का मिश्रण) के कुछ नमूनों को क्या पिघलाया, वे यह देखकर हैरान रह गए कि हजारों साल तक बर्फ में फंसे और जमे रहे सूक्ष्मजीव धीरे-धीरे जीवित हो गए। हालांकि सूक्ष्मजीवों का यह पुनर्जीवन कोई अच्छी खबर लेकर नहीं आया है। माना जा रहा है कि किसी साइंस-फिक्शन हॉरर फिल्म की तरह, ये प्राचीन संक्रामक सूक्ष्मजीव किसी जानवर पर आश्रित होकर अगली मानव महामारी का कारण बन सकते हैं। यह नई सूचना दशकों से प्रचलित उस मान्यता को स्थापित करते हुए प्रतीत हो रही है, जिसमें यह चेतावनी दी जाती रही है कि धरती की गहरी परतों में कैद प्राचीन बर्फ को छेड़ा न जाए क्योंकि इसके अंजाम बहुत बुरे हो सकते हैं। न तो उसकी खुदाई की जाए और न ही ऐसे हालात पैदा किए जाएं, जिससे यह खुद-ब-खुद पिघलने लगे। अलास्का में पृथ्वी की सतह से 350 फुट नीचे जिस इलाके से कोलोराडो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने नए नमूने जमा किए हैं, वहां 1960 के दशक में भी खुदाई की गई थी। 'पर्माफ्रॉस्ट सुरंग' के रूप में विख्यात इस जगह पर अति प्राचीन समय के विशालकाय जानवरों की हड्डियां जस की तस मौजूद हैं। यहां से लिए गए सूक्ष्मजीवों (बैक्टीरिया से समूह) के नमूनों को पानी के बीच 39 से 54 फॉरेनहाइट तापमान रखकर जगाने की कोशिश की गई। छह महीने तक चले प्रयोगों के बीच पाया गया कि शुरुआत में इन बैक्टीरिया समूहों की बढ़वार बेहद धीमी थी, लेकिन इन्हीं में से कुछ ने अपने इर्दगिर्द एक पतला, चिपचिपा पदार्थ बनाना शुरू कर दिया। इस पदार्थ को बायोफिल्म के रूप में जाना जाता है, जो वायरस और बैक्टीरिया की रक्षा करता है और उन्हें फैलने में मदद कर सकता है। विज्ञानियों ने इसका नतीजा यह निकाला कि गर्म और नम माहौल देने पर बर्फ में सदियों तक जमे रहे सूक्ष्मजीव कुछ ही महीनों में जीवित और सक्रिय हो सकते हैं।

**विचार**

# घोष केवल संगीत और वादन नहीं, यह साधना है

**नितिन गर्ग**



**विगत 100 वर्षों में यह यात्रा घोष की बड़ी और समृद्ध इकाई तक पहुँच गई है। घोषदल की इकाई में पणव (बास ड्रम), आनक (साइड ड्रम), शंख, वंशी, झल्लरी (झांझ), ट्राइंगल (त्रिभुज), नियंत्रण और संकेत के लिए घोषदंड शामिल रहता है। आरएसएस का मत है कि घोष केवल संगीत का माध्यम नहीं, बल्कि यह वीरता, पराक्रम और राष्ट्रनिर्माण की भावना का प्रतीक है। शंख, ढोल और रणभेरी जैसे वाद्ययंत्र प्राचीन काल से ही ऊर्जा, उत्साह और विजय के संदेशवाहक रहे हैं। युद्धभूमि में भी ये रणवाद्य वीरता और उमंग का संचार करते थे। संघ का घोष दल उसी गौरवशाली परंपरा को आज के समाज तक पहुंचा रहा है। समय के साथ विदेशी ब्रास बैंड का प्रचलन बढ़ा, लेकिन संघ के घोष में जो धुनें बजाई जाती हैं।**

सो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का जब भी पथ संचलन निकलता है, तब घोष उसका सौंदर्य बढ़ाता है। संघ कार्य का यह शताब्दी वर्ष है। इन 100 वर्षों में जिस प्रकार संघ का क्रमिक विकास हुआ है, उसी प्रकार संघ के घोष का भी क्रमिक विकास हुआ है। दिसंबर, 1926 में जब संघ का पहला पथ संचलन निकला था, तब घोष में केवल एक आनक और एक शंख ही शामिल हुआ था। घोड़े पर चढ़कर पहले सरसेनापति मार्तंड राव जोग आगे चलते थे तथा पीछे बिगुल वादक एवं स्वयंसेवक संचलन करते थे।

विगत 100 वर्षों में यह यात्रा घोष की बड़ी और समृद्ध इकाई तक पहुँच गई है। घोषदल की इकाई में पणव (बास ड्रम), आनक (साइड ड्रम), शंख, वंशी, झल्लरी (झांझ), ट्राइंगल (त्रिभुज), नियंत्रण और संकेत के लिए घोषदंड शामिल रहता है। आरएसएस का मत है कि घोष केवल संगीत का माध्यम नहीं, बल्कि यह वीरता, पराक्रम और राष्ट्रनिर्माण की भावना का प्रतीक है। शंख, ढोल और रणभेरी जैसे वाद्ययंत्र प्राचीन काल से ही ऊर्जा, उत्साह और विजय के संदेशवाहक रहे हैं। युद्धभूमि में भी ये रणवाद्य वीरता और उमंग का संचार करते थे। संघ का घोष दल उसी गौरवशाली परंपरा को आज के समाज तक पहुंचा रहा है। समय के साथ विदेशी ब्रास बैंड का प्रचलन बढ़ा, लेकिन संघ के घोष में जो धुनें बजाई जाती हैं, वे भारतीय रागों पर आधारित होती हैं। यहां तक कि विदेशी धुनों को भी भारतीय स्वरूप में ढालकर उन्हें हमारी सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप प्रस्तुत किया जाता है। प्रारंभिक समय में अंग्रेजी पद्धति का घोष सिखाया जाता था। बाद में, पुणे के वरिष्ठ स्वयंसेवक हरि विनायक दात्ये ने अथक परिश्रम कर इसका भारतीयकरण किया तथा सारे घोष वाद्यों की लिपि को भातखंडे लिपि में लिपिबद्ध किया। उनके द्वारा किया गया यह प्रयास संगीत के क्षेत्र में किया गया अद्भुत योगदान सिद्ध हुआ। आज सम्पूर्ण देश में घोष, जिसे रण संगीत के रूप में जाना जाता है, प्रचलित है। अपने भारतीय रागदारी से युक्त यह लिपि विभिन्न तालों जैसे कहरवा, दादरा, खेमटा पर आधारित है। आज इन तालों पर आधारित अनेक रचनाओं का निर्माण स्वयंसेवकों द्वारा किया गया है, जैसे- गणेश, भूप, केदार, शिवरंजिनी, चेतक, तिलक कामोद आदि सभी वाद्यों में कुल 90 से अधिक रचनाओं का समावेश है। जिस प्रकार माथे पर लगी बिंदी अपना विशेष स्थान रखती है, उसी प्रकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में घोष का स्थान है। संचलन में घोष का स्वर स्वयंसेवकों में जोश एवं उत्साह भर देता है। मध्यभारत प्रान्त में लगभग 180 से अधिक घोष की इकाई है जहाँ घोष का अभ्यास होता है। अलग रुचि एवं आयु वर्ग के करीब 4000 वादक जुड़े हुए हैं। विजयादशमी पर्व पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष में मध्यभारत प्रांत में एक नए इतिहास का सृजन करने जा रहा है। पहली बार नगर-नगर, गली-गली और छोटी-छोटी इकाइयों तक में पथ संचलन का भव्य आयोजन हो रहा है, इसके लिए बड़ी संख्या में घोष दल तैयार हुए हैं। 180 से अधिक प्रशिक्षित घोष शिक्षकों द्वारा नये स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया गया है। शताब्दी वर्ष के लिए प्रत्येक नगर में 8 से 10 घोष इकाई (वाद्य दल) तैयार हो गई हैं। नवम्बर 2021 में ग्वालियर में 'स्वर साधक संगम' घोष शिविर आयोजित किया गया था, जिसमें सम्पूर्ण प्रान्त के 27 जिलों से 500 से अधिक वादकों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत भी उपस्थित रहे। इसी प्रकार, भोपाल के प्रताप जिले द्वारा अपना वार्षिकोत्सव 'स्वर नाद संगम' किया गया था, जिसमें कक्षा 4 से लेकर महाविद्यालयीन विद्यार्थियों द्वारा 5 भागों मे 29 रचनाओं का वादन प्रस्तुत किया गया। इनमें घोष विभाग की प्रथम लिखित रचना गणेश गोरखकल्याण, प्रसाद, जननी, हंसध्वनि तथा गीत जयोस्तुते, आर्यावर्त, ए मेरे प्यारे वतन, केशव रचना का मनमोहक आकृतियों के प्रदर्शन पर वादन किया गया। संघ में घोष का क्या महत्व है, इस संदर्भ में सह सरकार्यवाह आलोक कुमार कहते हैं कि ÷संघ में घोष केवल वादन या मनोरंजन नहीं है, बल्कि यह एक साधना है, जो मनुष्य को अनुशासन, समन्वय और राष्ट्रहित से जोड़ती है।



## राशिफल

**मेषः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई हल होने के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा। रोजगार में लाभकारी अवसर मिलेंगे।

**बृषभः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यवहार कुशल बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**मिथुनः-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरें में जाया न करें। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**कर्कः-** नये व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। संवेदनशील शरीर ग्रहां की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**सिंहः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। अच्छे कायरें से परिजनों के दिल में जगह बनायें।

**कन्याः-** जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव।

**तुलाः-** भविष्य को लेकर मन नकारात्मक आशंकाओं से प्रभावी रहेगा। प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा।

**वृश्चिकः-** रोजगार संबंधी कुछ नयी योजनाओं पर मन केंद्रित होगा। किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी।

**धनुः-** अपनी बातूनी कला का लाभ उठाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**मकरः-** बीती बातों को सोचने के बजाय वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। जरूरत से ज्यादा बोलना व्यक्तित्व पर कुप्रभावी होगा।

**कुंभः-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने।

भाग्य से प्राप्त सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया अपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। आलस्य कतई न करें।

**मीनः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह के प्रति मन चिंतित होगा।

# गहन चोट से शब्दों का अभाव

**हृदयनारायण दीक्षित**

**हम अपने बच्चों को सिखाते हैं। उन्हें सभ्यता के संस्कार देते हैं। करणीय-अकरणीय की सूची बताते हैं। युवा मन 15-20 वर्ष से प्रारंभ होता है। परिवार और समाज में इस बात का प्रशिक्षण मिलता है कि अपशब्द से बचना चाहिए। अपशब्द उचित नहीं होते। विद्यालय और कॉलेज जैसे शिक्षण संस्थाएं संस्कारवान पीढ़ी तैयार करते हैं। समाज के सभी रिश्ते नाते प्रेम पूर्ण व्यवहार का ही प्रतिपादन करते हैं। अधिवक्ता की डिग्री सामान्य कागज का टुकड़ा नहीं है। यह किसी भी व्यक्ति को किसी भी अन्य व्यक्ति की तरफ से बोलने का अधिकार देती है।**

राष्ट्र स्तब्ध है। देश की सर्वोच्च न्यायपीठ के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंके जाने की घटना से जन गण मन आहत है। हालांकि मुख्य न्यायाधीश ने अब तक घटना पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी। अब उन्होंने कहा है कि, ÷जो कुछ हुआ उससे बहुत स्तब्ध था।÷ मुख्य न्यायाधीश ने यह भी कहा कि उनके सहयोगी न्यायमूर्ति उज्जवल भुइयां ने इससे भिन्न राय प्रकट की है। यह अच्छी बात है कि मुख्य न्यायाधीश ने इसे एक भुला दिया गया अध्याय बताया है, लेकिन देश में इस घटना पर अच्छी खासी बहस है। भुइयां ने कहा है, ÷इस पर मेरी अपनी राय है। वह भारत के चीफ जस्टिस हैं। यह उच्चतर संस्था का अपमान है।

राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित इस घटना ने कई दिशाओं में नया सोचने की आवश्यकता प्रकट की है। घटना की गंभीरता का पता इसी बात से चलता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी घटना की निंदा की है। प्रधानमंत्री ने मुख्य न्यायाधीश से व्यक्तिगत बात भी की। देश का बड़ा हिस्सा अवाक् है। भारतीय राजव्यवस्था की तीन प्रमुख संस्थाएं हैं। विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका के मध्य शक्ति के पृथक्करण प्रत्यक्ष हैं। भारतीय न्यायपालिका की प्रतिष्ठा विश्वस्तरीय है। न्यायपालिका विधि की व्याख्या करती है। इसका खूबसूरत इतिहास है। खेदजनक है कि इसी गौरवशाली इतिहास में यह एक आत्महीन अध्याय जुड़ गया है। आगे आने वाली पीढ़ियां इस घटना के विवरण पढ़ेंगीं। लोकतंत्र में प्रत्येक व्यक्ति को अपना मत व्यक्त करने का अधिकार है और यह अधिकार संवैधानिक भी है। इस घटना के आरोपी अधिवक्ता राकेश किशोर को ऐसी विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं दी जा सकती। यहां प्रश्न अभिव्यक्ति की आजादी का है भी नहीं। यह सीधे आपराधिक कृत्य है। आदर्श समाजमिें परस्पर सम्मान की प्रकृति स्वाभाविक आवश्यकता होती है। प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा, महिमा और निजता के सम्मान से समाज मजबूत होते हैं। भारतीय समाज में ऊंचे आदर्श और प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा, महिमा का सम्मान हजारों वर्षों की प्राचीन परंपरा है। महाभारत और रामायण जैसे महाकाव्यों में पक्ष और विपक्ष के संवाद आदर से भरे पूरे हैं। इस घटना से भारत के मन में एक गहन पीड़ा उठी है।

हम अपने बच्चों को सिखाते हैं। उन्हें सभ्यता के संस्कार देते हैं। करणीय-अकरणीय की सूची बताते हैं। युवा मन 15-20 वर्ष से प्रारंभ होता है। परिवार और समाज में इस बात का प्रशिक्षण मिलता है कि अपशब्द से बचना चाहिए। अपशब्द उचित नहीं होते। विद्यालय और कॉलेज जैसे शिक्षण संस्थाएं संस्कारवान पीढ़ी तैयार करते हैं। समाज के सभी रिश्ते नाते प्रेम पूर्ण व्यवहार का ही प्रतिपादन करते हैं। अधिवक्ता की डिग्री सामान्य कागज का टुकड़ा नहीं है। यह किसी भी व्यक्ति को किसी भी अन्य व्यक्ति की तरफ से बोलने का अधिकार देती है। न्यायालय औपचारिक रूप में ही नहीं आदर के योग्य हैं, वे वास्तव में न्याय के मंडप, मंदिर हैं। इसलिए न्यायालय में अधिकृत रूप से प्रवेश करने वाले अधिवक्ता, न्यायमूर्ति आदर के पात्र होते हैं। सभी पद और दायित्व उत्तरदायित्व भी देते हैं।

कर्तव्य पालन से समाज सुदृढ़ होते हैं। राष्ट्रजीवन का अधिष्ठान कर्तव्यवाची है। यहां जूता फेंकने वाले अधिवक्ता के बारे में कहा जा सकता है कि उनकी पढ़ाई और योग्यता के बावजूद कोई कमी है। ऐसी योग्यता के बावजूद उनके द्वारा यह कृत्य किया जाना घोर निंदा का विषय है। ऐसे अपराध की निंदा के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं।

अनेक सवाल हैं। समाज अपने बिगड़े सदस्य को ठीक करने के लिए निंदा, आलोचना का प्रयोग करता है। राष्ट्र राज्य अपने बिगड़ैल सदस्यों को दण्ड भी देते हैं। दण्ड व्यवस्था का उद्देश्य स्वतंत्र व स्वाभिमानी नागरिक तैयार करना होता है। कानून और समाज अपने साथ राष्ट्र का यश भी बढ़ाते हैं। यशस्वी राष्ट्र का जन गण मन वैभव से भरा रहता है। भारत भी वैभवशाली राष्ट्र है। सारी दुनिया भारत कर्ा एक शक्तिशाली राष्ट्र मानती है।

निंदा और आलोचना में कुछ निश्चित शब्दों द्वारा असहमति प्रकट की जाती है। लेकिन यह घटना बड़ी है। गहन आहत राष्ट्र के मन में निंदा और आलोचना के शब्द जल्दी जल्दी नहीं आते। इस चोट ने शब्दों का अभाव पैदा किया है। मूलभूत प्रश्न है कि इन्हें किन शब्दों में निंदित करें? किन शब्दों से आलोचना करें? आखिरकार भारत के राष्ट्र जीवन में कहां पर खोट है, जिसके कारण भाईचारा, परस्पर सम्मान, संस्थाओं का सम्मान और संवैधानिक संस्थाओं का भी सम्मान नहीं हो रहा है। क्या हमारे पास ऐसी नैतिक शक्ति है कि लोग ऐसे अपराधों के बारे में सोचना बंद कर दें। समाज बहुत कुछ देता है। उसके बदले में कुछ लेता भी है। अपने नागरिकों को नैतिकता और परस्पर आत्मीयता सिखाने की जिम्मेदारी समाज की है। समाज के उत्कृष्ट आदर्श का पालन करते रहना हम सबका कर्तव्य है। भारत का संविधान अनेक अधिकार देता है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर ग्राम पंचायत विकास अधिकारी व उसके सहयोगी द्वारा धन उगाई किये जाने का वीडियो वायरल




**कुरारा,हमीरपुर।** स्थानीय विकास खंड कार्यालय में जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर ग्रामीणों से ग्राम पंचायत विकास अधिकारी व उसके सहयोगी द्वारा धन उगाही किए जाने का वीडियो वायरल हो रहा है। क्षेत्र के जल्ला गांव निवासी अभिषेक ने बताया कि दस अक्टूबर को दोपहर में ब्लाक कार्यालय अपनी भतीजी का जन्मप्रमाण पत्र बनवाने गया था। तब सचिव ने अपने सहयोगी को सौ रुपए देने को कहा काम हो जाने पर पैसे दे दिए। फोन पर सचिव ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया। इसकी शिकायत खंड विकास अधिकारी से की है। इसमें कोई कार्यवाही नहीं हुई तो उच्च अधिकारियों से इसकी शिकायत की जाने की बात कही। जब इस मामले में सचिव ओमप्रकाश प्रजापति से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि हमारा प्रिंटर खराब था तो इसको अगले दिन आने का कहा था। जरूरी हो तो बाहर से प्रिंट निकलने में पैसे देने को कहा था। इसका वीडियो वायरल हो रहा है। लेकिन अखबार इसकी पुष्टि नहीं करता है।

### समाज लोक कल्याण महासमिति संगठन ने पदाधिकारियों की घोषणा की



**कुरारा हमीरपुर।** वंचित समाज लोक कल्याण महासमिति संगठन ने पदाधिकारियों की घोषणा की है। विकास खण्ड के कुरारा कस्बा निवासी विराट सोनकर को जिलाध्यक्ष बनाया गया है वहीं झलोखर निवासी कालका सविता को संगठन का महामंत्री बनाया गया है। नवनियुक्त महामंत्री कालका प्रसाद सविता ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष रविशंकर हवेलकर के संस्तुति पर जनपद की कार्यकारिणी घोषित की गई है उन्होंने बताया कि यह संगठन वंचित, शोषित, पिछड़ा दलित आदिवासी समाज को आगे लाने का कार्य करेगा व उनको शिक्षा के प्रति जागरूक करना है वहीं इस मनोनयन पर लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### सहायक स्टेशन मास्टर ने अपनी विडियो बना कर कर डाली है इंस्टाग्राम में पोस्ट

**मौदहा हमीरपुर।** सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव, दीवानगी ने ब्यूव पाने के लिए सरकारी विभागों को भी नही छोड़ रहे है। आम आदमी के साथ सरकारी कर्मचारी भी इस होड़ में पीछे नहीं है। सहायक स्टेशन मास्टर ने अपने ही कार्यालय की रील बना इंस्ट्राग्राम पर किया पोस्ट जो इस समय सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रही है। झांसी मण्डल के रेलवे स्टेशन इचौली में कार्यरत सहायक स्टेशन मास्टर मुकुल पाण्डेय को सोशल मीडिया का नशा इस कदर चढ़ा है कि वह अपने ही कार्यालय इचौली रेलवे स्टेशन के अन्दर लगे पैनलों के पास बैठ कर रील बनाकर इंस्ट्राग्राम एकाउंट पर पोस्ट करता था उसके एकाउंट में 50 से अधिक वीडियो स्टेशन परिसर के व कार्यालय के बने हुए है। किसी ने उसके इंस्ट्राग्राम एकाउंट से वीडियो डाउनलोड कर रेलवे अधिकारियों को एक्स (ट्वीट) कर दिया जो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। हालांकि अखबार वायरल वीडियो की पुष्टि नही करता है द्यइस संबंध में बृजमोहन साहू ने बताया कि सोशल मीडिया में वाइरल वीडियो की जानकारी नहीं है।

### अज्ञात वाहन ने बैलगाड़ी में मारी टक्कर, बैल की मौत

**चिल्ला/बांदा।** पैलानी तहसील के चिल्ला पुल के ऊपर अज्ञात वाहन ने बैलगाड़ी को टक्कर मार दी जिससे बैल की मौके पर मौत हो गई बैलगाड़ी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया वही अंसार पुत्र मेहंदी हसन उम्र 46 वर्ष शादी मदनपुर निवासी मोरम लेकर बैलगाड़ी पर ललौली जा रहा था तभी कानपुर से बांदा की ओर आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे एक बैल की मौके पर मौत हो गई दूसरा बैल गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं अंसार पुत्र मेहंदी हसन को गंभीर चोटे आई हैं जहां डॉक्टरों ने जिला अस्पताल में भर्ती करवाया है वहीं पुलिस ने मौके में पहुंचकर जानकारी ली और इलाज हेतु अस्पताल लेकर गए।

### मिट्टी का टीला ढहने से दो लोग टीले में दबे, बच्चे की मौत



**पैलानी/बांदा।** पैलानी तहसील के खप्टिहा कलां कस्बे की नई बस्ती में आज सुबह 8:00 बजे घर की लिपाई पुताई को लेकर सुनील कोरी का लड़का मोनू उम्र 12 वर्ष तथा पंगु प्रजापति की बहू ममता उम्र 35 वर्ष सुबह 8:00 बजे घर से लगभग 200 मीटर दूर पास ही स्थित टीले पर घर की पुताई के लिए मिट्टी लेने गए थे तभी अचानक टीला भर भरा कर ढह गया जिसमें दोनों लोग टीले मैं दब गए पास ही मिट्टी खोदने गई तमाम महिलाओ के चिल्लाने की आवाज पर संजय यादव ने सुना और मौके पर तुरंत पहुंचकर ममता तथा जितेंद्र वर्मा ने मोनू को जो पूरी तरह से मिट्टी में दबा हुआ था निकाल कर बाहर ले और तत्काल ही उसे मेडिकल कॉलेज बांदा ले गए जहां इलाज के दौरान सुनील कोरी के 12 वर्षीय लड़के मोनू की इलाज के दौरान मौत हो गई तथा महिला ममता उम्र 35 वर्ष का इलाज चल रहा है बताया जाता है की घटना के समय मृतक मोनू के सिर तथा सीने व पैर में गंभीर चोटें आई थी और मुंह से खून निकल रहा था मृतक मोनू उम्र 12 वर्ष खप्टिहा कलां इंटर कॉलेज में कक्षा 7 का विद्यार्थी था इस घटना से पड़ोस में कोहराम मच गया है। मृतक के पिता सुनील ने बताया कि कि मेरे तीन लड़के व एक लड़की है मैं अपने परिवार का भरण पोषण मजदूरी करके करता हूं।

### खेत में पानी लगाते समय किसान को विषखापर ने काटा

**बबेरू/बांदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत तराया गांव में धान के खेत में पानी लगाते समय किसान को बिचखापर ने काटा गंभीर हालत में सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया गया। बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत तराया गांव के रहने वाले मनीष कुमार पुत्र शत्रुघ्न सिंह उम्र करीब 40 वर्ष यह धान के खेतों पर पानी लग रहा था। तभी पैर में जहरीले बिचखापर में काट लिया। जिससे हालात बिगड़ने लगी, जैसे ही परिजनों को जानकारी हुई तो बेसुध हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू में भर्ती कराया। जहां पर डाक्टर द्वारा उपचार किया जा रहा है।

### विश्वकर्मा समाज की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**बांदा।** अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा की बैठक मंडी समिति परिसर स्थित हनुमान मंदिर में हुई। पदाधिकारियों समाजोत्थान सहित विभिन्न मुद्दों में चर्चा की। मुख्यातिथि आर्यावर्त बैंक के शिवलाल विश्वकर्मा रहे।अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामबाबू विश्वकर्मा ने करते हुए विश्वकर्मा मंदिर बनवाए जाने सहित समारोह मनाए जाने को लेकर समाज के हर वर्ग को हिस्सेदारी की बात कही है। जिला मीडिया प्रभारी ललित विश्वकर्मा ने कहा कि समाज के हित में ठोस कदम उठाए जाने में तन्मयता के साथ सक्रियता निभानी होगी। महासचिव के पी विश्वकर्मा ने कहा कि हर कार्यक्रम में अपार सफलता मिले ऐसा दायित्व सभी पूर्ण करे। राजेंद्र विश्वकर्मा ने हर तरह के कार्यक्रम में सहयोग की बात कही है। कोषाध्यक्ष मनबोधन विश्वकर्मा ने आय व्यय का ब्यौरा पेश किया। इस दौरान ब्रिगेड पूर्व अध्यक्ष सौरभ विश्वकर्मा, न्याय विभाग में कार्यरत बच्छराज शर्मा, शिवदास, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

### स्वदेशी खरीदें स्वदेशी बेचें देश का रुपया देश में रोकें: सुमित शुक्ला

**बांदा।** देश को मजबूत बनाने की जिम्मेदारी सरकार की ही नहीं बल्कि उसमें सबसे बड़ा योगदान हम आप सब मिलकर कर सकते हैं एक भारतीय होने के नाते हमारा भी एक सपना होना चाहिए कि हमारे देश का नाम विकसित राष्ट्रों में शामिल हों यह तभी संभव है जब एक देश के रूप में हम आत्मनिर्भर हो तथा हमारा देश आयात कम निर्यात अधिक करें। समाजसेवी सुमित शुक्ला ने कहा कि हमारी जनसंख्या व भारतीय बाजार खुद में ब्रह्मास्त्र है किंतु आवश्यकता है उसे भारत व भारतीयों के लिए सही इस्तेमाल की जो यहां के नागरिकों पर ही निर्भर करता है कि वो इसे कैसा इस्तेमाल करते हैं अगर हम अपनी क्षमता का उपयोग अपने व अपने लोगों के लिए करें तो निश्चित ही ही हम दुनिया में अग्रणी व विकसित राष्ट्रों की सूची में शामिल हों सकते हैं। दीपावली धनतेरस जैसे महापर्व पर प्रत्येक व्यक्ति जमकर खरीददारी करेंगे अगर खरीदी गई वस्तुएं स्वदेशी होगी तो भारतीय पैसा भी अपने देश में बचा रहेगा व उससे आपके देश के लोगों को ही रोजगार मिल जायेगा अगर देखा जाय तो विदेशी कंपनियां अपने संसाधनों के बल पर कुछ सस्ता सामान बाजार में रख देती है जिसकी वजह से देश का उत्पादक अपनी सामग्री को बेचने में असमर्थ हो जाता है जबकि गुणवत्ता में स्वदेशी वस्तुओं ने अपना लोहा प्रत्येक क्षेत्र में मनवाया है। इसलिए अगर स्वदेशी वस्तुएं थोड़ी महंगी भी मिले तो भी प्राथमिकता स्वदेशी वस्तुओं को खरीदने में ही देनी चाहिए अतः प्रत्येक जनपद वासी संकल्प लें कि हम सब स्वदेशी वस्तुओं की ही खरीद करेंगे व व्यापारी के तौर पर स्वदेशी वस्तुएं ही बेचेंगे यह भी एक देशभक्ति हैं और देश को आगे ले जाने की हम सब की जिम्मेदारी है।

# नगर में लोक सेवा आयोग प्रारंभिक परीक्षा-2025 सकुशल संपन्न

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**





आधे से अधिक छात्र-छात्राओं ने लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश की प्रारंभिक छोड़ दिया प्रारंभिक परीक्षा के लिए कस्बे के तीन इंटर कॉलेज में 1440 छात्रों का केंद्र बनाया गया था कड़ी सुरक्षा ,चौकसी ,निगरानी के बीच पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार सुबह पहली पारी में परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें नेशनल इंटर कॉलेज में 480 छात्रा-छात्राओं में 182 छात्र उपस्थित हो सके, रहमानिया इंटर कॉलेज में 480 में 175 छात्र इसी प्रकार गांधी इंटर कॉलेज के 480 छात्र-छात्राओं में 190 छात्र-छात्राएं प्रथम पाली में उपस्थिति दर्ज कराई कुल मिलाकर प्रथम पाली में 547 छात्र-छात्राओं की किस्मत का फैसला सील बंद कर दिया गया। सुबह-सुबह परीक्षा केदो में केंद्र संचालक गेट के बाहर ई पास मशीन प्रवेश पत्र के माध्यम से परीक्षार्थी की पहचान करते परीक्षा केंद्रों में लगे सीटिंग प्लान के अनुसार बैठने की अनुमति दी गई जगह-जगह कड़ी सुरक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में प्रथम पाली की परीक्षा की शुरुआत की गई। इसी प्रकार दूसरी पाली में नेशनल इंटर कॉलेज ,रहमानिया इंटर कॉलेज एवं गांधी विद्यालय में 893 छात्र अनुपस्थित पाए गए उप जिलाधिकारी करणवीर सिंह ने बताया पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा 2025 शांतिपूर्ण नकल विहीन संपन्न कराई गई नगर के तीनों केंद्रो में प्रथम एवं द्वितीय पाली में 893 छात्र छात्राओं ने परीक्षा में भाग नहीं लिया। परीक्षार्थी राजेश कुमार आशीष सिंह सजल आदि लोगों ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण सुरक्षित सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में संपन्न हुई है किसी भी परीक्षा केदो में छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा और परीक्षा समाप्त के उपरांत अपने-अपने गंतव्य के लिए सभी छात्र छात्राएं रेलवे, बस आदि वाहनों से निकले।

### राजा राम इन्टर कालेज में पीसीएस परीक्षा संपन्न हुई



**कुरारा,हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के झलोखर गांव स्थित श्री राजा राम इंटर कालेज में पीसीएस की परीक्षा संपन्न कराई गई। सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारी पुलिस बल मौजूद रहा। क्षेत्र के राजाराम इंटर कालेज में संघ लोक सेवा आयोग की पी सी एस परीक्षा के केंद्र बनाया गया था। इस केंद्र में 384 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। सुबह साढ़े नौ बजे से साढ़े ग्यारह बजे तक प्रथम पाली की परीक्षा थी। इसके बाद ढाई बजे से साढ़े चार बजे तक दूसरी पाली की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 384 परीक्षार्थी में केवल 136 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी है। वही सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाने का पुलिस बल मौजूद रहा शांति पूर्वक माहौल में परीक्षा संपन्न हुई।

### महज 35 फीसदी परीक्षार्थी ही पहुंचे परीक्षा देने



**भरूआ सुमेरपुर।** कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में रविवार को संपन्न हुई पीसीएस प्री की परीक्षा में प्रथम पाली में 480 के सापेक्ष 167 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। दूसरी पाली में 166 में हिस्सा लिया। परीक्षा में महज 35 फीसदी परीक्षार्थी शामिल हुए। सभी को सघन तलाशी के बाद कड़ी सुरक्षा में प्रवेश दिया गया। पीसीएस प्री परीक्षा के लिए कस्बे के राजकीय महाविद्यालय को केंद्र बनाया गया था। कालेज की प्राचार्य डॉ विद्या वर्मा ने बताया कि केंद्र में 480 परीक्षार्थियों को शामिल होना था। लेकिन महज 167 परीक्षार्थी ही सुबह की पाली में परीक्षा देने आए। दूसरी पाली में यह संख्या 166 हो गई। सभी को सघन तलाशी के बाद कड़ी सुरक्षा में प्रवेश दिया गया।

## सड़क दुर्घटना में अधेड़ घायल

**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में एक अंधेड गंभीर रूप से घायल हो गए जिसे लहूलुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया तबीयत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।जानकारी के अनुसार बिदोखर गांव निवासी रामनरेश द्विवेदी 55 वर्ष पुत्र रमाशंकर सड़क दुर्घटना में घायल हो गए लहूलुहान हालत में राहगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत तबीयत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## डीआरएम के जाते ही टोटियां गायब शौचालय में लटक गया ताला



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** शनिवार को उत्तर मध्य रेलवे के डीआरएम के निरीक्षण के बाद रविवार को प्लेटफार्म संख्या एक में पानी की टंकी से टोटियां गायब मिली और दिव्यांग शौचालय में पूर्व की भांति फिर से ताला लटक गया है। शनिवार को उत्तर मध्य रेलवे के डीआरएम अनिरुद्ध कुमार ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया था। डीआरएम के आने से पूर्व प्लेटफार्म संख्या एक,दो तीन में सभी व्यवस्थाएं चकाचक की गई थी। निरीक्षण के बाद रविवार को प्लेटफार्म संख्या एक की पानी टंकियों से टोटियां गायब थी और दिव्यांग शौचालय में पूर्व की भांति ताला लटक रहा था। सहायक स्टेशन मास्टर उल्लास श्रीवास्तव ने बताया कि यह उनके अधीन नहीं है। इस कार्य को आईओडब्लू देखता है। वह केवल रिपोर्ट करते हैं। आईओडब्लू के अवर अभियंता सर्वेश कुमार ने बताया कि उनके द्वारा रोटियां नहीं हटवाई गई है। किसी बाहरी व्यक्ति द्वारा खोली गई होंगी। शौचालय के ताले पर वह समुचित उत्तर नहीं दे सके।

# बाइक सवार ममेरे भाइयों को डंपर ने कुचला, एक की मौत, दूसरा घायल

- बांदा से कानपुर जा रहे थे दोनों भाई

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



बांदा से कानपुर जा रहे बाइक सवार ममेरे भाइयों को डंपर ने टक्कर मार दी। जिससे एक की मौके पर मौत हो गई। जबकि दूसरा घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों को सदर अस्पताल ले गई। जहां चिकित्सकों ने एक को देखते ही मृत घोषित कर दिया। मुस्करा थानाक्षेत्र के इमिलिया निवासी चंद्रभान विश्वकर्मा(50) राजमिस्त्री का कार्य करते थे और मौजूदा समय में कानपुर नौबस्ता में गल्ला मंडी के पास रहते थे। कुंडौरा निवासी दामाद के भाई छोटू ने बताया कि वह शनिवार को अपने ममेरे भाई कुलदीप विश्वकर्मा निवासी धरौहा थाना कबरई जनपद महोबा के साथ बांदा संबंध आदि के लिए गए थे। रात में वापसी जब कानपुर जा रहे थे। तभी रात करीब 11:00 बजे हाईवे पर कुंडौरा के पास डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मारकर कुचलता हुआ निकल गया। जिससे चंद्रभान की मौके पर मौत हो गई। वहीं कुलदीप विश्वकर्मा घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों को सदर अस्पताल ले गई। जहां चिकित्सकों ने चंद्रभान विश्वकर्मा को देखते ही मृत घोषित कर दिया। जबकि कुलदीप विश्वकर्मा का इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मृतक चंद्रभान के कुंडौरा निवासी दामाद पूरन व बेटी को हुई तो वह अस्पताल पहुंच गए।

## बबेरु पुलिस ने चार व्यक्तियों के खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनको सौंपा



**बबेरू/बांदा।** बांदा पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में बबेरु कोतवाली पुलिस द्वारा 04 व्यक्तियों के खोए हुए मोबाइल फोन को बरामद कर मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द किया गया । बता दे कि बबेरु कोतवाली क्षेत्र के कस्बा बबेरु के रहने वाले अर्पित पुत्र सभाजीत व कुलदीप पुत्र श्रीराम सिया निवासी निभौर ,संजय सिंह यादव तथा मुरवल निवासी रोहित पुत्र बिहारी द्वारा बबेरु कोतवाली में अपने-अपने मोबाइल फोन के कहीं गिर जाने व काफी खोजबीन करने के बाद भी न मिलने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था । जिसके क्रम में बबेरु पुलिस के द्वारा सभी के मोबाइल फोन बरामद कर मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द किया गया । खोये हुए मोबाइल फोन को वापस पाकर मोबाइल स्वामियों ने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया है।, मोबाइल बरामद करने वाली टीम में.उपनिरीक्षक सैफ अहमद अंसारी,कंप्यूटर आपरेटर कांस्टेबल पवन कुमार साहू कांस्टेबल सुशील कुमार पंकज कुमार मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत जनपद पुलिस की हुई कार्यशाला

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे ÷मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में समस्त थानों पर तैनात महिला पुलिस कर्मियों/ मिशन शक्ति टीम के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर जाकर महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन के सम्बन्ध में जागरुक किया जा रहा है इसी क्रम में बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मरक्षा, गुड टच / बैड टच तथा उनके अधिकारों व महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव हेतु जागरुक किया गया। महिलाओं/ बालिकाओं को बताया गया कि बस/रास्तों/सार्वजनिक स्थल में मनचलों एवं शोहदों द्वारा छेडखानी की घटना होने पर डरने के बजाय तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1090 व थाना पर जाकर तत्काल एफआईआर के लिए जागरुक किया गया । सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि) का सावधानी से उपयोग करने एवं जागरुक करने व महिला एवं बालिकाओं को यातायात नियमों के बारे में अवगत कराया गया व स्वयं नियमें का पालन करते हुए अपने घर व आसपास के लोगों का भी जागरुक करने के लिए कहा गया 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन , 181 वीमेन हैल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 अग्निशमन सेवा व 1930 साइबर हेल्पलाइन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई।

## कांग्रेसियों ने वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत करवाए हस्ताक्षर



**नरैनी/बांदा।** कांग्रेसियों ने वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाकर सैकड़ों लोगों से जुटाया समर्थन। भाजपा की जन विरोधी नीतियों से किया लोगों को जागरूक। कांग्रेस द्वारा वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत भाजपा सरकार के खिलाफ लोगों से हस्ताक्षर अभियान चला कर जुटाए जा रहे समर्थन के तहत शनिवार को नरैनी के चौरसिया मैरिज हॉल में ब्लॉक व नरैनी कांग्रेस कमेटी द्वारा हस्ताक्षर अभियान कैंप लगाकर सैकड़ो लोगों से हस्ताक्षर बनवाकर समर्थन जुटाया इस दौरान कांग्रेस के एआईसीसी सदस्य रमेश चंद्र कोरी ने लोगों को अभियान से जोड़ते हुए कहा कि देश में बैठी हुई भाजपा सरकार लोगों के विश्वास के साथ छल करके बैठी है जो जनता का विश्वास हो चुकी है आम आदमी महंगाई बेरोजगारी से परेशान है कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष व नरैनी विधानसभा प्रभारी सूरज वाजपेई ने कहां कि भाजपा के कुशासन से आज देश का नौजवान किसान मजदूर आम आदमी सभी परेशान है सरकार जनता से किए गए वादे को भूल चुकी है लोकतंत्र में दिए गए अभिव्यक्ति के आजादी को छीन रहे हैं जनता के विश्वास को छल करके लूट रहे हैं जिसको जनता जान चुकी आने वाले समय में कांग्रेस की सरकार बनने वाली है कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष राम नारायण प्रजापति नगर अध्यक्ष आर के निगम जिला सचिव निसार अहमद सिद्दीकी वरिष्ठ नेता हरिकृष्ण वर्मा अबू हुरैरा ने हस्ताक्षर अभियान में सैकड़ो लोगों का समर्थन जुटा इस दौरान नरैनी क्षेत्र के अनुवाद प्रसाद विश्वकर्मा रामफल लोधी रतीराम नरेंद्र त्रिपाठी विमल कानपुर सुरेश चंद्र रामप्यारी सहित सैकड़ों लोगों ने अभियान में शामिल होकर अपना समर्थन दिया।

# अवैध रूप से पटाखों की बिक्री करने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

- अभियुक्त के कब्जे से लगभग 150 किलोग्राम अवैध पटाखा बरामद

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



सुरक्षित, सौम्य एवं दुर्घटनारहित दीपावली सम्पन्न कराए जाने हेतु पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में अवैध रुप से पटाखा निर्माण, भंडारण एवं विक्रय करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 11.10.2025 को देर शाम थाना बदौसा पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि नई बाजार बदौसा निवासी रमेश चन्द्र पुत्र सीताराम अपनी हड़हा रोड स्थित सेजल ब्यूटी पार्लर की दुकान में अवैध रुप से पटाखो की बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल दुकान में पर जाकर छापेमारी की गई तो मौके से भारी मात्रा में अवैध रुप से पटाखे बरामद हुए । पुलिस द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए पटाखो को कब्जे में लेकर थाना बदौसा पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम रमेश चन्द्र पुत्र सीताराम निवासी नई बाजार थाना व कस्बा बदौसा जनपद बांदा है।

## जिलाधिकारी ने यूपी पीसीएस परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण



**बांदा।** रविवार को जिलाधिकारी जे. रीभा ने यूपी पीसीएस 2025 की प्रारंभिक परीक्षा को जनपद में नकल विहीन एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के साथ विभिन्न परीक्षा केदो का निरीक्षण किया गया, स उन्होंने परीक्षा केदो का निरीक्षण करते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने सर्वप्रथम पंडित जे वएन डिग्री कॉलेज एवं खानकाह इंटर कॉलेज सहित अन्य परीक्षा केदो में आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया स उन्होंने परीक्षा केदो में सीसीटीवी कंट्रोल रूम सहित अन्य पुलिस सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए सीसीटीवी कंट्रोल रूम से से परीक्षा का पर्यवेक्ष किया तथा मौके पर उपस्थित सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान परीक्षा के केंद्र व्यवस्थापक सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति के तहत चलाया गया सघना जागरूकता अभियान

- शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की दी गईं जानकारियां
- सहायता सेवाओं, साइबर अपराधों आदि के बारे में चलाया गया जागरुकता अभियान

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**




जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में सघन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम आज जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सचिवालयों में मिशन शक्ति टीम द्वारा बालिकाओं, महिलाओं एवं बच्चों को एकत्रित कर चौपालों एवं संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । इस दौरान महिलाओं/ बालिकाओं को शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, सहायता सेवाओं, महिला अपराधों से सम्बन्धित विभिन्न कानूनों, हेल्पलाइन नम्बरों आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही प्रतिभागियों को अभियान से संबंधित टेम्पलेट्स वितरित किए गए, जिनमें विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। जागरुकता अभियान के क्रम में थाना मरका की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम मरका में, थाना फतेहगंज की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम बघेलाबारी में, थाना कोतवाली देहात की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम चहितारा में, थाना पैलानी की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम पडेरी में, मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत वृहद रुप से जागरुकता अभियान चलाकर महिलाओं/ बालिकाओं को जागरुक किया गया ।

### मिशन शक्ति टीम ने ग्राम कतरावल में चौपाल लगाकर दी योजनाओं की जानकारियां



**बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजना, सहायता सेवाओं आदि के बारे में जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है साथ ही साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में साइबर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज थाना कोतवाली नगर की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम कतरावल में चौपाल लगाकर लोगों को जागरुक किया गया। इस दौरान महिलाओं/बालिकाओं को शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, सहायता सेवाओं, महिला अपराधों से सम्बन्धित विभिन्न कानूनों, हेल्पलाइन नम्बरों आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । साथ ही वर्तमान में नवीनतम तरिके से होने वाले साइबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । जिसमें– केवाईसी अपडेट के नाम पर फर्जी काल्स या लिंक भेजकर उपयोगकर्ताओं से उनके निजी और बैंकिंग डिटेल्स मांगी जाती हैं। फर्जी कॉल्स जिसमें खुद को बैंक अधिकारी, पुलिस या किसी प्रतिष्ठित संस्था का प्रतिनिधि बताकर ठगी की जाती है। फिशिंग ईमेल्स जिसमें आकर्षक ऑफर्स या नौकरी के नाम पर ईमेल भेजकर यूजर्स की निजी जानकारी जुटाई जाती है आदि प्रकार के साइबर अपराधों के बारें में जानकारी दी गई और लोगों को जागरूक किया गया कि वे किसी भी संदिग्ध लिंक, कॉल या मैसेज पर बिना सत्यापन के कोई भी जानकारी साझा न करें।

## खबरें एक नजर में

### डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल द्वारा देवा मेला में लोगों को किया विधिक जागरूक



**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मंशानुरूप डालसा के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव के निर्देशन में देवा मेला एवम प्रदर्शनी में विधिक साक्षरता एवम जागरूकता का शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस जागरूकता शिविर में डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल रंजना शर्मा के द्वारा मिशन शक्ति के तहत महिलाओं के सशक्तिकरण के विषय में जानकारियां देते हुए बताया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से कोई भी महिला विधिक सहायता निशुल्क प्राप्त कर सकती है। महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से सरकार के द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताते हुए महिला हेल्पलाइन के विषय में जानकारियां दी गई। डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्रीमती शर्मा एवं आयुषी श्रीवास्तव असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल के द्वारा मेले में आए हुए आम जनमानस को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, सुलह समझौता एवं मध्यस्थता तथा लीगल एड डिफेंस काउंसिल के बारे विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर मो. सलमान, प्रियांशु प्रजापति लिपिक व मनीष कुमार कार्यालय चपरासी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एवं अन्य जनसामान्य उपस्थित रहे।

### संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में निकला आरएसएस का पथ संचलन



**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में बदोसराय कस्बे में पथ संचालन का आयोजन किया गया। मातन मंदिर से शुरू हुई इस यात्रा में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने भाग लिया। जिला संघ संचालक राजबहादुर के नेतृत्व में निकाली गई यह यात्रा मातन मंदिर, विदुर आश्रम से शुरू होकर बदोसराय के मलामत शाह गेट तक पहुंची। वहां से मुड़कर यह कस्बा बदोसराय चौराहे पर पहुंची जहां स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने पूर्ण गणवेश धारण कर पथ संचलन में शामिल हुए। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष पाण्डेय, जिला मंत्री रामसागर कनौजिया ,प्रहलाद कुमार विमल, और रामनिवास लोधी सहित कई कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर पथ संचलन का स्वागत किया। कार्यक्रम में बृजेश शुक्ला, नीरज वर्मा, अमित भैया राम जी, अमरेंद्र प्रताप सिंह, रुद्र प्रताप पाण्डेय और आलोक कनौजिया सहित दर्जनों अन्य लोग भी मौजूद रहे।कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल जगह-जगह तैनात रहा। कोतवाली बदोसराय प्रभारी अजीत कुमार विद्यार्थी, विश्वनाथ सिंह, आशीष सिंह और प्रहलाद कुमार सहित कई पुलिसकर्मी व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौजूद थे।इस आयोजन में महेंद्र विभाग शारीरिक प्रमुख और ब्रजेश शुक्ला घोष प्रमुख के रूप में उपस्थित रहे।

### पराली जलाने की घटनाओं पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई



**बाराबंकी।** शासन द्वारा प्राप्त सैटेलाइट रिपोर्ट के आधार पर जिले में 11 अक्टूबर को पराली जलाने की कुल 9 घटनाएं प्रकाश में आईं, जिनमें फतेहपुर में पाँच, नवाबगंज, रामनगर, रामसनेहीघाट और सिरौली गौसपुर में एक-एक घटना दर्ज की गई। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं कृषि विभाग के अधिकारियों ने संबंधित क्षेत्रों का तत्काल भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उप जिलाधिकारी फतेहपुर कार्तिकेय सिंह ने ग्राम बत्री एवं धरौली में बिना एसएमएस यंत्र लगे दो कंबाइन हार्वेस्टर से कटाई करते हुए पाया, जिन्हें पराली बुझाने में प्रयुक्त एक ट्रैक्टर सहित सीज कर थाने भेज दिया गया। साथ ही पराली जलाने वाले पाँच कृषकों पर अर्थदंड लगाया गया। तहसील सिरौली गौसपुर में तहसीलदार बालेंद्र भूषण वर्मा ने सैटेलाइट से प्राप्त लोकेशन पर जाकर ग्राम हमीद नगर निवासी कृषक अशोक कुमार, शिवकुमार, रमेश चंद्र पुत्र गढ़, एवं चंद्रशेखर पर रु.15,000 का अर्थदंड लगाया। इसी प्रकार रामनगर तहसील में उप जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित टीम ने कृषक कमलेश पुत्र दूबर, ग्राम त्रिलोकपुर पर रु.5,000 का अर्थदंड लगाया। वहीं रामसनेहीघाट एवं नवाबगंज में सैटेलाइट लोकेशन पर जांच में पराली नहीं, बल्कि कूड़ा-करकट जलाने की घटनाएं पाई गईं। जिला प्रशासन ने कृषकों से अपील की है कि वे पराली न जलाएं। पराली जलाने से पर्यावरण को हानि होती है तथा ऐसा करने पर अर्थदंड और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पराली जलाने पर तीन किसानों पर पांच-पांच हजार का जुर्माना

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** पराली जलाने के आरोप में तीन किसानों पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। रविवार को क्षेत्र के ग्राम हमीदनगर के तीन किसानों ने अपने खेत पर धान की पराली जला दी। जिसके बाद सूचना मिलने पर राजस्व विभाग ने तीनों किसानों पर जुर्माने की कार्रवाई किया। उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह के निर्देश पर तहसीलदार बालेंदु भूषण वर्मा, लेखपाल समर सिंह और राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर यह कार्रवाई की। जिन किसानों पर जुर्माना लगाया गया है, उनमें हमीदनगर गांव निवासी अशोक कुमार पुत्र चंद्रशेखर, शिव कुमार पुत्र चंद्रशेखर और रमेश चंद्र पुत्र चंद्रशेखर शामिल हैं।उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने बताया कि पराली जलाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। राजस्व टीम लगातार निगरानी कर रही है और सेटेलाइट से भी नजर रखी जा रही है। उन्होंने किसानों से अपील की है कि किसी भी स्थिति में पराली न जलाएं, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।तहसीलदार बालेंदु भूषण वर्मा ने बताया कि पराली जलाए जाने की सूचना सेटेलाइट के माध्यम से मिली थी। उन्होंने अन्य किसानों को चेतावनी देते हुए अपील की है कि कोई भी किसान पराली न जलाए। ऐसा करने पर जुर्माने के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

### सैफई से लापता युवक आगरा से सकुशल बरामद

**सैफई, इटावा।** शुक्रवार सुबह टहलने निकला युवक रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया था। कुछ ही देर बाद उसके पिता के मोबाइल पर बेटे के नंबर से पांच लाख रुपये की फिरौती का संदेश आने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए जांच शुरू की और कुछ घंटों में ही पूरे मामले से पर्दा उठा दिया। युवक को पुलिस टीम ने आगरा से सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि युवक शेयर मार्केट में निवेश करता था और हाल में हुए घाटे के कारण डिप्रेशन में था। मानसिक तनाव के चलते उसने खुद ही एक अन्य नंबर से अपने पिता को पांच लाख रुपये की फिरौती का संदेश भेजा था। सैफई निवासी रामकुमार यादव का बेटा प्रिंस यादव शुक्रवार सुबह करीब छह बजे रोज की तरह सैफई स्टेडियम में टहलने गया था। जब वह काफी देर तक घर नहीं लौटा और उसका मोबाइल भी बंद मिला, तो परिवारजन परेशान हो गए। इसी बीच पिता के फोन पर प्रिंस के नंबर से मैसेज आयाकृ 卐पांच लाख रुपए खाते में जमा करो, नहीं तो अंजाम बुरा होगा।卐 संदेश पढ़ते ही घर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही सैफई थाना पुलिस, क्राइम ब्रांच और सर्विलांस टीम सक्रिय हो गई। मोबाइल लोकेशन ट्रेस की गई और प्रिंस के बैंक खाते की जांच शुरू की गई। खाते में करीब डेढ़ लाख रुपये की माइनस एंट्री मिलने पर पुलिस को मामला संदिग्ध लगा। सीओ सैफई रामगोपाल शर्मा ने बताया कि तकनीकी जांच के आधार पर युवक की लोकेशन आगरा में मिली। वहां से पुलिस टीम ने उसे सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ में युवक ने बताया कि शेयर मार्केट में नुकसान के कारण वह मानसिक तनाव में था और इसी वजह से उसने खुद ही फिरौती संदेश भेजा था। पुलिस ने युवक को हिदायत देते हुए परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि युवक की रविवार को पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा है, इसलिए उसे परामर्श देकर परिवार को सौंपा गया।

### भैंस को बचाने गई वृद्ध विधवा महिला की नाले में डूबकर मौत

**खन्ना/महोबा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम कुलकुआँ निवासी 65 वर्षीय राम बाई पत्नी स्व कल्लू कुशवाहा शनिवार को खेतों में भैंस चराने गई थी। उसी समय भैंस नाले में जाने लगी जिसे नाले में जाने से रोकने के लिए नाले के पास गई राम बाई का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूब गई जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। जब देर शाम तक राम बाई घर नहीं पहुंची तो परिजन उसकी खोज बीन करते नाले के पास पहुँचे जहाँ उसका शव पानी में तैर रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को पानी से बाहर निकाला और परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम को भेज अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। मृतका के दो पुत्र गजराज व बाबू का रो-रोकर बुरा हाल है।

### ले चल देवा बाजार हो जिया न लागे घर मा...

**बाराबंकी।** देवा मेला के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार को लोकगायिका प्रीति लाल ने अपने लोकगीतों से कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने सर्वप्रथम गणेश वंदना, गणपति आए मोरे अंगना बाज रही शहनाई की मनमोहक प्रस्तुत दी। इसके बाद ईश्वर सत्य है, सत्य ही शिव है.. भजन गाया। दादरा लोकगीत का करूं गुईयां बलम रंगरसिया... , ले चल देवा बाजार हो जिया न लागे घर मा..प्रस्तुत किया। उन्होंने लाल मेरी पत रखियो सदा झूले लालण... और सूफी कलाम छाप तिलक सब छीनी रे... गाकर लोगों का मन मोह लिया।

# एसडीएम ने फायर टीम के साथ पटाखा दुकानों का किया निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

उप जिलाधिकारी प्रीति सिंह ने रामनगर क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत ने फायर ब्रिगेड व पुलिस टीम के साथ पटाखा दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने पटाखा बनाने वाले स्थानों और विक्रय स्थलों का भी जायजा लिया। उन्होंने मरकामऊ और राजापुर सहित क्षेत्र की पटाखा दुकानों का निरीक्षण करते हुए आग से संबंधित सुरक्षा जानकारी ली।



अधिकारियों ने दुकानदारों और पटाखा निर्माताओं को सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही दुकानें लगाने और पटाखे बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने लाइसेंस सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की भी जांच की। निरीक्षण के दौरान फायर ब्रिगेड की आग बुझाने वाली गाड़ी भी मौजूद रही। यह निरीक्षण आगामी दीपावली और अन्य त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से किया गया। पटाखा विक्रय स्थलों और गोदामों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान पटाखा विक्रेताओं के लाइसेंस, भंडारण स्थल, अग्निशमन उपकरण और सुरक्षा मानकों के अनुपालन की जांच की गई। यह सुनिश्चित किया गया कि किसी भी स्थान पर अवैध रूप से पटाखों का निर्माण, भंडारण या विक्रय न हो रहा हो। पटाखा विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि वे केवल लाइसेंस प्राप्त स्थानों पर, सीमित मात्रा में और निर्धारित समयावधि में ही पटाखों की बिक्री करें। साथ ही, नाबालिगों को पटाखे न बेचने और विस्फोटक नियमों का पूरी तरह पालन करने के निर्देश भी दिए।

## सकुशल सम्पन्न हुई यूपीएससी की परीक्षा

▸ डीएम-एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया गया निरीक्षण



**बाराबंकी।** रविवार को आयोजित यूपीएससी की परीक्षा जिले में सकुशल सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा सयुंक्त रूप से जनपद में प्रथम पाली में चल रही पीसीएस परीक्षा-2025 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत पीएम राजकीय इण्टर कॉलेज, पीएम राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज व जमील उर रहमान किदवई इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज, बाराबंकी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कन्ट्रोल रूम व सीसीटीवी कैमरे आदि को चेक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गये।

## अनियंत्रित रोडवेज बस बाइक में टक्कर मारकर खाई में गिरी, बाल-बाल बचे बस यात्री, बाइकसवार घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-सुल्तानपुर हाइवे पर खरसतिया गांव के समीप रविवार की दोपहर एक रोडवेज बस बाइक को टक्कर मारने के बाद खाई में चली गई।बस में सवार सभी यात्री बाल-बाल बच गए।बाइक सवार घायल हो गया। जानकारी के अनुसार अमेठी से लखनऊ जा रही रोडवेज बस संख्य यूपी 77 एन 1376 के अनियंत्रित होकर खाई में जाते ही उसमें सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई।गांव के ग्रामीण व राहगीरों की भीड़ लग गई।किसी तरह यात्री सुरक्षित बस से निकले।इसी बीच सूचना मिलते ही कोतवाल अभिमन्यु मल्ल दल बल सहित मौके पर पहुंचे।पुलिस की



सूचना पर कई एंबुलेंस भी पहुंच गई।लेकिन सभी यात्रियों के सुरक्षित होने के कारण वापस हो गई।घायल बाइक सवार जनपद अमेठी के थाना जगदीशपुर के वारिसगंज निवासी वेद प्रकाश मिश्र 34 परिषदीय विद्यालय का सहायक अध्यापक बताया जा रहा है।दुर्घटना में उसकी बाइक तो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।लेकिन बस की टक्कर के बाद बाइक से दूर गिरने से वह भी बच गया।दुर्घटना के बाद बस की हालत देख भयभीत घायल बाइक सवार एक टैंपो से सीएचसी हैदरगढ़ पहुंचकर अपना इलाज कराया। इस दुर्घटना में उसकी बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

## गलत साइड जा रही तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइकसवार को मारी टक्कर, वृद्ध की मौत

▸ हादसे में पिता और पुत्री घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

लखनऊ सुलतानपुर हाईवे पर कोतवाली क्षेत्र के खरसतिया गांव के निकट सुल्तानपुर की ओर रांग साइड से जा रही बोलेरो द्वारा टक्कर मार देने से जहां एक बुजुर्ग की मौत हो गई। वहीं टक्कर लगने के बाद मोटरसाइकिल के सामने जाकर गिरे बुजुर्ग से टकराकर बाइक सवार पिता पुत्र पुत्री घायल हो गए। जिनका उपचार सीएचसी में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली के खरसतिया गांव निवासी रज्जब अली 60 वर्ष रविवार की सुबह गांव के दक्षिण में हाईवे के किनारे स्थित खेत



देखने के बाद वापस घर लौट रहे थे जब वह लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर संत मदर टेरेसा विद्यालय के निकट सड़क पार कर रहे थे कि तभी हैदरगढ़ से इन्हौना की ओर जा रही अज्ञात बोलेरो ने रज्जब अली 60 को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि शव का सिर कटकर अलग हो गया। घटना को अंजाम देने वाली बोलेरो फरार हो गई। जोरदार टक्कर लगने के बाद रज्जब अली का शव गोसूपुर गांव से पुत्र संदीप 19 वर्ष एवं पुत्री ज्योति के साथ बाराबंकी में बाबा जय गुरुदेव की शाकाहारी यात्रा में शामिल होने जा रहे गोसूपुर गांव निवासी पप्पू पुत्र राम समुझ 47 वर्ष घायल हो गए।

घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को जहां एंबुलेंस के माध्यम से सीएससी हैदरगढ़ भेजा वही शव को कब्जे में लेने के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है । रज्जब अली की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### महाकाल उज्जैन के पीठाधीश्वर ने सुनाई भागवत कथा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के चौबिसी गांव में प्रधान हितेंद्र विजय सिंह गौरव के आवास पर उनके पिता जगत व माता सरोज सिंह की मुख्य जजमानी में चल रही संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन कथा व्यास महाकाल उज्जैन के महामृत्युंजय मठ के पीठाधीश्वर स्वामी प्रणवपुरी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा के वक्ताओं व श्रोताओं की चर्चा की।उन्होंने कहा कि इस कथा के सात वक्ता एवं सात ही श्रोता है। उन्होंने कहा कि यह ऐसी दिव्य कथा हैं। जिस घर में हो जाती है वह घर तीर्थ हो जाता है। कहां की यह जगत मिथ्या है सत्य केवल ब्रम्ह है । चैतन्यता ब्रह्म का प्रतीक है जब इस शरीर से ब्रह्म निकल जाता है तो कितना भी प्रिय व्यक्ति हो उसके शरीर



का दाह संस्कार कर दिया जाता है। परमात्मा को आनंद स्वरूप बताते हुए कहा कि जिस तरह कस्तूरी के कुंडल में बसे होने के बावजूद हिरण अज्ञानता के कारण वन में ढूंढता रहता है। उसी तरह मनुष्य अपने अविवेक के कारण आनंद स्वरूप परमात्मा को इस मिथ्या जगत में ढूंढता रहता है जबकि परमात्मा उसके हृदय में रहता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा मन को शुद्ध करती है मन के विकारों को हटाकर उसे सत्कर्मों में लगाती है।

## मोपेड व ईको मारुति की भिड़ंत में युवक की दर्दनाक मौत

**बकेवर, इटावा, समृद्धि न्यूज़।**

गाँव नगला छिद्दी से बकेवर आ रहे मोपेड सवार भाईयो को ईको वाहन के चालक ने सुनवर्षा के पास टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल किया घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायल भाईयो को इलाज के लिये जिला अस्पताल भिजवाया जहाँ 40 बर्षीय युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। गाँव नगला छिद्दी के रहने वाले रमाकान्त पुत्र पुत्तू लाल शनिवार की शाम घर से मोपेड पर छोटे भाई महिपाल सिंह को पीछे बैठाकर शादी समारोह में शामिल होने के लिये आ रहे थे जैसे ही उनकी मोपेड आगरा कानपुर



सिक्स लेन नेशनल हाइवे सुनवर्षा ओबर ब्रिज के पास पहुंची कि तभी बकेवर की ओर से गलत दिशा से तेज गति से आ रही ईको चालक ने उनकी मोपेड में टक्कर मार दी जिससे दोनो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल भाईयो को इलाज के लिया जिला अस्पताल भिजवाया जहां 40 बर्षीय रमाकान्त की इलाज के दौरान मौत हो गई जब कि छोटे भाई महिपाल सिंह का इलाज चल रहा है।

अस्पताल की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक युवक का शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिये भिजवा दिया। मृतक युवक के एक पुत्री रिया 18बर्ष और एक 14 पुत्र प्रान्शू है। मौत की सूचना जैसे ही परिजनो को हुई तो वह रोने बिलखने लगे।

### करवाचौथ पर्व पर युवक की मौत से परिवार में हड़कंप



**भरथना, इटावा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टडा में करवाचौथ पर्व पर उस समय कोहराम मच गया, जब महिलाएं अपने पति की दीर्घायु की कामना के लिए उपवास के साथ सजने-संवरने में लगी थीं। इसी बीच गांव निवासी स्व. किशनलाल यादव के परिजनों को उनके इकलौते बेटे संजू यादव उर्फकल्लू (27 वर्ष) की दिल्ली एम्स में इलाज के दौरान मौत हो जाने की सूचना मिल गई। मृतक संजू यादव उर्फकल्लू अपने पिता का इकलौता पुत्र था, उसकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों में बुरी तरह कोहराम मच गया। वहीं पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव गांव पहुंचते ही ग्रामीण क्षेत्र में मातम छा गया और मृतक की मां मिथलेश यादव, पत्नी अंजली यादव अचेत हो गयीं। मृतक के चाचा राधेश्याम यादव ने बताया कि गांव निवासी ट्रक चालक राधामोहन पुत्र रणवीर यादव विगत माह 5 सितंबर को ट्रक पर काम कराने ले गया था, जहां ट्रक चालक राधामोहन ने इटावा नवीन कृषि उत्पादन मंडी समिति से ट्रक निकालकर भरथना बसरेहर मोड के निकट खडा कर दिया और क्लीनर संजू को ट्रक के ऊपर किसी कार्य से चढ़ाया दिया। इस बीच ट्रक के ऊपर से गुजरी 33 केवी विद्युत लाइन की चपेट में आने से संजू बुरी तरह झुलसकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने मरणासन्न हालत में संजू को इलाज के लिए जेके हॉस्पीटल में भर्ती कराया। इलाज में सुधार नहीं होने पर ग्वालियर, सैफई, कानपुर, दिल्ली के एम्स हॉस्पिटल में इलाज कराया। जहां घटना के एक माह बाद 9 अक्टूबर को एम्स में इलाज के दौरान संजू की मौत हो गई। मृतक संजू अपने पीछे दो अबोध पुत्र आरव 4 वर्ष, आर्यन 2 वर्ष, पत्नी अंजली यादव 25 वर्ष और माता सहित परिजनों को रोता बिलखता छोड़ गया है।

### मेले में हाथ के बने आभूषण ग्राहकों को कर रहे आकर्षित

**इटावा।** जीआईसी मैदान के बाहर लगे स्वदेशी मेले में हाथ के बने आभूषणों, डिजाइनर मोमबत्तियां, सजावटी सामान, हाथ के बने बैग आदि खरीददारों को आकर्षित कर रहे और इनकी जम कर ब्रिक्री भी हो रही है, युवा महिला उघमी शिप्रा गौतम की अक्षर नाम की दुकान पर भीड़ दिख रही है, तथा आशा निकेतन के मंद बुद्धि बच्चों द्वारा बनायी गयी मोमबत्तियां की दुकान भी आकर्षण का केन्द्र है, इसके अतिरिक्त कम्बलों, रेडीमेड टी शर्टो आदि के स्टाल भी आकर्षण का केन्द्र है। जिलाध्यक्ष व्यापार मंडल आलोक दीक्षित ने नगर वासियों से अपील की है कि इन युवा उद्यमीयो का उत्साह वर्धन करें और स्वदेशी अपनाए।

## जेल से जमानत पर छूटे अपराधियों का सत्यापन होगा: एसएसपी

**ऊसराहार, इटावा, समृद्धि न्यूज़।**

जेल से जमानत पर छूटे अपराधियों का सत्यापन किया जाएगा आपराधिक गतिविधियों मे संलिप्त अपराधियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी यह बात एसएसपी ब्रजेश कुमार ने ऊसराहार मे थाने के निरीक्षण के दौरान कही एसएसपी जब भरतिया चौकी का निरीक्षण करने पहुचे तो गेट पर पुराने थानाध्यक्ष का नाम लिखा देख उन्होंने गहरी नाराजगी जाहिर की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार ने ऊसराहार थाने व भरतिया चौकी का औचक निरीक्षण किया उन्होंने दोनो जगह निरीक्षण के दौरान दो घंटे से अधिक समय दिया और दस्ताबेजो की बारीकी से जांच की ऊसराहार थाने मे निरीक्षण के दौरान उन्होंने मालखाने सम्पति रजिस्टर महिला हैल्प डेस्क एंव आपराधिक रजिस्टर का निरीक्षण किया थाने मे बनने बाले खाने की जगह को भी देखा उन्होंने साफ सफाई के निर्देश भी थानाध्यक्ष को दिए एसएसपी ने कहा जेल से



जमानत पर छूटे अपराधियों का जल्द ही सत्यापन कर लिया जाए उनकी गतिबिधियो की भी जांच की जाए यदि आपराधिक गतिबिधियो मे कोई संलिप्त है तो उसपर कडी कार्यवाही की जाए किसी भी हाल मे अपराधी को बक्सा नही जाएगा उन्होने सभी हिस्ट्रीशीटरो के रिकार्ड वाले रजिस्टर का भी निरीक्षण किया और साफ निर्देश दिए सभी हिस्ट्रीशीटरो पर निगरानी की जाए यदि कोई हिस्ट्रीशीटर आपराधिक गतिबिधियो मे अभी भी संलिप्त है तो कार्यवाही अमल मे लाई जाए थानाध्यक्ष बलराज भाटी को उन्होंने लंबिति विवेचनाओ को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए एसएसपी ने थाना परिसर मे घूमकर वारीकी से निरीक्षण किया महिला हैल्प डैस्क पर तैनात महिला सिपाही से महिलाओं द्वारा की गई शिकायतों के बारे में जानकारी ली और महिलाओं की सभी शिकायतों को हर हाल मे शिकायत रजिस्टर मे दर्ज करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा इसमे लापरवाही बिल्कुल नहीं की जाए। एसएसपी थाने के निरीक्षण के बाद भरतिया चौकी पर निरीक्षण करने पहुचे निरीक्षण के दौरान दीवार पर पुराने थानाध्यक्ष मंसूर अहमद का नाम अभी तक लिखा होने पर कडी नाराजगी जाहिर करते हुए तत्काल दुरस्त कराने के निर्देश दिए चौकी परिसर मे गंदगी देख साफसफाई के निर्देश दिए एसएसपी ने बताया आम आदमी मे सुरक्षा का एहसास हो इस तरह की पुलिसिंग के निर्देश दिए गए हैं अपराधियों मे पुलिस का भय बहुत जरूरी है इसीलिए जेल से छूटे अपराधियों का सत्यापन किया जा रहा है यदि आपराधिक गतिबिधियो मे संलिप्त कोई भी अपराधी पाया जाता है तो कडी कार्यवाही की जाएगी।

## शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई यूपीपीएससी एसीएफ/आरएफओ परीक्षा

▸ डीएम, एसपी ने परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर दिए जरूरी दिशा-निर्देश

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित सहायक वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी (एसीएफ/आरएफओ) परीक्षा जनपद में दो पालियों में शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न हुई। परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा और निगरानी के व्यापक इंतज़ाम किए गए थे। परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी



गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह सहित अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह द्वारा भ्रमणशील रहते हुए विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केन्द्रों पर साफ-सफाई, पेयजल एवं विद्युत व्यवस्थाओं की सघन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी व्यवस्थाएं समय से सुचारु बनी रहें। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने निरीक्षण के दौरान पुलिस बल को सतर्क एवं संवेदनशील रहते हुए केंद्रों की परिधि में किसी भी प्रकार की भीड़ या अव्यवस्था न होने देने तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। जनपद में कुल 9 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित की गई, जिनमें लगभग 3,727 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे तथा फ्लाइंग स्क्वॉड टीमों द्वारा लगातार निगरानी की जा रही थी।

**पहली पाली में 2240 व दूसरी में 2245 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित**

जनपद के सभी नौ परीक्षा केन्द्रौं में आयोजित परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गई। जनपद में आयोजित परीक्षा में 3727 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 1487 अभ्यर्थी उपस्थित रहे जबकि 2240 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। इसी प्रकार दूसरी पाली में 1482 अभ्यर्थी उपस्थित रहे जबकि 2245 अभ्यर्थियों ने परीक्षा से दूरी बनाई।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत, दो अन्य गंभीर रूप से घायल



**महोबा।** कोतवाली नगर क्षेत्र अन्तर्गत कानपुर-सागर राजमार्ग स्थित निर्माणाधीन ट्रामा सेंटर के पास तेज रफ्तार दो बाइकों की भीषण भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई जबकि दूसरी बाइक में सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से सभी को उपचार के लिए जिला अस्पताल के आकस्मिक चिकित्सा अनुभाग पहुँचाया जहाँ तैनात डॉक्टर ने एक युवक को देखते ही मृत घोषित कर दिया जबकि प्राथमिक उपचार के बाद एक घायल की हालत में सुधार न होने पर डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है,दूसरे घायल युवक का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। युवक की असामायिक मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। बताया जाता है कि मृतक दिल्ली के पास कोसी कलां में रहकर मजदूरी करता था। बीते रोज ही दिल्ली निवासी अपनी बहन विनीता एवं कानपुर निवासी मौसी के पास से होकर बाइक में सवार होकर वापस अपने गाँव आ रहा था। फिलहाल पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

# जीएसटी स्लैब में कटौती पीएम मोदी का दीपावली उपहार

**भाजपा की गोष्ठी में व्यापारियों ने सराहा**




**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सिद्ध पीठ मां कालिका देवी मंदिर के निकट अटल भवन में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी की व्यापारी गोष्ठी में जीएसटी के स्लैब में बदलाव से होने वाले लाभों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद व्यापारी आर्थिक सुधारों से उत्साहित दिखे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं कानपुर महानगर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील बजाज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी के स्लैब को चार से घटाकर मात्र दो करके पूरे देश की जनता को दीपावली का अनुपम उपहार दिया है। इससे व्यापारियों की लागत कम होगी और उपभोक्ताओं को सस्ते उत्पाद मिलेंगे। उन्होंने कहा, यह कदम आत्मनिर्भर भारत को मजबूत बनाएगा। हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि हमें मोदी-योगी जैसे जननायक मिले हैं। 2027 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव और उसके बाद लोकसभा चुनाव होंगे, लेकिन ऐसे नायाब हीरों को मत खो देना। नेहरू से मनमोहन सिंह तक की सरकारें घोटालों की पर्याय रहीं, जहां भ्रष्टाचार ने अर्थव्यवस्था को खोखला कर दिया था। आज विपक्ष के पास विरोध के सिवा कोई एजेंडा नहीं बचा। हमें एकजुट होकर विकास की इस गंगा को बहाते रहना होगा। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रही विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने कहा कि व्यापारी जीएसटी से मिलने वाले लाभों को आम जनता तक पहुंचाएं क्योंकि उनसे बड़ी संख्या में ग्राहक जुड़े होते हैं। उन्होंने कहा व्यापारी समाज देश की रीढ़ है। जीएसटी सरलीकरण से न केवल कर प्रक्रिया आसान हुई है, बल्कि अनुपालन भी सरल हो गया। आप सभी इस लाभ को ग्राहकों से साझा करें, ताकि वे भी मोदी सरकार की योजनाओं का समर्थन करें। आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा जब हम सब मिलकर इसे मजबूत बनाएं। साथ ही, योगी सरकार की कानून-व्यवस्था ने व्यापारिक वातावरण को सुरक्षित बनाया है, जिससे निवेश बढ़ा है।

भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रामानंद वर्मा के संयोजन एवं जिला उपाध्यक्ष गौरव द्विवेदी के संचालन में हुई इस गोष्ठी में व्यापारियों ने विभिन्न सुझाव दिए। सभी ने जीएसटी सुधारों का स्वागत किया और कहा कि इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

# सांसद डिंपल यादव ने सड़क हादसे में मृतकों के परिजनों को दी सांत्वना



**घायल बेटी के उज्ज्वल भविष्य का लिया जिम्मा**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

मैनपुरी की सांसद डिंपल यादव ने ग्राम हरीनगर पहुंचकर सड़क दुर्घटना में विपदा झेल चुके परिवार के प्रति गहन शोक और संवेदना व्यक्त की।

उन्होंने एकमात्र जीवित बची मासूम बेटी का हाल-चाल जाना और उसके इलाज की पूरी व्यवस्था का भरोसा दिलाया। विगत दिनों नवीन मंडी छिबरामऊ के आढ़ती दीपक चौहान, उनकी पत्नी सुजाता, बेटी आशी, बहन पूजा व भांजी आर्या सहित परिवार के पांच सदस्यों की भयानक सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई थी। सांसद डिंपल यादव ने पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता का वचन दिया। उन्होंने कहा कि बेटी के पूर्ण स्वास्थ्य सुधार के बाद उसे लखनऊ बुलाया जाएगा और समाजवादी पार्टी उसके उज्ज्वल भविष्य के लिए हर कदम पर साथ खड़ी रहेगी। समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव रोबिन यादव ने बताया कि हादसे के दिन से ही पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व सांसद डिंपल लगातार परिवार से जुड़े रहे। बच्ची के बेहतर इलाज, शवों के पोस्टमॉर्टम से लेकर अंतिम संस्कार तक सभी प्रक्रियाओं पर नजर रखी गई। इस अवसर पर विधायक ब्रजेश कठेरिया, पूर्व मंत्री अलोक शाक्य, जिला पंचायत सदस्य हरेंद्र यादव, पवन चौहान, शिवम चौहान, अरविंद गुप्ता व अलोक गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# बहवलपुर के राम तालाब से अवैध कब्जा हटवाने की मांग

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन बलराज के जिलाध्यक्ष चौधरी प्रताप सिंह के नेतृत्व में 13 अक्टूबर, सोमवार को सुबह 10:30 बजे उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा कर ग्राम बहवलपुर (बिशुनपुर हासिलपुर) स्थित गाटा संख्या 199 के राम तालाब पर अवैध कब्जा हटवाने की मांग की जाएगी।

इस तालाब पर मछली पालन के नाम पर अवैध कब्जा किया गया है, जबकि चारों ओर प्रसिद्ध मंदिर स्थित हैं। यहां मछली पालन और मांस की कटाई से भारी बदबू और गंदगी फैल रही है, जिससे भक्तों को पूजा-अर्चना में भारी असुविधा हो रही है।

किसान नेताओं का आरोप है कि फर्जी बैनामा कराकर यह अवैध कब्जा किया जा रहा है। इसके अलावा, तालग्राम रोड बहवलपुर में कई मीट की दुकानें बिना लाइसेंस के संचालित हो रही हैं।

विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से यह अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। संगठन ने मांग की है कि राम तालाब को शीघ्र कब्जामुक्त कराया जाए, अन्यथा आंदोलन तेज किया जाएगा।

# फातहे बिलग्राम मिशन के फ्री मेडिकल कैंप में उमड़ी मरीजों की भीड़



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

फातहे बिलग्राम मिशन की तरफ से मोहल्ला कस्साबान में मुन्ने हाजी के हाता में सुबह 11 बजे से शाम 5:30 बजे तक फ्री मेडिकल कैंप आयोजित किया, जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचे मरीजों ने अपना परीक्षण कराकर दवाइयां ली।

हुजूर अनीसुल मशाइख हजरत मौलाना पीर सय्यद अनस मुस्तफा वास्ती कादरी जैदी बिलग्रामी की सरपरस्ती में आयोजित इस कैंप में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। कानपुर के विशेषज्ञ डॉ. वसीम खान (एमबीबीएस), पेट, छाती, क्षय रोग, चर्म रोग, और रक्तचाप रोग विशेषज्ञ, के साथ जूनियर डॉक्टर मो. सैफी, समद खान, मो. हम्माद वारसी, और मो. हंजिला खान ने मरीजों का इलाज किया। हजरत ने नगरवासियों से अधिक से अधिक मरीजों को कैंप में लाने की अपील की थी, जिसके बाद मरीजों की भीड़ उमड़ी।

मरीजों को उनके मर्ज के अनुसार दवाइयां दी गईं। कैंप इंचार्ज चिश्ती, मुजफ्फर हुसैन, फैसल खान, महमूद मंसूरी, आमिर रजा, हाफिज फैजान शानू मंसूरी आदि की मौजूदगी में मरीजों का इलाज किया गया।

# शिक्षक अनुज द्विवेदी को मिला एपीजे अब्दुल कलाम पुरस्कार

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड फाउंडेशन द्वारा वर्ष 2025 के प्रतिष्ठित एपीजे अब्दुल कलाम पुरस्कार से कन्नौज जिले के प्रख्यात शिक्षक अनुज कुमार द्विवेदी को सम्मानित किया गया।

सहायक अध्यापक के रूप में श्यामलाल खंडेलवाल इंटर कॉलेज, विशुनगढ़ में सेवा दे रहे द्विवेदी को यह पुरस्कार फरीदाबाद (एनसीआर दिल्ली) में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में प्रदान किया गया।

यह पुरस्कार प्रतिवर्ष शिक्षा, कला और खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है, जो मिसाइल मैन के नाम पर स्थापित है। अनुज द्विवेदी माध्यमिक शिक्षा विभाग में कला उत्सव के जिला नोडल प्रभारी तथा जिला स्काउट प्रभारी के रूप में सक्रिय हैं। उन्होंने छात्रों को कला और स्काउटिंग के माध्यम से रचनात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिला स्तर पर उन्हें अब तक कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जा चुका है।

इस उपलब्धि पर माध्यमिक शिक्षा विभाग में खुशी की लहर दौड़ गई है। विभागीय अधिकारियों ने कहा कि द्विवेदी का यह सम्मान पूरे जिले के शिक्षकों के लिए प्रेरणा स्रोत है। यह पुरस्कार न केवल व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि कन्नौज की शिक्षा व्यवस्था की मजबूती को दर्शाता है।

समारोह में फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने द्विवेदी के योगदान की सराहना करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# अधिवक्ता पर हमला कर तीन युवकों ने छीने रुपए

**पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शुरू की जांच-पड़ताल**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के सराफान मुहल्ला निवासी अधिवक्ता मुकेश चंद्र पांडेय पर शनिवार देर शाम तीन अज्ञात युवकों ने हमला कर 7 हजार 2 सौ रुपये छीन लिए। घटना सौरिख रोड पर ककरारी तालाब के पास हुई, जहां अधिवक्ता अपने निर्माणाधीन अस्पताल से बाइक से घर लौट रहे थे। अधिवक्ता ने बताया कि एक युवक ने उनकी बाइक रुकवाने का इशारा किया।

बाइक आगे बढ़ाने पर तीनों युवकों ने उन पर हमला कर बाइक गिरा दी और उनके मुंह व गर्दन पर कई वार किए। हमलावरों ने उनकी जेब से 7200 रुपये छीन लिए और ककरारी तालाब की ओर भाग गए। अधिवक्ता ने तुरंत 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। इस पर प्रभारी निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी व एसआई दयाशंकर पांडेय मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

अधिवक्ता ने दावा किया कि वह हमलावरों को पहचान सकते हैं। घटना की सूचना पर कई अधिवक्ता साथी कोतवाली पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामला संदिग्ध है और जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।

# 500 गोवंशों के लिए वृहद गोशाला का निर्माण तेज, बायोगैस प्लांट भी होगा स्थापित

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका द्वारा फर्रुखाबाद रोड पर मुंशी जी के भट्ठा के पीछे वृहद गौआश्रय स्थल गोशाला का निर्माण कार्य जोरों पर है। इस निर्माणाधीन गोशाला में 500 गोवंशों को रखने की व्यवस्था होगी, जो क्षेत्र के पशुपालकों के लिए बड़ी राहत साबित होगी।

लगभग 1 करोड़ 35 लाख रुपये की लागत से बन रही इस गोशाला में आधुनिक सुविधाओं के साथ बायोगैस संयंत्र भी स्थापित किया जाएगा, जो गोबर से ऊर्जा उत्पादन में सहायक होगा। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने अवर अभियंता रविराज कौशल के साथ गोशाला का निरीक्षण किया।



उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य लगभग 70 प्रतिशत पूरा हो चुका है, लेकिन हालिया बरसात के कारण कुछ देरी हुई है। पालिकाध्यक्ष ने कार्यदायी संस्था को सख्त निर्देश दिए कि कार्य मानकों के अनुरूप समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। गोशाला में पांच बड़े शेड बनाए गए हैं, जिनकी लंबाई 50 मीटर और चौड़ाई 12 मीटर है। इन शेडों में गोवंशों के लिए नांदें तैयार की जा रही हैं, साथ ही भूसा रखने के लिए एक विशाल कोठरी का निर्माण भी चल रहा है। मनोज दुबे ने कहा कि इस गोशाला से न केवल गोवंशों की देखभाल में सुधार होगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान मिलेगा। बायोगैस प्लांट से उत्पन्न ऊर्जा स्थानीय स्तर पर उपयोगी साबित होगी। उन्होंने ठेकेदार को शीघ्रता बरतने के निर्देश दिए।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात शव मिलने से हड़कंप

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रविवार की सुबह ग्राम रामखेड़ा में एक अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरवा कर मोर्चरी में रखवा दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामखेड़ा के पास रोड के किनारे अज्ञात व्यक्ति का शव दिखाई देते ही ग्रामीणों में हड़काम मच गया। देखते ही देखते मौके पर सैकड़ो लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। मामले की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को सौ शैया अस्पताल की मोर्चरी पहुंचा। युवक की शिनाख्त ना होने के कारण उसका पंचनामा भरवा कर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया। खबर लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

### खानकाहे आलिया कबीररिया चिश्तिया उर्स आज

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** बुंदेलखंड में हिन्दू मुस्लिम एकता के प्रतीक माने जाने वाले सूफी परंपरा के अजीब बुजुर्ग हजरत अलहाज सूफी वाले बाबा जेल के पीछे के सालाना उर्स तैयारियां जोरों पर चल रही है। 13 अक्टूबर से चादरपोशी की रस्म के साथ ही उनका दो दिवसीय उर्स बज्म महफिलें समां से शुरू होगी इसके बाद हाजी सूफी कबीर अहमद के शागिर्दों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की कड़ी में 13 तारीख को इसका समापन होगा दो दिन तक चलने वाले इस उर्स की तैयारियों में पूरे जिले का हुजूम इकट्ठा होगा। कमेटी के सदस्य तनवीर अहमद ने बताया कि उर्स की रात की बज्मो में पहले व दूसरे दिन मशहूर कव्वाल नसीर अहमद चिश्ती अब्दुल जलील मंसूरी चिश्ती जेरे निगरान परिजादा तौकीर निजामी पेश करेंगे खानकाहे आलिया के उर्स मुबारक पर खानकाहे आलिया की मजार को अदब और एहतराम के साथ सजाया जायेगा हिन्दू मुस्लिम एकता के प्रतीक जाने माने वाले इस कार्यक्रम की व्यवस्था में अब्दुल कय्यूम करीमी, अब्दुल कुद्दूस माज निजामी, अरसलान निजामी, मुन्ना कमर, आलम, अरीफकुरैशी आदि लोग मौजूद रहे।

### कुठौंदा बुजुर्ग-गढ़गुवां संपर्क मार्ग पर बबूल की झाड़ियां राहगीरों के लिये बनी मुसीबत

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** विकास खंड के कुठौंदा बुजुर्ग से गढ़गवां मार्ग पर सड़क किनारे उगी झाड़ियां और बबूल के पेड़ ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। राहगीरों और वाहन चालकों को न केवल सड़क पर आने-जाने में दिक्कत हो रही है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। ग्रामीण गजेंद्र सिंह, बाबूराम, लालसिंह और पवन कुमार ने बताया कि कुठौंदा बुजुर्ग से गढ़गवां मार्ग पर सड़क के एक ओर जगह-जगह पर बबूल के पेड़ और झाड़ियां तेजी से फैल गई हैं। जबकि दूसरी ओर भी झाड़ियां उगी हैं। उन्होंने कहा कि इस मार्ग से होकर प्रतिदिन काफी संख्या में वाहन और राहगीर गुजरते हैं। झाड़ियों और बबूल की टहनियां सड़क तक फैल जाने से वाहन चालकों को ओवरटेक करने या साइड देने में कठिनाई होती है। कई बार झाड़ियों की वजह से दो वाहन आमने-सामने आने पर विवाद की स्थिति बन जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि झाड़ियों में जहरीले कीड़े-मकोड़े और सांप आदि का बसेरा हो गया है। रात के समय या बरसात के दौरान इन झाड़ियों से ऐसे कीड़े बाहर निकल आते हैं, जिससे लोगों में भय बना रहता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क किनारे फैली झाड़ियों और बबूल के पेड़ों की डालियों को काटवाया जाए, ताकि सड़क लोगों को परेशानी न हो। साथ ही संबंधित विभाग को नियमित रूप से सड़क किनारे झाड़ियां साफकराने की व्यवस्था कराए जाने के निर्देश दिए जाएं।

# राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा से 6503 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

- 13 परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई परीक्षा
- जिलाधिकारी व एसपी सहित कई प्रशासनिक अधिकारी परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार के कुशल निर्देशन में जनपद जालौन में सम्मिलित राज्य, प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा.) परीक्षा-2025 तथा सहायक वन संरक्षक, क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा (प्रा.) परीक्षा-2025 शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न हुई। जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, बेनी माधव तिवारी इंटर कॉलेज, जालौन बालिका इंटर कॉलेज तथा छत्रसाल इंटर कॉलेज आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों पर की गई सुरक्षा व्यवस्थाओं, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था, पर्यवेक्षकों की उपस्थिति एवं परीक्षा की सुचारू रूप से संचालित प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि परीक्षा पूरी पारदर्शिता और शुचिता के साथ संपन्न हो।

प्रथम पाली में 5088 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 1847 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 3241 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में 5088 अभ्यर्थियों में से 1826 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 3262 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन द्वारा परीक्षा को नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुख्ता व्यवस्थाएं की गई थीं। पुलिस बल की सतर्कता एवं अधिकारियों की निगरानी में परीक्षा सफ्लतापूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या गड़बड़ी की सूचना प्राप्त नहीं हुई।

### देशी शराब ले जाते युवक को पुलिस ने पकड़ा

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** औरैया मार्ग पर बिक्री के लिए शराब लेकर जा रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह को सूचना मिली कि औरैया मार्ग पर चुंगी नंबर चार के पास एक युवक अवैध रूप से शराब बेचने के लिए ले जा रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में जा रहे मुरलीमनोहर निवासी बाबू गणेश को पकड़कर जब उसकी तलाशी ली तो पुलिस ने उसके पास से 27 क्वार्टर देशी शराब के बरामद किए। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# निष्क्षता से कार्य करने का पत्रकारों ने लिया संकल्प

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



रविवार को प्रिन्ट मीडिया से संबंधित पत्रकारों की बैठक आयोजित हुई। जिसमें पत्रकारिता के गिरते स्तर को सुधारने तथा एकजुटता पर चर्चा हुई।

टरननगंज स्थित रजा मार्केट में प्रिन्ट मीडिया के पत्रकारों की बैठक बरिष्ठ पत्रकार ब्रजेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार मनोज चतुर्वेदी ने कहा कि पत्रकारिता का स्तर नीचे चला गया है न तो जनता ही तवज्जो दे रही है और न ही प्रशासन इसलिये पत्रकारों को एकजुट होकर अपनी कमियों को दूर कर अपनी ताकत दिखानी होगी। बैठक के दौरान सतीश द्विवेदी ने कहा कि व्यापारिक प्रतिस्पर्धा से प्रिन्ट मीडिया में खीचतान मची है लेकिन पत्रकारों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए जिससे दूसरे साथी का अहित न हो और प्रशासन की कमियों पर भी ध्यान देना होगा अन्यथा की स्थिति में पत्रकार और पत्रकारिता का नाम ही खत्म हो जाएगा। इस दौरान हरिश्चन्द दीक्षित ने भी पत्रकारों को एकजुट रहने की नसीहत दी तो दीपू चौहान ने कहा कि हमें बिना बुलाए राजनैतिक और प्रशासनिक कार्यक्रम नहीं छापने चाहिए क्योंकि अब पत्रकारों को कोई बुला नही रहा है इसलिए हमें उनकी कमियों को उजागर करना होगा। बैठक के दौरान सलीम अंसारी, अशोक पुरवार, अवधेश वाजपेई, देवेन्द्र चतुर्वेदी, ईशा रजा, संदीप मिश्र, अनिल वाजपेई, अमित यादव, रोहिणी शर्मा, अंकित गुप्ता, आरिफरजा आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# डकोर पुलिस ने चोरी का ट्रैक्टर बरामद कर एक को किया गिरफ्तार

- कार्रवाई के दौरान शातिर बदमाश के दो साथी भाग निकले
- चोरी के उपकरण सहित तमंचा व कारतूस भी हाथ लगे

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**




पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ. दुर्गेश कुमार के नेतृत्व में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत डकोर पुलिस ने एक बड़ी सफ्लता हासिल की है। अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर उरई अर्चना सिंह के निर्देशन में थाना डकोर पुलिस, सर्विलांस एवं एसओजी टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को चोरी की योजना बनाते समय गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त की निशादेही पर चोरी किया गया एक महिन्द्रा कम्पनी का ट्रैक्टर बरामद किया गया है।

थाना डकोर पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग, लुटेरे एवं वाहन चोरों की धरपकड़ हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पंचानन के पास कुछ युवक चोरी की योजना बना रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर एक हरचरन पुत्र जीवन लाल ढीमर, निवासी ग्राम गौती थाना एरच जनपद झांसी को पकड़ लिया जबकि उसके दो साथी मौके का फायदा उठाकर फ्रार हो गए। गिरफ्तार बदमाश के पास से एक तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस, एक मोटर साइकिल तथा चोरी करने के उपकरण जैसे आरी पत्ता लोहा, दो लोहे की रॉड, एक सलाई रिंच, टॉर्च, दो मोमबत्ती व माचिस की डिब्बी बरामद हुई। पूछताछ में अभियुक्त हरचरन ने बताया कि उसने अपने साथियों गोविन्द सिंह उर्फ गोलू राजपूत एवं आशीष कुशवाहा (दोनों निवासी ग्राम गौती, थाना एरच, झांसी) के साथ मिलकर दो दिन पूर्व ग्राम स्किल थाना एरच जिला झांसी से एक लाल रंग का महिन्द्रा ट्रैक्टर चोरी किया था जिसे उन्होंने चिल्ली गाँव के आगे ढाबे के पास सड़क किनारे छिपा रखा था। अभियुक्त ने यह भी खुलासा किया कि वे लोग चुराए गए ट्रैक्टरों को बेचकर पैसा आपस में बाँट लेते हैं। पुलिस टीम ने अभियुक्त की निशादेही पर एक अदद ट्रैक्टर बरामद कर लिया है। फ्रार साथियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष टीमों का गठन किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना डकोर में मु.अ.सं. 108/2025 धारा 313, 317(2), 317(4), 318(4), 338 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# सुलेख प्रतियोगिता में विजेता छात्रों को किया गया सम्मानित

**सेठ वीरेंद्र कुमार पब्लिक स्कूल में आयोजित हुई थी प्रतियोगिता**



**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय सेठ वीरेंद्र कुमार पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और रचनात्मक प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के विभिन्न वर्गों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी कला और सुंदर लेखन शैली का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ निर्णायक मंडल के सदस्य प्रबंधक शशिकांत द्विवेदी, अधिवक्ता उमेश दीक्षित, धर्मेंद्र द्विवेदी व जालौन सेवा समिति के अध्यक्ष रामशरण विश्वकर्मा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पार्चन कर किया गया। इसके बाद छात्रों के बीच हिंदी और अंग्रेजी भाषा में सुलेख प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। निर्णायक मंडल ने विभिन्न वर्गों के प्रतिभागियों की सुलेख कृतियों का अवलोकन कर उन्हें अंक प्रदान किए। जूनियर वर्ग में हिंदी सुलेख में आराध्या पाटकार को पहला, वंशिका बुधौलिया को दूसरा और बैष्णवी तिवारी को तीसरा स्थान मिला। अंग्रेजी सुलेख में नियति दीक्षित प्रथम, एलीना गुप्ता द्वितीय और ओमिका पुरवार तृतीय रहीं। प्राइमरी वर्ग में हिन्दी सुलेख में माही पहले, अदीबा दूसरे, और राघव व अभिराज ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी सुलेख में श्रवण शर्मा पहले, अर्नव साहू दूसरे और सोहेब अंसारी तीसरे स्थान पर रहे। प्री-प्राइमरी वर्ग में साद खान, अरहम और आशी गुप्ता ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। किड्स सेक्शन में अंग्रेजी वर्ग में अद्रिका जिया और समीक्षा एवं हिन्दी वर्ग में प्रणयदीप, विनायक, और वीरा यादव पहले तीन स्थान पर रहे। नर्सरी वर्ग में वेदांश प्रथम, व्योम वर्मा द्वितीय और सिद्धि गुप्ता तृतीय जबकि हिन्दी वर्ग में अरिजित प्रथम, इरीशा द्वितीय और भोला तृतीय स्थान पर रहे। अंत में सभी विजेताओं को प्रमाणपत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल के सदस्यों ने कहा कि विद्यालय द्वारा शिक्षणेतर गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है, जो सराहनीय है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की छात्रा वैष्णवी व इक्षा चौरसिया ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर अध्यक्ष डॉ. नितिन मित्तल कार्डिनेटर मुकुट सिंह आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम ने आतिशबाजी के अवैध भंडारण की सूचना पर की छापेमारी

**मकान खुलवाया तो उसमें कुछ भी नहीं मिला**

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

शनिवार देर शाम उप जिलाधिकारी ने आतिशबाजी के अवैध भण्डारण को लेकर छापेमारी की लेकिन छापेमारी के पूर्व सूचना के चलते मकान में कुछ भी नहीं मिला जबकि उसी आतिशबाज के कब्जे से गत दिनों भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया था।

विदित हो कि नगर मे आतिशबाजी के आधा दर्जन लाईसेंस है जो विभिन्न प्रकार की बारूद की बिक्री करते हैं हालांकि इसके लिए प्रशासन द्वारा स्थल भी चिन्हित किए गए हैं और समय सभी दुकानों के लिए वन विभाग के कार्यालय के पास जगह निर्धारित की गई है जिसमे मात्रा भी तय है लेकिन अधिक मुनाफा के चक्कर में लाईसेंस धारक नियम कानून को भी दरकिनार कर देते हैं जिसके चलते गत दो सप्ताह पूर्व टरननगंज बाजार स्थित गोदाम से भारी मात्रा में अवैध रूप से आतिशबाजी का भण्डारण किया गया था जिसे कब्जे में लेकर दो सगे भाईयो के खिलाफमामला भी दर्ज हुआ था लेकिन इसके बाद भी लाईसेंस धारक पर कोई असर नही हुआ और शनिवार को एसडीएम मनोज कुमार सिंह को निकासा गेट के पास एक मकान मे बारूद के अवैध भण्डारण की जानकारी मिली थी जिसको संज्ञान मे लेकर शनिवार देरशाम उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ छापा मारा लेकिन वहां कुछ भी नहीं मिला है। जानकारों की माने तो शुक्रवार की रात उक्त मकान मे आतिशबाजी का भण्डारण हुआ था लेकिन बाद में उसे इधर उधर किया गया है। एसडीएम मनोज कुमार सिंह के अनुसार बारूद के अवैध भण्डारण से किसी प्रकार की दुर्घटना न हो इसको लेकर इसके अवैध भण्डारण पर नजर रखी जा रही है और इसी के चलते शनिवार देर शाम छापेमारी की गयी थी। इस दौरान उन्होंने आतिशबाजों को चेताया है कि उनकी निगहबानी जारी रहेगी। इसलिए वह इसका अवैध भण्डारण न करें अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# स्थापना 100 वर्ष पूर्ण होने पर स्वयंसेवक संघ ने किया पथ संचलन

**कमालगंज/कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रविवार को नगर में संघ का भव्य पथ संचलन अनुशासन, परंपरा और राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। विभाग बौद्धिक प्रमुख प्रचारक के नेतृत्व में निकले इस संचलन में स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में कदमताल करते हुए संगठन की एकता और राष्ट्रभाव का संदेश दिया। यह कार्यक्रम कमालगंज की तहसील मंदिर से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्ग पर होता हुआ फिरोज गांधी जनता इंटर कॉलेज पर कार्यक्रम का समापन हुआ।

संचलन के दौरान घोष की मधुर धुन पर स्वयंसेवक अनुशासित पंक्तियों में चलते नजर आए। नगर के लोगों ने सड़कों के किनारों, दुकानों की पटियों और मकानों की छतों से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। संघ का सौ वर्ष का यह सफर संगठन, अनुशासन और समाजसेवा का प्रतीक है। उन्होंने समाज में नैतिकता, एकता और राष्ट्रहित का प्रतीक है। पथ संचलन में गोपाल पालीवाल, अरविंद गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, प्रियंक पालीवाल सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे।



पथ संचलन करते स्वयंसेवक



कार्यक्रम के दौरान मौजूद स्वयंसेवक

**वहीं दूसरी ओर** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को नगर कंपिल में एक पथ संचलन का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में अनुशासित पथ संचलन निकाला। यह आयोजन पर्यटन धर्मशाला से शुरू हुआ। इस पथ संचलन में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया। मार्ग में जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, डॉ0 हेडगेवार और माधव राव गोलवलकर के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद संघ प्रार्थना और अमृत वचन प्रस्तुत किए गए। मुख्य वक्ता ने अपने संबोधन में कहा कि संघ की स्थापना भारत को केंद्र में रखकर की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य व्यक्ति निर्माण, सेवा भावना और राष्ट्र चेतना को जागृत करना है। उन्होंने बताया कि विजया दशमी पर संघ ने अपने 100 वर्ष पूरे किए हैं। और यह केवल एक संगठन नहींए बल्कि राष्ट्र सेवा का एक सतत आंदोलन है। स्वयंसेवक नगर के मुख्य मार्गों से गुजरे। यह संचलन गंगा रोड से रामेश्वर नाथ मंदिर होते हुए वापस पर्यटन धर्मशाला पर आकर संपन्न हुआ। इस अवसर पर विजयदशमी उत्सव और शस्त्र पूजन का भी आयोजन किया गया। इस दौरान नगर खंड प्रचारक चंद्रेश, उमेश, राजेश, निशांत गुप्ता, नारायण तिवारी, नीरज गंगवार, आलोक राजपूत, अनुज शाक्य व अन्य लोग मौजूद रहे।

# भारी मात्रा में आतिशबाजी के साथ एक गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज



आतिशबाजी के साथ गिरफ्तार अभियुक्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना नवाबगंज पुलिस ने एक अभियुक्त को भारी मात्रा में आतिशबाजी के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ने अपनी दुकान में अवैध पटाखे रखे हुए हैं। मुखबिर की सूचना पर थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा उपरोक्त दुकान से तीन अदद कार्टून जिसमें कलर स्पाकर्ल्स के 80 बंडल व दूसरे कार्टून में दीपक फुलझड़ी के 106 बंडल व तीसरे कार्टून में लैला मजनू पटाखा के 32 पैकेट तथा एक बंडल पटाखा अशोक बेस्ट क्वालिटी क्रेकर्स 96 पैकेट के साथ विमलेश कुमार उपरोक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के आधार पर पुलिस ने थाना हाजा पर मु0अ0सं0 258/25 धारा-5/9ख (1) विस्फोटक अधिनियम 1884 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## खबरें एक नजर में

### सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम जीरागौर निवासी एक युवक के द्वारा सोशल मीडिया इंस्टाग्राम अकाउंट पर राजपूत समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने से क्षेत्र में तनाव उत्पन्न हो गया। सोशल मीडिया पर पोस्ट तेजी से प्रसारित हुआ। जानकारी मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई। रविवार देर रात थाना कमालगंज पुलिस ने कार्रवाही करते हुए आरोपी युवक शादान को उसके घर से हिरासत में ले लिया। पुलिस शादान को थाने ले आई और उससे पोस्ट के संबंध में लंबी पूछताछ की। पुलिस के अनुसार पूछताछ में युवक ने बताया कि उसके इंस्टाग्राम अकाउंट से गलती से आपत्तिजनक टिप्पणी अपलोड हो गई थी। हालांकि पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सोशल मीडिया पर धार्मिक या जातिगत टिप्पणी को लेकर चेतावनी दी। रविवार दोपहर पुलिस ने शादान का शांतिभंग में चालान कर दिया। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की भड़काऊ या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर सख्त कार्रवाही की जाएगी। पुलिस सोशल मीडिया पर बारीकी से नजर रखे हुए है।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर पीटा

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव ढुडियापुर निवासी जीतू ने दी तहरीर में बताया की शनिवार शाम घर के दरवाजे पर बैठा था। उसी समय गांव निवासी फिरोज और सतीश, राजीव, छविराम रंजिश में घर के दरवाजे पर आकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। बचाने आए पिता व चाचा को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए सीएससी कायमगंज भेज दिया। पीड़ित की तहरीर पर तीनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतारकर जांच पड़ताल की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किये।

जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम करीब 8:00 बजे शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जंगबाज खां निवासी अनिराज जाटव की 17 वर्षीय पुत्री पायल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद समय मृतका की दादी कोल्ड स्टोरेज में आलू बीनने गयी थी। जब वह लौटकर आयी, तो उसे घटना की जानकारी हुई। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतारकर जांच पड़ताल शुरु की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किये। स्थानीय निवासियों के अनुसार पायल का परिवार बेहद गरीबी से जूझ रहा है। उसके पिता अनिराज जाटव सिलाई का काम करते हैं, जबकि दादी शारदा देवी कोल्ड स्टोरेज में आलू बीनकर गुजारा करती है। पायल की मां सुलोचना का तीन वर्ष पूर्व निधन हो चुका है। परिवार में पायल से छोटी 12 वर्षीय नेत्रहीन बहन पूनम, भाई राहुल और 4 वर्षीय भाई देव भी है। परिवार की आर्थिक तंगी के कारण पायल की पढ़ाई भी बंद हो गई थी। बताया जा रहा है कि घर में उसकी शादी की चर्चाएं होने लगी थीं। जिससे वह मानसिक रूप से कुंठित हो गई थी। शहर कोतवाल राजीव पांडेय ने बताया कि युवती पायल ने संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या की है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की आगे की जांच की जा रही है।



मृतका का फाइल फोटो



मृतका के परिजन

# मारपीट में घायल वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दबंगों की मारपीट से घायल वृद्ध की उपचार के दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने गांव के ही दो लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मलोखर निवासी 76 वर्षीय श्याम पाल यादव की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि 6 अक्टूबर को हुई मारपीट में लगी चोटों के कारण उनकी मृत्यु हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। प्रशांत कुमार यादव ने 11 अक्टूबर की रात लगभग 10:30 बजे श्याम पाल यादव की मृत्यु की सूचना डायल 112 और स्थानीय पुलिस को दी थी। सूचना मिलने पर डायल 112 और संबंधित चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे। परिजनों के अनुसार 6 अक्टूबर को गांव के प्रेमपाल सिंह पुत्र रघुनाथ और विनय पुत्र प्रेमपाल सिंह ने 80 वर्ष पुराने बकैना और कटहल के पेड़ की लकड़ी उठाने से श्याम पाल यादव को रोका। उन्होंने जमीन पर जबरदस्ती कब्जा करने की धमकी दी और गाली-गलौज की। जब वृद्ध श्याम पाल यादव ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ लात-घूंसों और लाठी-डंडों से मारपीट की। जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। उनका इलाज चल रहा था। 11 अक्टूबर को वृद्ध श्याम पाल यादव की मृत्यु हो गई। चौकी इंचार्ज सूर्य प्रकाश उपाध्याय ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद मृतक के परिजन

# गाजे बाजे के साथ निकली मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की बारात

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नवाबगंज में शनिवार शाम गाजे बाजे के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की बारात निकाली गई। जिसमे मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष अवध नरायन पांडेय, गल्ला आढ़ती राजेन्द्र सक्सेना और पंकज गुप्ता ने भगवान श्रीराम की बारात को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ कराया।

बारात का कई स्थानों पर पुष्प वर्षा के साथ जोरदार स्वागत किया गया। श्रीराम के साथ लक्ष्मण, भरत व शत्रुघन सभी आकर्षण के केन्द्र बने हुए थे। बारात में भगवान गणेश, दुर्गाजी, खाटू श्याम, भारत माता, हनुमान जी, बाँके बिहारी, लड्डू गोपाल, शंकर पार्वती, राधा कृष्ण, सरस्वती, नंदी अघोरी, रामलला अयोध्या झांकी को शामिल किया गया। कई डीजे पर भक्ति धुनों पर बारात में शामिल श्रद्धालु झूमते गाते नजर आ रहे थे। पूरा नगर बारात देखने के लिए उन रास्तों के किनारे जमा हो गया। जिन रास्तों से भगवान श्रीराम की बारात निकलनी थी। वहीं बच्चों और बुजुर्गों में भी उत्साह दिखा। पूरा नगर बाराती नजर आया। डीजे पर बज रहे भजनों पर लोगों में खासकर युवाओं ने जमकर नृत्य किया। बारात को पुराना गनीपुर स्थित पंडित पूरन प्रकाश चतुर्वेदी के यहां स्थित जनकपुरी लाया गया। इस मौके पर मेला प्रबंधक प्रमोद मिश्रा, कमेटी अध्यक्ष अनिल वर्मा, कमल भारद्वाज, प्रशान्त गुप्ता पिन्टू, कुलदीप सक्सेना, विशाल कश्यप, अभिषेक राठौर, सुनील राठौर, मोहित भारद्वाज, नरेशचंद्र राठौर, विनीत भारद्वाज, आदेश राठौर, रजनीश यादव, अनुज गुप्ता सहित रहे।



भगवान राम की बारात में नाचते गाते युवा

# एक वर्ष से बंद पड़ा सामुदायिक शौचालय, बीडीओ बोले जानकारी नहीं

- भ्रष्ट कर्मचारियों की कारगुजारियों से हर माह निकल रहा केयरटेकर का मानदेय

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

सूबे की सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक सामुदायिक शौचालयों का निर्माण करवाया था, ताकि ग्रामीण जनता को स्वच्छता बनाये रखने में मदद मिले, लेकिन रखरखाव के अभाव में अधिकांश शौचालय बंद हो गये हैं, लेकिन मजे की बात है कि केयरटेकर का मानदेय आराम से निकल रहा है। जिससे ग्रामीणों में रोष है।

नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत ज्योनी में बना सार्वजनिक सामुदायिक शौचालय करीब एक वर्ष से नहीं खोला जा रहा है। जिससे शौचालय में गंदगी का अंबार देखा जा रहा है। रखरखाव के अभाव में यह शौचालय कंडम होता जा रहा है। जबकि यहां पर केयरटेकर की तैनाती है। जिसका ग्राम पंचायत निधि से मानदेय 9000 प्रतिमाह निकल रहा है, जबकि ग्राम निधि का पैसा ग्राम पंचायत के विकास के लिए आता है। जिससे ना तो ग्राम पंचायत का विकास हो रहा है और ना ही ग्राम पंचायत का सामुदायिक शौचालय खुल रहा है। ग्रामीण रोहित कुमार, प्रमोद कुमार, संजय कुमार ने बताया की एक वर्ष से केयरटेकर ना ही सामुदायिक शौचालय में सफाई कर रहा है और ना ही सामुदायिक शौचालय खोला जा रहा है। शौचालय न खुलने से ग्रामीणों को खेतों में खुले में शौच जाना पड़ रहा है। जब इस बाबत ग्राम प्रधान बबलू कुमार से जानकारी की गई, तो उन्होंने बताया की सामुदायिक शौचालय नहीं खुल रहा है। इसके लिए कई बार विकास खंड कार्यालय पर लिखकर दिया गया, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई और ना ही विभाग द्वारा कोई कार्रवाई की गई है। जिससे कि सामुदायिक शौचालय खोला जा सके। जब इस बाबत विकास खंड अधिकारी अमरेश सिंह चौहान से जानकारी की गयी, तो उन्होंने बताया की हमें जानकारी नहीं है, यदि ऐसा हैं, तो हम जांच कराकर कार्यवाही करेंगे।




ग्राम पंचायत ज्योनी का बंद पड़ा सामुदायिक शौचालय

# भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में सैकड़ों ने ली पार्टी की सदस्यता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी कांशीराम के द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन ग्राम गुठिना विधानसभा 192 कायमगंज में किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद सांसद नगीना की नीतियों से प्रभावित होकर सैकड़ों लोगों ने आजाद समाज पार्टी कांशीराम भाईचारा की सदस्यता ग्रहण की। 2026 का चुनाव व जिला पंचायत चुनाव की तैयारी भी शुरू कर दी गई है।

सभी सीटों पर आजाद समाज पार्टी काशीराम अपने सभी प्रत्याशी मैदान में उतारेगी और दमदारी से चुनाव लड़ा जाएगा। मुख्य अतिथि बलवीर सिंह जाटव प्रदेश सचिव मंडल प्रभारी कानपुर, प्रदीप निगम प्रदेश कार्यकारी सदस्य प्रभारी कानपुर मंडल, जावेद वारसी प्रदेश कार्यकारणी सदस्य प्रभारी कानपुर मंडल, प्रोफेसर डॉक्टर देवेंद्र दोहरे प्रदेश कोर कमेटी सदस्य प्रभारी कानपुर मंडल, रविंद्र सिंह उर्फ बबलू यादव प्रदेश कार्यकारणी सदस्य भीम आर्मी, हर्ष चौधरी मंडल संयोजक कानपुर, कर्मवीर सिंह उर्फ पिंटू जाटव मंडल संयोजक कानपुर के अलावा जिला संयोजकगण नूर अहमद सिद्दीकी, नितिन कुमार गौतम, रामानंद दिवाकर, पंछी लाल प्रधान, धर्मेंद्र कश्यप, प्रताप राना, अतुल कठेरिया, पंकज गौतम, खुशीराम शाक्य, राजेश कुमार, शैलेंद्र यादव, अंकुर सिंह, रवि कुमार गौतम के अलावा बृज गोपाल यादव, पवन गौतम, डॉक्टर मानसिंह, अमन गौतम, रविंद्र वाल्मीकि, रामलड़ैते दिवाकर, अब्दुल खान उर्फ बबलू, मस्ताना ट्रेलर, रक्षपाल, जर्मन कठेरिया, राजपाल, अमन जाटव, डॉ0 श्रीकांत, नितेश, पंकज गौतम, राहुल गौतम, सूरज गौतम लीगल सेल जिला अध्यक्ष के अलावा आसपास के सभी गांव के लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद कार्यकर्ता

## बंदूक-आतिशबाजी बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज



पुलिस हिरासत में अभियुक्त तथा बरामद बंदूक व आतिशबाजी

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापा मारकर एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके घर से 01 नाजायज बन्दूक 12 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर तथा विभिन्न कंपनियों की आतिशबाजी बरामद की थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कमालगंज पुलिस द्वारा दिनाक 11.10.2025 को मुखबिर खास की सूचना पर छापा मारकर अभियुक्त धर्मवीर के घर से 01 नाजायज बन्दूक12 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर तथा विभिन्न कंपनियों की आतिशबाजी बरामद की थी। गिरफ्तारी के आधार पर थाना कमालगंज पर मु0अ0सं0 329/2025 धारा-5/9ख (1) विस्फोटक अधिनियम 1884 व 3/25/35 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया था।

# टेंपो मालिक के डांटने से क्षुब्ध चालक ने लगायी फांसी

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

जहानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम महरुपुर खार में टेंपो विवाद के चलते 44 वर्षीय विपिन पुत्र अजय पाल ठाकुर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से परिवार और गांव में शोक का माहौल है। विपिन अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था।

पुलिस के अनुसार विपिन छिबरामऊ से गुरसहायगंज रूट पर टेंपो चलाता था। शनिवार को उसके टेंपो की एक मामूली टक्कर हो गई थी। इस घटना के बाद छिबरामऊ निवासी टेंपो मालिक विपिन के घर आया और उसे सबके सामने डांटा फटकारा एवं गाली-गलौज की। परिजनों ने बताया कि इस अपमान से आहत होकर विपिन ने दोपहर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

शाम को विपिन घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। उन्हें विपिन का शव खेत में बने बरामदे में फांसी पर लटका मिला। यह दृश्य देखते ही परिवार में कोहराम एवं चीख पुकार मच गई।

सूचना पर थाना अध्यक्ष जहानगंज राजेश राय और उप निरीक्षक बृजेश यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। थाना अध्यक्ष राजेश राय ने बताया कि परिजनों की शिकायत के आधार पर टेंपो मालिक के खिलाफ जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने उप निरीक्षक बृजेश यादव द्वारा पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

विपिन के परिवार में उसकी बूढ़ी माता गुड्डी देवी, पत्नी पूनमॉ, 22 वर्षीय बेटा शिवेंद्र, 18 वर्षीय बेटी दीक्षा और 15 वर्षीय छोटा बेटा रजत हैं। उसके तीन भाई प्रवीण और आलोक भी हैं। विपिन ही पूरे परिवार का भरण पोषण करता था। इस घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है और लोग टेंपो मालिक के व्यवहार की निंदा कर रहे हैं।



घटना की जानकारी करते थानाध्यक्ष

# स्वदेशी मेले में विधायक सुशील शाक्य ने की खरीददारी

**लाभार्थियों को वितरित किये गये प्रमाण पत्र**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद स्तरीय ट्रेड शो स्वदेशी मेले के चौथे दिन क्रिश्चियन इंटर कॉलेज ग्राउड में स्वदेशी मेले में विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा, डीएस राठौर, रशमी दुबे व कायमगंज ब्लाक प्रमुख अनुराधा दुबे, आसिफ मंसूरी आदि ने स्टालों का भ्रमण किया एवं खरीदारी की।

कार्यक्रम में लगभग 950 लोगों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद टूलकिट प्रशिक्षण योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया।


स्टालों पर खरीददारी करते विधायक


प्रमाण पत्र दिखाते लाभार्थी

लाभार्थियों द्वारा एक जनपद एक उत्पाद टूलकिट योजनान्तर्गत प्राप्त टूलकिट से अपने रोजगार को स्थापित करने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया है।

दीपावली के पर्व हेतु स्टालों पर लगी हुयी दीपक रूई, अगरबत्ती के स्टालों पर विधायक सुशील शाक्य, जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा, डीएस राठौर, रशमी दुबे, अनुराधा दुबे ने खरीदारी की। साथ ही उपायुक्त उद्योग ने बताया कि 13 अक्टूबर को शशिकान्त पाण्डेय एवं उनकी टीम द्वारा ब्रज होली एवं नवीन मिश्रा द्वारा लोक कला का संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने जनपद निवासियों से अपील की कि जनपद स्तरीय मेला में अधिक से अधिक लोग प्रतिभाग करे।

# पुण्य तिथि पर डॉ. राममनोहर लोहिया को दी गई श्रद्धांजलि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर प्रखर विचारक एवं महान नेता डा0 राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व में सभी समाजवादी नेताओं ने डॉ0 राम मनोहर लोहिया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

उनका जन्म 23 मार्च 1910 को अकबरपुर (उत्तर प्रदेश) में हुआ था। वे एक प्रखर समाजवादी विचारक, स्वतंत्रता सेनानी और संसदीय लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी थे। उन्होंने भारतीय राजनीति में समानता, सामाजिक न्याय और आर्थिक विषमता के खिलाफ संघर्ष का बिगुल फूंका। इस मौके पर अंबेडकर, डॉ0 रामकृष्ण राजपूत, इलियास मंसूरी, देवेंद्र सिंह यादव, राधा यादव, नंदकिशोर दुबे, अजीत यादव, अजय यादव, मोहम्मद आलम, अखिल कठेरिया, शिवशंकर शर्मा, बलराम सिंह यादव, अफजल हुसैन, महावीर सक्सेना, सनी यादव, ऋषभ श्रीवास्तव, सूर्यकांत यादव, रविकांत यादव, अजय अग्निहोत्री, गोपाल अग्निहोत्री, हरमौत शुक्ला, वेदराम, विजय शंकर यादव, अतर सिंह यादव, कुमार सिंह शाक्य, मंजुल मिश्रा, साजिद अली, मुजिबुल हसन, राधेश्याम सविता आदि मौजूद रहे।



लोहिया के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपा नेता

# डीएम-एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण


परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते डीएम-एसपी

**दोनों पाली में 7508 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने संयुक्त राज्य/प्रवर अभियंता सेवा (प्रा0) परीक्षा-2025 एवं सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा (प्रा0) परीक्षा-2025 के शांतिपूर्ण संचालन हेतु फिरोज गांधी इंटर कॉलेज कमालगंज, आर0पी0 पी0जी0 कॉलेज कमालगंज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़, राजकीय इंटर कॉलेज फतेहगढ़, म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़, डीएन पीजी कॉलेज फतेहगढ़, क्रिश्चियन इंटर कॉलेज व बद्री विशाल पीजी कॉलेज का निरीक्षण किया व परीक्षा को सुचितापूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए निर्देशित किया। परीक्षा में प्रथम पाली में 6343 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 2597 व द्वितीय पाली में 6343 के सापेक्ष 2581 परीक्षार्थी उपस्थिति रहे।

# केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने लगवाया स्वास्थ्य शिविर

**मनोज मिश्रा, रविशंकर चौहान, लाखन सिंह ने देखी व्यवस्था**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा आवास विकास स्थित प्रयाग नारायण मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य एवं जांच शिविर का आयोजन हुआ। जिलाध्यक्ष रविशंकर चौहान एवं जिला महामंत्री मनोज मिश्रा ने व्यवस्था देखी। फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने शिविर में पहुंचकर सहयोग किया। जिला उपाध्यक्ष व प्रवक्ता लाखन सिंह ने आये हुए मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने में सहयोग किया। मैक्स हॉस्पिटल लखनऊ के चिकित्सकों ने अपनी टीम के साथ मरीजों का परीक्षण किया। लगभग एक सैकड़ा मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मण्डल के प्रदेश मंत्री डा0 अरविन्द गुप्ता, जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा, महामंत्री विमलेश मिश्रा, जिला प्रवक्ता लाखन सिंह, मनोज दीक्षित, प्रशांत शाक्य ने व्यवस्था देखी।

इस मौके पर अजय महरोत्रा, शिवम रस्तोगी, मोहित चौहान, मुकेश दीक्षित, योगेश गुप्ता, आशीष पाल, विश्वनाथ गुप्ता, राकेश गुप्ता, मयंक सेन, आलोक मिश्रा, सुरेन्द्र सिंह यादव, सुनील मिश्रा, शरद गुप्ता, दीपक गवरानी मौजूद रहे। मैक्स हॉस्पिटल की टीम ने डा0 दिव्यांशु दत्त द्विवेदी, डा0 उत्तम पटेल, डा0 आनंद, नर्स सुनधि, निशा व शैलेश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।



मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक

# महिला को पीटने में जेठ जेठानी सहित चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** महिला के साथ मारपीट करने के मामले में जेठ जेठानी सहित चार आरोपियों के विरुद्ध महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव चंदनी निवासी रुबीना बेगम पत्नी स्वर्गीय अफरोज ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते दो वर्षों पूर्व उसके पति की बीमारी के चलते मृत्यु हो गई थी। तब से आए दिन परिवारीजन मारपीट करते रहते हैं।

बीती 24-25 सितंबर को पीड़िता के जेठ फिरोज खान ने पीड़िता के साथ गाली-गलौज करने लगे। जब पीड़िता ने गाली-गलौज का विरोध किया, तो उक्त आरोपीगणों ने पीड़िता के साथ मारपीट की। जिसमें पीड़िता ने जेठ फिरोज खान, जेठानी आसमा बेगम, मुस्कान पुत्र मायरोज खान के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर थाना पुलिस ने चार आरोपीगणों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया विजय दशमी सीमोल्लंघन पर्व


कार्यक्रम में मौजूद स्वयंसेवक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विजय दशमी उत्सव को सीमोल्लंघन पर्व के रूप में मनाया गया। कानपुर प्रान्त के कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख अमरनाथ दुबे ने श्री राम शाखा पर आयोजित विजय दशमी उत्सव में बताया कि संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर हर बस्ती में संचलन निकल रहे हैं। रविवार को महावीर नगर का संचलन निकाला गया है। उन्होंने पंच परिवर्तन को घर-घर पहुंचाने का आवाहन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता सुधीर चन्द्र शर्मा ने की। एकल गीत विभाग कार्यवाह विजय अवस्थी ने प्रस्तुत किया, 'मैं स्वयंसेवक मुझे न चाह है जयगान की, परवाह न यश गान की। मैं पूजा का पुष्प हूं अराध्य माता भारती। इस अवसर पर नगर संघ चालक सुशील वर्मा, सांसद मुकेश राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष फतेह चन्द्र वर्मा, जितेन्द्र सिंह, अशोक चौहान, मुकेश रस्तोगी, राहुल परमार, राजेंद्र त्रिपाठी, राज किशोर, देवेन्द्र मिश्रा, जवाहर लाल वर्मा, सदानंद शुक्ला, संजीव गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने की दीपावली से पहले महंगाई भत्ता दिलाने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक मोहन लाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इंटर कालेज में सम्पन्न हुई। दीपावली से पूर्व महंगाई भत्ता दिलाने का आदेश करने की मुख्यमंत्री से मांग की गई। जिलाध्यक्ष विष्णु भगवान कटियार ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि आठवें वेतन आयोग की सिफारिश को लागू किया जाये। पेंशनर्स के साथ सरकारी कर्मचारियों के साथ व्यवहारिक सम्मान किया जाये। वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0 प्रभुदयाल ने कहा कि आठ नवंबर को द्विवर्षीय अधिवेशन कराया जायेगा। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष अमरनाथ यादव को आमंत्रित किया जायेगा। इसी दिन द्विवार्षिक चुनाव सम्पन्न कराया जायेगा। उपाध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा ने संगठन की मजबूती पर बल दिया। कार्यकारी अध्यक्ष राजेश निराला ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को घर, परिवार एवं सरकारी विधाओं से उपेक्षा मिलती है। कार्यक्रम का संचालन राजीव कुमार बाजपेयी ने किया। इस मौके पर सुखदेव दीक्षित, डा0 जीएस राजपूत, अवधेश मुरारी पाण्डेय, नरेश बहादुर प्रतिहार, रामशरन शर्मा, अमरनाथ कश्यप सियाराम, जोगराज सिंह, विनोद कुमार, मुनीश चन्द्र दीक्षित, करन सिंह राठौर, आदेश सिंह, जागेश्वर प्रसाद राजपूत, देवी प्रसाद, सुभाष चन्द्र शर्मा, सुरेश चन्द्र शर्मा, बुद्धसेन मिश्रा, सुरेश चन्द्र सक्सेना, लालाराम कठेरिया, सुरेन्द्र सिंह, रामपाल शर्मा, रामनंदन कश्यप, विनोद कटियार, डा0 वेदप्रकाश भारद्वाज, जगदीश शरण दुबे, रामरतन लाल आदि लोग मौजूद रहे।



बैठक को सम्बोधित करते डॉ. प्रभुदयाल

# राष्ट्रीय कवि संगम द्वारा रामोत्सव सम्मेलन का हुआ आयोजन

**शायद सबकी सुनी प्रार्थना प्रभु राम घर आए : पं. रोहित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय कवि संगम जनपद इकाई के तत्वावधान में रामोत्सव कवि सम्मेलन का आयोजन जलालपुर में सम्पन्न हुआ।

रविवार को इटावा से पधारे संस्था के प्रांतीय अध्यक्ष अतिथि कवि पंडित रोहित चौधरी व मुख्य अतिथि डा0 पल्लव सोमवंशी, राम मोहन शुक्ल, भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद राजपूत, दिलीप कश्यप ने सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे इटावा से आए कवि पंडित रोहित चौधरी ने सपने थे वर्षो घर की देहरी पर दीप जलाए, शायद सबकी सुनी प्रार्थना प्रभु राम घर आए, दीप मालिका सजी हुई है बन्दनवार बनी है, सही अर्थ में भरतभूमि पर दीपावली मनी है।



डॉ. रोहित तिवारी को सम्मानित करते दिलीप कश्यप आदि

लखनऊ से आई कवयित्री श्वेता शुक्ला ने वफाओं का मेरी तुम भी सिला देते तो अच्छा था, खलिश दिल की मोहब्बत से मिटा देते तो अच्छा था तुम्हारी याद में हमने सदा आंसू बहाये हैं कभी हंसने की मुझको तुम दुआ देते तो अच्छा था पंक्तियां पढ़ीं। लखनऊ से आए शेखर त्रिपाठी ने जिन्हें दाम प्यारे उन्हें दाम दे दो, मुझे राम प्यारे मुझे राम दे दो गीत पढ़ा। वाशु पाण्डेय ने उसके हाथ में बाकी क्या रह जाता है, तुमने जिसका हाथ पकड़ कर छोड़ दिया। कवयित्री स्मृति अग्निहोत्री ने समाहित है जीवन लकीरों में जैसे बसा लूं तुम्हें इस हथेली में वैसे कि हो आमना सामना हर सेवेरे बसे हो हृदय में तुम्हीं राम मेरे गीत पढ़ा। कवि डॉ0 संतोष पाण्डेय ने ऋषियों की तपों भूमि है वेदों का गान है, हांए हमारे बाप का हिंदुस्तान है। नलिन श्रीवास्तव ने तकती थी राह जिसकी वो दर्शन के आ गए शबरी के राम चलकर, खुद उपवन में आ गए। कवि राम मोहन शुक्ल, राम अवतार शर्मा इंदु, दिलीप कश्यप कलमकार, प्रियांशु पाण्डेय, दिनेश अवस्थी आदि ने काव्य पाठ किया। इस अवसर पर डा0 नवेद अलीम, डॉ0 रोहित तिवारी, डा0 पल्लव सोमवंशी, कैलाश चंद्र कटियार, सुबोध शुक्ला, राज गौरव पाण्डेय आदि को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सूरज पाल, भगवान सिंह, संदीप कुमार, रंजीत, अमित कुमार, मनोज कुमार, तराचंद्र, कुलदीप कुमार, अमित सक्सेना,आदि लोग मौजूद रहे। संचालन विशाल श्रीवास्तव ने किया।

# अनुशासन व पंरपरा तथा राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ


कार्यक्रम में उपस्थित स्वयंसेवक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को नगर में संघ का भव्य पथ संचलन अनुशासन, परंपरा और राष्ट्रभक्ति के रंग के साथ कार्यक्रम हुआ। विभाग बौद्धिक प्रमुख विशंभर के नेतृत्व में निकले पथ संचलन में स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में कदमताल करते हुए संगठन की एकता और राष्ट्रभाव का संदेश दिया।

पथ संचलन का शुभारंभ सेवालाल भवन गंगा दरवाजा से हुआ। संघ गीत और प्रार्थना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

पथ संचलन मुख्य चौराहा, लोहाई बाजार, श्याम गेट, बजरिया, जमा मस्जिद, पटवन गली, भूसा चौराहा, गल्ला मंडी चौराहा से होते हुए शिवालय पहुंचा। जहां कार्यक्रम का समापन हुआ। संचलन के दौरान घोष की मधुर धुन पर स्वयंसेवक अनुशासित पंक्तियों में चलते नजर आए। नगर के लोगों ने सड़कों के किनारों, दुकानों की पटियों और मकानों की छतों से पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। साहसी बालिका टीम की ओर से मार्ग पर आकर्षक रंगोलियां बनाई गईं। जिनमें संघ के शताब्दी वर्ष का प्रतीकात्मक चित्रण भी किया गया।

विभाग बौद्धिक प्रमुख विशंभर ने कहा कि संघ का सौ वर्ष का यह सफेर संगठन, अनुशासन और समाजसेवा का प्रतीक है। उन्होंने समाज में नैतिकता, एकता और राष्ट्रहित के लिए स्वयंसेवकों को निरंतर सक्रिय रहने का आवाह्न किया।

पथ संचलन में जिला प्रचारक मानवेंद्र, जिला कार्यवाह मनोज भारद्वाज, पवन गुप्ता, चंद्रेश, सुभाष दीक्षित, दीपक राजा अरोड़ा, सुधीर गुप्ता, सचिन, देवांश वर्मा, मनोज निशांत आदि मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार बाइक पोल से टकराई, तीन घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पोल टकरा गयी। जिससे बाइक सवार तीन लोग गंभी रुप से घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत बिगड़ने पर दो लोगों को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव धीरज राजपूत उम्र 19 वर्षीय पुत्र नन्हेलाल बाइक द्वारा अपनी ससुराल गांव माधुरी नगर जनपद बदायूं गया था। वहां से अपनी सास रामवती उम्र 50 वर्षीय पत्नी राजवीर तथा छोटी साली शिव कुमारी उम्र 10 वर्ष को साथ लेकर बाइक द्वारा वापस अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह गांव राईपुर चिनघटपुर के पास पहुंचते ही सडक टूटी होने के कारण धीरज ने बाइक को रोकना चाहा, तभी तेज तफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सीमेन्ट के खड़े पोल से टकरा गई। जिससे बाइक सवार तीनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये।

आसपास के लोगों की मदद से घायल अवस्था में तीनों लोगों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहां ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 अमरेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर सास रामवती व साली शिवकुमारी को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।


अस्पताल में भर्ती घायल

# मां गंगा सेवा समिति ने रोपित किया बरगद का पौधा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

साप्ताहिक स्वच्छता एवं पर्यावरण स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत मां गंगा सेवा समिति द्वारा पांचाल घाट पर बरगद के वृक्ष का रोपण किया गया। साथ ही वृक्ष के संवर्धन और सुरक्षा के लिए जाल भी लगाया गया। जिससे पशुओं से पौधे की रक्षा हो सके।

इस माध्यम के द्वारा समिति के पदाधिकारियों ने समस्त देशवासियों से अपील की कि पर्यावरण सुरक्षा हेतु अधिक से अधिक बरगद, पीपल, नीम, जैसे पौधों का रोपण करें। इस अवसर पर आलोक चतुर्वेदी, राजीव बाजपेई, आशीष मिश्रा, श्याम बाबू, राजेंद्र बाथम, संतोष कुमार, नीटू मिश्रा आदि उपस्थित रहे।


पौधे का रोपण करते समिति के लोग

# ताइक्वांडो बेटियों के लिए बहुत जरुरी : डॉ. वंदना द्विवेदी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को सेंट एंथोनी जूनियर स्कूल नेकपुर के प्रांगण में जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा बेल्ट प्रमोशन का टेस्ट सचिव अजय प्रताप सिंह की देखरेख में संपन्न हुआ। उद्घाटन जिलाधिकारी की पत्नी डॉ0 वंदना द्विवेदी व पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन ने किया। मुख्य अतिथि ने पर्यावरण तथा मोबाइल फोन के इस्तेमाल के ऊपर विशेष जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति के तहत यह ताइक्वांडो बेटियों के लिए बहुत ही बड़ा कार्य कर रही है। बेल्ट प्रमोशन टेस्ट में लगभग 250 बच्चों ने प्रतिभाग किया। सभी बच्चों का बेल्ट प्रमोशन टेस्ट संगठन के प्रशिक्षित प्रशिक्षक निकिता, सिमरन, मुस्कान, दीपांजलि, उपासना, रसिका, आदित्य, सनी, अर्जुन तथा मुस्तफा द्वारा लिया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अंजुम कुमार दुबे ने किया। व्यवस्था जिला ओलंपिक संघ के सचिव अवनीद्र कुमार ने संभाली। सचिव अजय प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित कर धन्यवाद दिया।



वंदना द्विवेदी को सम्मानित करते अजय प्रताप सिंह

# निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन को लेकर तैयारी बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में बैठक पवन आयल मील बढ़पुर के कैम्प कार्यालय पर सम्पन्न हुई। निषाद पार्टी के प्रदेश सचिव अरविन्द कुमार निषाद द्वारा जिला कमेटी की बैठक में बताया गया कि 15 अक्टूबर को निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद जनपद में आ रहे है। जिसके तहत विशेष रणनीति बनायी गई और उनके जोरदार स्वागत के लिए तैयारी की गई। प्रदेश सचिव अरविन्द कुमार निषाद, महिला मोर्चा की रजनी निषाद ने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप, मुकेश बाथम, कुलदीप, विमलेश, सुरेश कश्यप, अजीत कश्यप, सोहन लाल, रामसिंह कश्यप, दुर्वेश कश्यप आदि लोग मौजूद रहे।



बैठक के दौरान मौजूद निषाद पार्टी के लोग

# सपा कार्यालय में मनाई गई डॉ. राम मनोहर लोहिया की 58वीं पुण्यतिथि

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज़।**



समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय स्थित लोहिया ट्रस्ट पर डॉ0 राम मनोहर लोहिया की 58 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर सपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजली दी और संकल्प लिया कि उनके पदचिन्हों पर चलकर समाजवाद का पताका फहराने का काम करें। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि लोहिया जी कहते थे, सड़कें सूनी रहीं तो संसद भवन आवारा हो जाता है।

श्री यादव ने आगे कहा कि लोहिया एक ऐसी विभूति थे जिनके स्मरण मात्र से समाजवाद समाहित हो जाता है। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने बताया कि लोहिया जी का मानना था कि जो सरकार जनता को संतुष्ट न कर सके, उसे सत्ता में रहने का कोई हक नहीं है और जनता को उसे हटा देना चाहिए। पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल ने लोहिया के राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने लगातार 16 वर्षों तक शासन कर रही नेहरू सरकार के खिलाफ सर्वप्रथम अविश्वास प्रस्ताव लाया था।

राष्ट्र सेवा के लिए, वे स्वतंत्रता से पहले और बाद में भी कई बार जेल गए। संसद में सरकार के अपव्यय पर उनकी तीन आना पन्द्रह आना बहस आज भी प्रसिद्ध है। कहा कि डॉ. लोहिया का जीवन प्रत्येक राजनीतिज्ञ के लिए एक आदर्श है। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि उनके पदचिन्हों पर चलकर समाजवादी को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। साथ ही 2027 विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का निर्णय लिया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करने वालो में पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष यादव, अशोक यादव, डॉ0 संतोष सिंह, डॉ शक्ति श्रीवास्तव, रोहित शुक्ला 'लल्लू', सुरेन्द्र सिंह पटेल, रामजी मौर्या, आशीष राय, वन्दना गुप्ता, रामगोपाल बिन्द, रामजी बिन्द, मनोज चौहान, राजेश भारतीय, मेवालाल प्रजापति, सियाराम जैसल, सौरभ सिंह, भोला यादव, राहुल यादव, रंजीत यादव, अमरेश सोनकर, रवि सोनकर, रामराज यादव, रविन्द्र यादव, सलीम बादशाह, रमेश ओझा, बलराम यादव आदि शामिल थे।

# सपा ने मनाया प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का जन्मदिन



**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज़।**

समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय स्थित लोहिया ट्रस्ट पर प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर सपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके जन्मदिन पर उनके दीर्घ आयु रहने की मनोकामना की गई।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि श्याम लाल पाल गड़रिया समुदाय से आते हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में इस बिरादरी के मतदाताओं की खासी तादाद है। पार्टी को मजबूत करने में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

बताया कि पाल प्रयागराज के एक कॉलेज में प्रधानाचार्य थे। उनके नेतृत्व में पार्टी को सांप्रदायिक ताकतों का मुकाबला करने के लिए एक नई ऊर्जा मिल रही है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष यादव, अशोक यादव, डॉ0 संतोष सिंह, डॉ शक्ति श्रीवास्तव, रोहित शुक्ला 'लल्लू', सुरेन्द्र सिंह पटेल, रामजी मौर्या, आशीष राय, वन्दना गुप्ता, रामगोपाल बिन्द, रामजी बिन्द, मनोज चौहान, राजेश भारतीय, मेवालाल प्रजापति, सियाराम जैसल, सौरभ सिंह, भोला यादव, राहुल यादव, रंजीत यादव, अमरेश सोनकर, रवि सोनकर, रामराज यादव, रविन्द्र यादव, सलीम बादशाह, रमेश ओझा, बलराम यादव आदि शामिल थे।

## सीईआईआर पोर्टल के मदद से एंड्राइड फोन बरामद



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।** सीईआईआर पोर्टल पर प्राप्त शिकायत प्रार्थना पत्र आवेदक राजेश कुमार निवासी गढ़वा थाना हलिया मिर्जापुर का नथिंग 2ए 5 जी फोन खो गया था के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर गुमशुदगी दर्ज कर सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से थाना स्थानीय पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उपरोक्त फेन को बरामद कर थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव थाना हलिया द्वारा उपरोक्त व्यक्तियों को सुपुर्द किया गया। मोबाइल मिलते ही मोबाइल स्वामी के चेहरे खिल उठे मोबाइल स्वामी ने हलिया थानाध्यक्ष व साइबर टीम की भूर भूर प्रशंसा किया है। मोबाइल फेन बरामदगी करने वाले टीम में एसआई अच्छेलाल यादव, कांस्टेबल प्रदीप कुमार पाल रहे।

## विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसार काशी प्रांत की दो दिवसीय बैठक का हुआ समापन



**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।**

विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसार काशी प्रांत की वार्षिक योजना बैठक 11 - 12 अक्टूबर को सुरभि शोध संस्थान रामबाग चुनार में केंद्रीय मंत्री अखिल भारतीय धर्म प्रसार प्रमुख सुधांशु मोहन पटनायक, लखनऊ क्षेत्र के धर्म प्रसार प्रमुख प्रदीप पांडेय की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 6 माह के योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। संगठन को गतिशील एवं सशक्त बनाने की दृष्टि से कुछ नए पदाधिकारी की योजना की गई जिसमें प्रांत प्रमुख नरसिंह त्रिपाठी, सह प्रांत प्रमुख मांधाता सिंह व विशंभर दत्त दुबे के अतिरिक्त प्रांत टोली में परियोजना प्रमुख लाल प्रताप सिंह, सह परियोजना प्रमुख पवन सिंह, परावर्तन प्रमुख रमेश शर्मा, सह परावर्तन प्रमुख शिवम द्विवेदी, प्रशासनिक संपर्क प्रमुख हेमंत मिश्रा, सह प्रशासनिक संपर्क प्रमुख प्रदीप अधिवक्ता उच्च न्यायालय, संत संपर्क प्रमुख राजन काशी, सह संत संपर्क प्रमुख दीपक मालवीय मिर्जापुर, निधि प्रमुख जगमंदर सेन अग्रवाल को काशी प्रांत के संगठन मंत्री नितिन के सुझाव पर लखनऊ क्षेत्र के धर्म प्रसार प्रमुख प्रदीप के द्वारा घोषित किया गया।

## खबरें एक नजर में

### बैल के हमले से महिला घायल, रेफर

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कला गांव निवासी महिला के ऊपर बैल ने हमला कर दिया जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुँचे परिजनों ने महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफ्र कर दिया है। ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कला गांव निवासी विनोद की 45 वर्षीय पत्नी संगीता को बैल ने पेट पर हमला कर दिया जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने महिला को बैल से बचाते हुए तत्काल उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक विवेक खरे ने प्राथमिक उपचार करने के बाद महिला की हालत गंभीर देखकर बेहतर उपचार के लिए मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफ्र कर दिया है। इस संबंध में चिकित्सक विवेक खरे ने बताया की बैल के हमले से गंभीर रूप से घायल महिला को परिजनों द्वारा उपचार के लिए लेकर आए थे। महिला के पेट में सिंग से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। प्राथमिक उपचार के बाद महिला को रेफ्र कर दिया गया है।

### जंगल में बंदूक के साथ दो शिकारियों को वन विभाग की टीम ने पकड़ा

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय रेंज के जंगल से वन विभाग की टीम ने शनिवार की रात्रि में दो शिकारियों को बंदूक के साथ गिरफ्तार कर कार्रवाई में जुट गई है। वन दरोगा सूरज पाण्डेय व सन्नी सिंह, फ़ारेस्ट गार्ड अंकुर शुक्ला व रामदास आदिवासी वन क्षेत्र में गस्त कर रहे थे की मुखबिर की सूचना पर जंगल में शिकाऱ के लिए बंदूक लेकर जा रहे शिकारी खरीहट खुर्द गांव निवासी लक्ष्मण कोल व उसके पुत्र को बंदूक के साथ गिरफ्तार कर रेंज परिसर लाकर कार्रवाई में जुट गए है। इस संबंध में रेंजर अवध नारायण मिश्रा ने बताया की जंगल में शिकार के लिए जा रहे दो शिकारियों को बंदूक के साथ गिरफ्तार कर कार्रवाई किया जा रहा है।

### कच्चे मकान से टकराई बोलेरो, दो घायल

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के रीवां-मिर्जापुर हाइवे पर स्थित भैंसोड़ बलाय पहाड़ गांव के पास फ़ोर लेन की सर्विस रोड पर बोलेरो अनियंत्रित होकर कच्चे मकान से टकरा गई। जिससे दरवाजे पर मौजूद दो लोग घायल हो गए। जिनका स्थानीय स्तर पर इलाज कराया जा रहा है। एक बोलेरो एमपी से यूपी की तरफआ रही थी। उसी दौरान फ़ोर लेन के सर्विस रोड से भैंसोड़ बलाय पहाड़ गांव के नौगवां मोहल्ले की और मुड़ते समय बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित बब्बू कोल के कच्चे मकान से टकरा गई। जिससे दरवाजे पर मौजूद बबबू कोल (42) व उनकी मां महराजी (65) घायल हो गए। उस दौरान मकान के दरवाजे पर करवा चौथ की पूजा करने के बाद कुछ महिलाएं व बच्चे नाच गा रहे थे। अनियंत्रित बोलेरो की मकान की तरफआने का अंदाजा लग गया और जल्दी से लोग भागे। नहीं तो बड़ा हादसा हो जाता। मकान से टकराने के बाद चालक समेत बोलरो पर सवार करीब चार लोग भाग हो गए। सूचना पर पीआरवी पुलिस के साथ पहुंचे उपनिरीक्षक सुभाष यादव ने मौके का निरीक्षण किया। बोलेरो में बैठे एक युवक को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

### ट्रेन से कटकर जान देने वाले युवक की हुई शिनाख्त

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के शक्तेसगढ़ रेलवे यार्ड में शनिवार को ट्रेन से कट कर मृतक के बड़े पिता नन्हकू यादव ने बताया कि वह घर से 11 बजे गांव में घूमने निकला था। पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई। मृतक व्यक्ति के पास से एक सुसाइड नोट मिला है। जो किसी लड़की के नाम से लिखा गया है। कि तुम बोल रहीं थीं कि जाओ मर जाओ तो हम मरने जा रहे हैं, तुम खुश रहना। इसके अलावा अपने चाचा को भी लिखा है कि मुझे माफकर देना की आपने मेरा बहुत सहयोग किया है। मृतक की पहचान नही हो सकी है। चौकी प्रभारी राजेश कुमार पांडेय नेबताया कि एक व्यक्ति की ट्रेन के कटने से मृत्यु हुआ है। कयास लगाया जा रहा है कि प्रेम प्रपंच का मामला है।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 196 मरीजों का हुआ उपचार

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**



उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया के अंतर्गत नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 196 मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन चिकित्सक कामेश्वर तिवारी के देखरेख में 45 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकाऱ नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर रोशन कुमार आजाद के देखरेख में 56 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का डॉक्टर रविराज के देखरेख में 53 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला चिकित्सक मनीष कुमार कि देखरेख में 41 मरीजों का उपचार कर दवा वितरण किया गया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार, ड्रमण्डगंज, बरौधा मुड़पेली में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में कुल 196 मरीजों का उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। इस दौरान फ़ार्मासिस्ट मनोज कुमार, राकेश पटेल, अरविन्द कुमार, स्टॉफ नर्स माया आदि मौजूद रहें।

## डिप्टी रेंजर चंद्र प्रकाश त्रिपाठी बने रेंजर



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय रेंज हलिया में तैनात डिप्टी रेंजर चंद्र प्रकाश त्रिपाठी (सीपी तिवारी) को शासन द्वारा जारी सूची मुख्य वन संरक्षक और विभागध्यक्ष सुनील चौधरी द्वारा पदोन्नति देकर रेंजर बनाया है। हलिया रेंज में तैनाती के दौरान डिप्टी रेंजर ने ताबड़तोड़ कार्रवाई कर चर्चा में आये थे। इससे पहले डिप्टी रेंजर रहते हुए कैमूर वन्यजीव प्रभाग मिर्जापुर के अंतर्गत गुरमा रेंज में प्रभारी रेंजर के पद पर कार्य करते हुए कुशलता के साथ कार्यकाल बिताया था रेंज अधिकारी रेंजर के बाद पर रहकर चंद्र प्रकाश त्रिपाठी सीपी (तिवारी) द्वारा अबैध कटान, खनन, परिवाहन के रोकथाम के लिए अनेक कार्यवाई कर शासन को राजस्व दिया था। इस संबंध में पदोन्नति हुए डिप्टी रेंजरध्रेंजर चंद्र प्रकाश त्रिपाठी (सीपी तिवारी)ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा पदोन्नति देकर डिप्टी रेंजर से रेंजर के पद पर पदोन्नति मिली है जिसके के लिए मुख्य वन संरक्षक विभागध्यक्ष सुनील चौधरी द्वारा सूची जारी किया गया है।

## जिले में 3589 अभ्यर्थियों ने छोड़ी पीसीएस प्री परीक्षा

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** उ.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस प्री परीक्षा में 6912 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 48 प्रतिशत ने ही परीक्षा दी, जबकि 52 प्रतिशत अनुपस्थित रहे। परीक्षा सुबह 9.30 से 11.30 बजे तक चली। उपस्थिति 48 प्रतिशत और अनुस्थित 52 प्रतिशत दर्ज की गई। कुल 6912 पंजीकृत परीक्षार्थियों में 3323 उपस्थित और 3589 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ने का फैसला किया। इससे पहले परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए सुबह 8 बजे से ही परीक्षार्थी अपने निर्धारित परीक्षाा केंद्रों पर पहुंचने लगे थे। लंबी लाइन में खड़े होकर अपनी तलाशी, आंखों की पुतली की स्कैनिंग और आधार जांच कराने के बाद परीक्षा हाल में प्रवेश किया। परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी के कर्मचारियों ने तलाशी ली। वहीं महिला परीक्षार्थियों की तलाशी महिला पुलिस कर्मचारियों ने ली। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सकुशल पीसीसएस परीक्षा जिले में संपन्न हुई। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, अपर जिलाधिकारी अजय कुमार सिंह आदि अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का भ्रमणकर नकल विहीन परीक्षा सुनिश्चित कराई।

# रामलीला देखने गए युवक का तालाब में मिला शव, हत्या की आशंका

**पड़री (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

रामलीला देखने के लिए शनिवार की शाम को घर से निकले युवक का रविवार को सुबह थाना क्षेत्र के भगेसर ग्राम पंचायत के पैड़ापुर स्थित तालाब में शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 27 वर्षीय दिलीप यादव पुत्र मल्लू यादव निवासी भगेसर के रूप में हुई है।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। यवुक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। दिलीप शनिवर की शाम को अपनी बाइक से रामलीला देखने के लिए रानी चौकियां बंगला गांव गया था। देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने सुबह खोजबीन शुरू की। घर से करीब 200 मीटर पश्चिम दिशा में तालाब के किनारे उसकी बाइक,जैकेट और टोपी पड़ा पाया गया। शक होने पर ग्रामीणों ने तालाब में तलाश शुरू की। पानी में दिलीप का शव उतराया मिला। तालाब में शव मिलने की खबर फैलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। उधर युवक के मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पड़री थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस की फ़ील्ड यूनिट टीम भी मौके पर पहुंचकर घटना का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। मृतक दिलीप तीन भाइयों में सबसे छोटा था। मुंबई में रह कर जीविकोपार्जन करता था। दिलीप एक अक्तूबर को अपने गांव आया था। घटना के दिन वह पत्नी राधा देवी का इलाज कराने वाराणसी गया था। शाम को घर लौटकर उसने रामलीला देखने की इच्छा जताई, लेकिन परिवार ने मना किया। इसके बावजूद भी वह रामलीला देखने चला गया। और सुबह उसका शव तालाब में मिला। मृतक की पत्नी राधा देवी और मां माला देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार तीन को रौंदा, हादसे में दो चचेरे भाइयों की मौत, एक घायल

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**




तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार तीन युवकों को रौंदा,दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है.एक युवक की हालत गंभीर होने पर प्रयागराज रेफ्र किया गया है। मृतकों में दोनों रिश्ते में चचेरे भाई लगते थे.सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

लालगंज थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 135 के चिरुईराम पानी टंकी के पास देररात भीषण सड़क हादसा हो गया. हादसे में बाइक सवार तीन युवकों को अज्ञात वाहन नहीं रौंद दिया जिसमें दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है, एक युवक की हालत गंभीर होने पर प्रयागराज बेहतर इलाज के लिए रेफ्र किया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। बताया जा रहा निनवार दक्षिण गांव के रहने वाले मनोज पटेल, सूरज पटेल और सुरेश पटेल एक बाइक से देर रात लालगंज बाजार से गांव के लिए निकले थे।

इस दौरान गांव के पास रास्ते के करीब पहुंचने पर चिरुईराम पानी टंकी के पास पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने रौंदते हुए फ़रार हो गया। तीनों युवक सड़क के डिवाइडर के पास घायल अवस्था में गिरे पड़े हुए थे। हादसे की आवाज सुनकर स्थानीय लोग दौड़कर तीनों घायलों की मदद में जुट गए। जिसमें दो घायलों मनोज पटेल और सूरज पटेल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची लालगंज पुलिस ने तीनों को लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने मनोज और सूरज को मृत घोषित कर दिया और गंभीर रूप से घायल सुरेश को प्रयागराज बेहतर इलाज के लिए रेफ्र कर दिया है। मृतकों में दोनों चचेरे भाई हैं। दोनों चचेरे भाइयों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया हैं।

लालगंज थाना प्रभारी निरीक्षक अभय कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन की चपेट बनाने से तीन युवक घायल हो गए थे। तीनों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां दो युवकों की मौत हो गई है। एक की हालत गंभीर है प्रयागराज रेफ्र किया गया है। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। दोनों के शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है।

## छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए एआई लैब का उद्घाटन

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** नवजीवन मिशन स्कूल आनंदनगर में छात्रों की उज्जवल भविष्य के लिए पढ़ाई में नया अध्याय जोड़ते हुए ए आई लैब का उद्घाटन अध्यक्ष मिस्टर पी सी सैमकुट्टी प्राध्यापक प्रोफेसर प्रसिल्ला सैम प्रबंधक कैप्टन मिस्टर आशीष सैम सॉफ्टवेयर इंजीनियर मीसेज श्यामली प्रधानाचार्य मिस्टर शाजी लुइस अध्यापकगण और अभिभावक जनों के बीच संपन्न किया गया। कार्यक्रममें में विद्यालय के चेयरमैन मिस्टर पी सी सैमकुट्टी ने कहा कि विद्यालय में रोबोटिक और एआई लैब से छात्रों में जगी नवाचार की भावना जो उनके उज्जवल भविष्य की ओर कदम है। प्रबंधक आशीष सैम ने कहा कि समाज में ए आई का मुख्य काम भविष्य को रोबोटिक शिक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए विद्यालय ने शुरुआत की है। प्राध्यापक प्रोफेसर प्रसिल्ला सैम एवं सॉफ्टवेयर इंजीनियर मिसेज श्यामली ने कहा कि यह प्रयोगशाला छात्रों में रचनात्मक जिज्ञासा और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करने का एक अनोखा मंच है। विद्यालय के प्रधानाचार्य शाजी लुइस ने बताया कि लैब में छात्रों को 3 डी डिजाइन और प्रिंटिंग का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने सभी अतिथियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए आभार जताया।

# आरोग्य मेले का 32 मरीजों ने उठाया लाभ



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

इंदिरानगर स्थित अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में आज रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में दोपहर तक 32 मरीजों की जांच की गई और उन्हें निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। मेले का अनुश्रवण डिप्टी सीएमओ डॉ. के.पी. सिंह ने किया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और मरीजों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए सभी स्टाफ को कड़े निर्देश दिए। मौके पर डॉ. नमिता गुप्ता मरीजों की जांच और उपचार में सक्रिय रूप से जुटी रहीं। डिप्टी सीएमओ डॉ. के.पी. सिंह ने बताया कि मेले का मुख्य उद्देश्य आम जनता को सुलभऔर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मरीजों की जांच और उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मेले में आए मरीजों को विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच, आवश्यक दवाइयां और चिकित्सा परामर्श निःशुल्क प्रदान किए गए। स्थानीय लोगों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# शिक्षा विकास का प्रथम सोपान है : वीरेंद्र चौधरी

- सैयद अहमद ख़ान जनता इंटर कॉलेज में स्मार्ट क्लासरूम का हुआ शुभारंभ

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



बहादुरी बाजार स्थित सैयद अहमद ख़ान जनता इंटरमीडिएट कॉलेज में आज स्मार्ट क्लासरूम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक माननीय वीरेंद्र चौधरी द्वारा फीता काटकर किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक श्री चौधरी ने कहा कि शिक्षा ही विकास का प्रथम सोपान है। विश्व का विकास इतिहास इस बात का प्रमाण है कि जिन देशों की साक्षरता दर उच्च रही, वही देश समृद्धि की ओर अग्रसर हुए हैं। उन्होंने विद्यालय के विकास हेतु अपनी विधायक निधि से आर्थिक सहयोग देने की घोषणा करते हुए कहा कि अपने पौने तीन वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने सर्वाधिक बजट शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र को दिया है। इस अवसर पर उन्होंने मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री विजय सिंह एडवोकेट ने कहा कि संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने कहा था। शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो। उन्होंने विदेशी विश्वविद्यालयों से कानून, अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र की उच्च शिक्षा प्राप्त कर भारतीय समाज को संविधान के माध्यम से समानता, अधिकार और शिक्षा को प्राथमिकता दिलाई। जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने आगे कहा कि शिक्षकों की ओल्ड पेंशन स्कीम बहाली की माँग कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र में पहले से शामिल है, और केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनते ही इसे लागू किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन इंसाफ अली ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अनवर अहमद खान, उप प्रबंधक अबरार अहमद, प्रधानाचार्य वैदुल्लाह खान, प्रधानाचार्य गण लाल सिंह, अरुण पांडे, बबलू यादव, अशरफ अली, प्रधान समशुल ज़हा,डॉ. रामनारायण चौरसिया, राजन शुक्ला, कुंज बिहारी निषाद, निशा देवी, राम केवल साहनी, हनुमान कनौजिया, महेश शर्मा, संतोष जायसवाल, शाहिद सहित बड़ी संख्या में अभिभावक, छात्र-छात्राएँ और स्थानीय गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# प्रदर्शनी में छात्र वैज्ञानिकों ने मचाया धमाल

- विज्ञान, सामाजिक विज्ञान व गणित के सजीव मॉडलों को देखकर अभिभावकों ने खुशी की जाहिर



**महाराजगं, समृद्धि न्यूज।** स्कॉलर्स एकेडमी में अभिभावक शिक्षक सम्मलेन पर आयोजित विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा बनाए एवं प्रदर्शित किए गए मॉडलों को देखकर अभिभावको में प्रसन्नता जाहिर की

प्रदर्शनी समन्वयक शाहनवाज़ खान ने प्रदर्शनी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा मानव हृदय संरचना, परमाणू उर्जा संयंत्र, संवेदी तन्त्रिका तंत्र, त्रिकोणमिति के अनुप्रयोग, कार्बन शुद्धिकरण, हरित क्रान्ति, ग्लोबल वार्मिंग, दुर्घटना प्रबंधन, भूकंप रोधी अलार्म आदि मॉडलों की प्रदर्शनी ने दर्शकों को चौका दिया। इस प्रदर्शनी में नेहा यादव, अनिका अफ़ीफ़ा, नितिन, अंजलि, अदिति, शिवम्, रुपाली दुबे, आलोक, भावना, रागिनी, प्रियंका, शिवम्, विनायक, अभिषेक, प्रियांशु, श्रेया, अंशिका, सिध्दांत, दिप्तांश, नीलम, रूद्र, प्रतीक तथा ऐसे ही 150 से अधिक छात्र-छात्राओं ने बड़े ही रुचि से दर्शकों को समझाया जिसको सुनकर उपस्थित दर्शकगण आश्चर्य रह गए। इस प्रदर्शनी को सफल बनाने में स्टूडेंट कॉउन्सिल तथा हॉउस कॉउन्सिल के छात्रों का विशेष योगदान रहा। इस प्रदर्शनी को विद्यालय प्रबंधक सैयद अरशद ने छात्रों एवं अध्यापकों के मेहनत का उत्कृष्ट नमूना बताते हुए इसके सफल आयोजन के लिए विद्यालय परिवार को बधाई दी। विद्यालय डायरेक्टर अदनान अब्दुल्लाह एवं सीनियर अकादमिक कोऑर्डिनेटर तुफ़ैल खान ने प्रदर्शनी के सह संयोजक उपेंद्र गिरी , विजय मिश्रा एवं छात्रों की प्रशंशा करते हुए कहा कि आज के छात्रों में प्रतिभा की नहीं है अपितु उसे निखारने की ज़रुरत है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्राचार्य डॉ. डी. पी. सिंह ने कार्यक्रम से जुड़े सभी लोगों ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# परीक्षा व्यवस्था को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर, डीएम-एसपी ने किया केंद्रों का निरीक्षण

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित संयुक्त राज्य/ प्रवर अधीनस्थ सेवा (पीसीएस) प्रारंभिक परीक्षा-2025 आज रविवार को पूरे प्रदेश में संपन्न हुआ। महराजगंज जिले में इस परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने पहले से ही व्यापक तैयारियां कर ली थीं।

परीक्षा के दिन जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना स्वयं मैदान में उतरे और जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने दिग्विजय नाथ इंटर कॉलेज (थाना चौक) और शिव जपत सिंह जनता इंटर कॉलेज (भिटौली) जैसे प्रमुख केंद्रों का निरीक्षण किया और केंद्र व्यवस्थापकों से परीक्षा संचालन की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान डीएम और एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में परीक्षा की सुचिता से समझौता नहीं होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से हर गतिविधि पर निगरानी रखी जा रही है।

### पहचान पत्र की हुई जांच

परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड और पहचान पत्र की सख्ती से जांच की गई। प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह से नियमानुसार और व्यवस्थित रही। अधिकारियों ने अभ्यर्थियों से समय पर केंद्र पर पहुंचने और आयोग द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी अफवाह से दूर रहें और किसी असामाजिक गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। सदर तहसीलदार पंकज शाही ने मीडिया से बातचीत में बताया कि पुलिस और प्रशासन के तालमेल से परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित हुई। किसी भी केंद्र से कोई गड़बड़ी या अनुचित गतिविधि की शिकायत नहीं मिली है। प्रशासन द्वारा परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए केंद्रों पर पेयजल, छाया और प्राथमिक चिकित्सा की भी व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा महिला अभ्यर्थियों की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस कर्मियों की विशेष तैनाती की गई थी। अधिकारियों ने यह भी संकेत दिया कि आगामी परीक्षाओं में भी इसी प्रकार की पारदर्शिता और सुरक्षा मानकों को बनाए रखा जाएगा।